आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 79 | उज्जैन, रविवार 05 अप्रैल, 2026 | वैशाख कृष्ण 3 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने एनालिटिकल लर्निंग को मजबूत करने के लिए किया बड़ा बदलाव

## अब सभी छात्रों को स्टैंडर्ड मैथ और साइंस पढ़ना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने एनालिटिकल लर्निंग को मजबूत करने के लिए एक बड़ा बदलाव किया है। बोर्ड ने मैथमेटिक्स और साइंस के लिए अब दो-लेवल का नया स्ट्रक्चर पेश किया है। इसके तहत आगामी 2026-27 के शैक्षणिक सत्र से सामान्य अनिवार्य परीक्षा के साथ-साथ एडवांस्ड और हाई-लेवल असेसमेंट की भी व्यवस्था की गई है। शिक्षा व्यवस्था में यह अहम कदम बोर्ड द्वारा कक्षा 9 से




12 के लिए जारी किए गए नए करिकुलम के तहत उठाया गया है, जिसका सीधा असर लाखों छात्रों की पढ़ाई और परीक्षा के पैटर्न पर पड़ेगा।

सीबीएसई के इस बदले हुए फ्रेमवर्क के अनुसार, अब सभी छात्रों को एक कॉमन सिलेबस के तहत स्टैंडर्ड मैथ और साइंस पढ़ना होगा। इन दोनों विषयों का मुख्य पेपर 80 अंकों का होगा, जिसे हल करने के लिए 3 घंटे का समय दिया जाएगा। इसके अलावा, छात्रों के पास एडवांस्ड मैथ और एडवांस्ड साइंस का पेपर देने का एक शानदार विकल्प भी होगा। यह वैकल्पिक पेपर 25 अंकों का होगा और इसकी अवधि केवल 1 घंटे की होगी। यह एडवांस्ड स्तर का पेपर विशेष रूप से उन छात्रों के लिए डिजाइन किया गया है, जो इन विषयों की बारीकियों को और अधिक गहराई से समझना और भविष्य में इसका लाभ लेना चाहते हैं।

### मार्कशीट पर कैसे दिखेगा असर

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि एडवांस्ड परीक्षा में 50 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले छात्रों की मार्कशीट में एक विशेष नोट दर्ज किया जाएगा, जो उनके एडवांस्ड स्तर को सफलतापूर्वक पूरा करने का प्रमाण होगा। हालांकि, राहत की बात यह है कि ये अंक छात्रों के कुल एग्रीगेट स्कोर (मुख्य प्रतिशत) में नहीं जोड़े जाएंगे। अगर कोई छात्र इस क्वालिफाइंग सीमा को पूरा नहीं कर पाता है, तो उसकी मार्कशीट पर एडवांस्ड स्तर का कोई जिक्र नहीं किया जाएगा, जिससे उस पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह नया दो-स्तरीय ढांचा केवल थ्योरी परीक्षा पर लागू होगा और कक्षा 10 के 20 अंकों के इंटरनल असेसमेंट में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### खत्म होगा पुराना सिस्टम और फेल होने पर मिलेगा यह खास विकल्प

इस बड़े बदलाव के साथ ही सीबीएसई ने 2026-27 से मौजूदा मैथमेटिक्स बेसिक और स्टैंडर्ड सिस्टम को पूरी तरह से बंद करने की भी घोषणा कर दी है। हालांकि, मौजूदा सत्र में कक्षा 10 के छात्र पुरानी योजना के तहत ही अपनी पढ़ाई जारी रखेंगे। इसके साथ ही छात्रों को तनाव से बचाने और एक बड़ी सहूलियत देते हुए बोर्ड ने साफ किया है कि अगर कोई छात्र तीन अनिवार्य विषयों यानी गणित, विज्ञान या सामाजिक विज्ञान में से किसी एक में फेल हो जाता है, लेकिन वह किसी वैकल्पिक विषय में पास है, तो उस वैकल्पिक विषय को फेल होने वाले विषय की जगह बदला जा सकेगा। इस नियम से छात्रों को अपना साल और रिजल्ट सुधारने में बड़ी मदद मिलेगी।

## नासिक जिले में कुएं में कार गिरने से 9 की मौत

सभी एक ही परिवार के, आधी रात को दो क्रेन और तैराकों की मदद से कार और उसमें सवार लोगों को बाहर निकाला

एजेंसी ▶▶ नासिक

महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक कार के कुएं में गिरने से एक परिवार के छह बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार रात करीब 10 बजे डिंडोरी शहर के शिवाजी नगर इलाके में हुआ।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित परिवार एक बैंक्वेट हॉल में फंक्शन में शामिल होने के बाद घर जा रहा था, तभी उनकी कार वेन्यू के पास एक कुएं में गिर गई। लोग मौके पर पहुंचे और आधी रात को दो क्रेन और तैराकों की मदद से कार और उसमें सवार लोगों को बाहर निकाला।



पुलिस के अनुसार, मरने वालों की पहचान सुनील दत्तू दरगुडे (32), उनकी पत्नी रेशमा, एक अन्य महिला आशा अनिल दरगुडे (32) और परिवार के छह बच्चों (पांच लड़कियां और एक लड़का) के रूप में हुई है।

अधिकारी ने कहा कि वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ड्राइवर को कुआं कैसे नहीं दिखा। उन्होंने आगे कहा, हम चश्मदीदों की तलाश कर रहे हैं और घटना के सीसीटीवी फुटेज चेक कर रहे हैं।

उज्जैन में दर्शन कर ग्वालियर जाते समय हादसा

## टायर फटने से खाई में गिरी कार, महिला की मौत, 5 घायल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना

प्रदेश के गुना बायपास पर शनिवार 4 अप्रैल को एक ही परिवार के लोगों से भरी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद करीब 40 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों का जिला अस्पताल गुना में इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार अग्रवाल परिवार उज्जैन से ओंकारेश्वर महादेव के दर्शन कर ग्वालियर में कीर्तन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान गुना बायपास पर सुबह 8 बजे के आसपास अचानक कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकराकर खाई में गिर गई। हादसे के वक्त कार में पांच लोग और एक बच्ची सवार थी, सभी एक ही परिवार के थे, जबकि उनके साथ एक पड़ोसी भी मौजूद था। घायल लोकेश द्विवेदी ने बताया कि हादसा इतना अचानक हुआ कि कुछ समझ ही नहीं आया और आंखों के सामने अंधेरा छा गया। कार उनके भाई चला रहे थे।

## कांग्रेस चाहती है खाड़ी देश भारत को दुश्मन समझें: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरलम के थिरुवल्ला में जनसभा की। उन्होंने कहा कांग्रेस चाहती है कि वेस्ट एशियाई देश भारत को अपना दुश्मन समझें। हम यहां कोई ऐसी गलती कर दें, कोई ऐसा बयान दे दें जिससे खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीयों पर मुसीबत आ जाए, इसलिए कांग्रेस खाड़ी देशों को नाराज करने वाले बयान दे रही है। कांग्रेस चाहती है कि पैनिक फैले और कांग्रेस को मोदी को गालियां देने का मौका मिले। मैं कांग्रेस, यूडीएफ, एलडीएफ के लोगों से कहना चाहता हूं कि राजनीति अपनी जगह पर है, चुनाव आते जाते रहेंगे लेकिन केरलम के लाखों भाई-बहन वहां हैं उनकी सुरक्षा मेरी प्राथमिकता है।

## शशि थरूर के काफिले पर हमला, गनमैन की बेरहमी से पिटाई

एजेंसी ▶▶ मलप्पुरम

केरल के मलप्पुरम जिले में कांग्रेस के दिग्गज नेता और सांसद शशि थरूर के काफिले पर हमले की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यह वारदात शुक्रवार रात उस समय हुई जब थरूर वांडूर के चेल्लितोडु इलाके में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे। खबर है कि कुछ अज्ञात हमलावरों ने न सिर्फ सांसद की गाड़ी को बीच रास्ते में रोका, बल्कि उनके गनमैन के साथ जमकर गाली-गलौज की और बाद में उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इस घटना



के बाद इलाके में भारी तनाव फैल गया है और पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है।

शुरूआती जांच में यह बात निकलकर सामने आई है कि यह पूरा विवाद मामूली बात से शुरू हुआ जो देखते ही देखते हिंसक हमले में बदल गया। बताया जा रहा है कि जिस समय शशि थरूर की कार ट्रैफिक में फंसी थी, उनके ड्राइवर ने आगे निकलने के लिए हॉर्न बजाया था। इस बात से वहां मौजूद कुछ लोग इस कदर भड़क गए कि उन्होंने ड्राइवर और सांसद पर हमला करने की कोशिश की। आरोप है कि हमलावरों ने काफी दूर तक शशि थरूर की कार का पीछा और आगे से रास्ता रोक लिया। जब उपद्रवियों ने सांसद के साथ बदसलूकी करने की कोशिश की, तो गनमैन ने उन्हें बचाने के लिए बीच-बचाव किया, जिसके बाद उन लोगों ने गनमैन को ही अपना निशाना बना लिया और उसे पीटना शुरू कर दिया।


## केरलम में 38% उम्मीदवारों पर आपराधिक केस, 339 करोड़पति

**तिरुवनंतपुरम।** केरलम विधानसभा चुनाव में 38% उम्मीदवारों पर आपराधिक केस दर्ज हैं। इनमें सबसे ज्यादा 72 उम्मीदवार कांग्रेस से हैं। बीजेपी के 59 और सीपीआई(एम) के 51 उम्मीदवार हैं। वहीं, 23% पर हत्या और बलात्कार जैसे गंभीर केस दर्ज हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने विधानसभा चुनाव लड़ रहे कुल 883 में से 863 उम्मीदवारों के एफिडेविट का एनालिसिस कर शनिवार को यह रिपोर्ट जारी की। 339 करोड़पति प्रत्याशी हैं। यानी हर 5 में से 2 उम्मीदवार करोड़पति हैं। 2021 में राज्य के पिछले विधानसभा चुनाव में 27% उम्मीदवार ही करोड़पति थे लेकिन 2026 में यह नंबर बढ़कर 39% हो गया।

## इंदौर में जेईई के छात्र ने किया सुसाइड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में जेईई की तैयारी कर रहे एक छात्र ने सुसाइड कर लिया। घर के जिस कमरे में वह पढ़ाई करता था वहां लगे बोर्ड पर उसने सॉरी लिखा है। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



लसूड़िया टीआई तारेश सोनी ने बताया कि मामला शुक्रवार का है। स्कीम नंबर 78 में रहने वाले तन्मय (18) पिता देवेंद्र यादव ने सुसाइड कर लिया। वह जेईई की तैयारी कर रहा था। उन्होंने बताया कि परिजन से मिली जानकारी के मुताबिक तन्मय की मां हेमलता सरकारी टीचर है, जबकि पिता एक कंपनी में जॉब करते हैं। जबकि उसका बड़ा भाई तीन साल से विदेश में नौकरी कर रहा है।

टीआई ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उसे जेईई की तैयारी और पढ़ाई की टेंशन थी। संभवतः इसके चलते ही उसने यह कदम उठाया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। बेटे को फंदे पर देखा तो परिजन उसे प्राइवेट अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी थी। जिसके बाद शव का एमवाय अस्पताल में पीएम करवाया गया था। मामले में एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि छात्र के मामा रविंद्र मंडलोई ने बताया कि तन्मय ने उनसे कहा था कि जेईई की तैयारी नहीं हो पाएगी, जिसके बाद उसे समझाया था।

मैंगो पेय में होता है असली आम से ज्यादा पीला रंग और शक्कर

## कंपनी के अधिकांश मैंगो पेय में केवल 10 प्रतिशत होती है आम की मात्रा

पीने के पहले बाजार से खुद खरीद कर मिला लेना आम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

ट्रॉपिकाना और रियल कंपनी का मैंगो जूस पीने के पहले उसमें आम जरूर मिला लेना। अगर आपको पता है कि स्लाइस, माजा और फ्रूटी ने कृत्रिम रंग और शक्कर होती है और इससे बचके आप ट्रॉपिकाना और रियल कंपनी का मैंगो जूस पी रहे हैं तो सावधान हो जाएं। अधिकांश मैंगो पेय में होता केवल लगभग 10 प्रतिशत आम।




जहां रियल में केवल 25 प्रतिशत आम का गुदा होता है वहीं ट्रॉपिकाना में केवल 11.7 प्रतिशत आम होता है। जबकि माजा में 18.8 प्रतिशत आम होता है। इन पेय पदार्थों में केवल कृत्रिम रंग और शक्कर होती है। किसी किसी में प्राकृतिक रंग होता है। लेकिन आम की मात्रा ज्यादा नहीं होती। इसलिए जब भी आप इन मैंगो नाम से बिकने वाले पैकेट और बॉटल में ठंडे पेय पदार्थ पिएं तो बाजार से आम खरीद कर खुद मिला लें क्योंकि इनमें से कोई भी कंपनी 20 से 25 प्रतिशत से ज्यादा आम नहीं मिलाती है। इससे यह भी साबित होता है कि आपके पसंदीदा कलाकार भी आपको विज्ञापनों में झूठ बोलने और धोखा देने से पीछे नहीं हटते।

लगातार पांच हफ्तों से जारी अमेरिका और इजराइल के हमलों के बावजूद ईरान की सैन्य क्षमता पूरी तरह खत्म नहीं हुई

## 12 हजार हमले होने के बाद भी ईरान की ताकत अब भी बरकरार

एजेंसी ▶▶ तेहरान

लगातार पांच हफ्तों से जारी अमेरिका और इजराइल के हमलों के बावजूद ईरान की सैन्य क्षमता पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। अमेरिकी खुफिया आकलन, जिसका हवाला सीएनएन ने तीन सूत्रों के जरिए दिया, बताता है कि ईरान के करीब आधे मिसाइल लॉन्चर अब भी सुरक्षित हैं और उसके पास हजारों आत्मघाती ड्रोन मौजूद हैं।

खुफिया रिपोर्ट के अनुसार, कुछ लॉन्चर ऐसे हैं जो हमलों के बाद जमीन के नीचे दब गए हैं या पहुंच से बाहर हो गए हैं, लेकिन नष्ट नहीं हुए। एक सूत्र का कहना है कि ईरान अब भी पूरे क्षेत्र में गंभीर नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखता है। ड्रोन ताकत भी काफी हद तक बची हुई है। अनुमान है कि ईरान की लगभग आधी ड्रोन क्षमता अब भी सक्रिय है। इसके अलावा तटीय रक्षा के लिए इस्तेमाल होने वाली क्रूज मिसाइलें भी बड़ी संख्या में मौजूद हैं, जो होर्मुज में जहाजों के लिए खतरा बनी हुई हैं।



यह तस्वीर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और उनके प्रशासन के दावों से अलग है। ट्रम्प कई बार कह चुके हैं कि ईरान की मिसाइल और ड्रोन क्षमता काफी हद तक खत्म कर दी गई है और उसके हथियार उत्पादन ठिकाने तबाह कर दिए गए हैं।

**अमेरिकी मंत्री बोले- ट्रम्प की छवि खराब कर रहे गुमनाम सूत्र-** व्हाइट हाउस ने इन खुफिया आकलनों पर सवाल उठाते हुए कहा कि गुमनाम सूत्र ट्रम्प की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। सरकार का दावा है कि ईरान की नौसेना लगभग खत्म हो चुकी है, दो-तिहाई सैन्य उत्पादन क्षमता नष्ट हो गई है और अमेरिका तथा इजराइल को हवाई बढ़त हासिल है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी कहा है कि ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों में करीब 90 प्रतिशत की कमी आई है।

### 23 साल बाद दुश्मन ने गिराया अमेरिकी फाइटर जेट, अब तक अमेरिका के 7 विमान तबाह

ईरान जंग के एक महीने बाद ट्रम्प ने 2 अप्रैल को अमेरिकी जनता को संबोधित किया। 19 मिनट के भाषण में उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान की हवाई सेना को तबाह कर दिया है और उनके पास जवाब देने की क्षमता नहीं बची है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अमेरिका का ईरान के आसमान पर कब्जा हो चुका है। उनके विमान तेहरान के ऊपर उड़ रहे हैं और ईरान कुछ नहीं कर पा रहा है। विदेश



मंत्री मार्को रुबियो ने भी ऐसे ही दावे किए। लेकिन हालात अब अलग कहानी बता रहे हैं। पिछले 24 घंटों में अमेरिका के दो सैन्य विमान और सर्च ऑपरेशन में लगे दो ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर ईरान के हमले का शिकार हुए। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक, 23 साल में पहली बार अमेरिकी लड़ाकू विमान दुश्मन की गोलीबारी में गिराए गए। इससे पहले 2003 में इराक युद्ध के दौरान ऐसा हुआ था।

### ईरान के बुशहर में न्यूक्लियर प्लांट के पास हमला

- ईरान के बुशहर में शनिवार को न्यूक्लियर पावर प्लांट के पास हमला हुआ है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लांट के पास एक प्रोजेक्टाइल गिरा, जिससे एक सुरक्षा कर्मी की जान चली गई। वहीं इजराइल ने ईरान के दक्षिणी खुजेस्तान प्रांत में महशहर पेट्रोकेमिकल स्पेशल इकोनॉमिक जोन पर हमला किया है। फार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, इस इलाके में कई विस्फोट हुए, जिसके बाद घटनास्थल से धुआं उठता हुआ देखा गया।
- इजराइल के सुरक्षा सूत्रों ने भी पुष्टि की है कि ये हमले उसकी वायुसेना ने किए हैं। इस हमले में तीन कंपनियों को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट के अनुसार, हमलों में पांच लोग घायल हुए हैं।

## देश विदेश

### केदारनाथ में भारी बर्फबारी, अटल टनल बंद, यूपी में बिजली गिरने से 5 मौतें

**देहरादून।** गर्मी के मौसम में देश के उत्तरी और पश्चिमी राज्यों में बारिश, ओले और बर्फबारी हुई। केदारनाथ में शनिवार को बर्फबारी के बाद पूरा इलाका सफेद हो गया। रोहतांग दर्रे के पास भारी हिमपात की वजह से अटल सुरंग बंद कर दी गई है। इधर, लाहौल स्पीति के ऊंचे पहाड़ों पर बर्फबारी जारी है। हिमाचल की राजधानी शिमला में भी शनिवार को तेज तूफान के साथ हल्की बारिश हुई। राजस्थान में शुक्रवार को रेगिस्तानी जिले जैसलमेर-बीकानेर में जमकर ओले गिरे। अजमेर-ब्यावर में आंधी से पेड़ गिर गए और टीनशेड उड़ गए। अगले तीन दिन ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश की कोसीकला अनाज मंडी में 10 हजार बोरियों में रखा 5 हजार क्विंटल गेहूं बारिश में भीग गया। इससे पहले राज्य में अलग-अलग जगह बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो चुकी है। दिल्ली, पंजाब सहित 11 राज्यों में शनिवार को तेज बारिश का अलर्ट है।

### पाकिस्तान में मंत्रियों को 6 महीने सैलरी नहीं मिलेगी

**लाहौर।** पाकिस्तान में इजराइल-अमेरिका की ईरान से जंग का असर दिख रहा है। वहां अगले 6 महीने तक मंत्रियों का वेतन रोक दिया गया है। दो दिन पहले पेट्रोल 137 रुपए और डीजल 184 रुपए महंगा किया गया था। हालांकि, देशभर में विरोध हुआ तो शुक्रवार को सरकार ने पेट्रोल 80 रुपए सस्ता कर दिया। अब पाकिस्तान में पेट्रोल 378 रुपए प्रति लीटर मिलेगा। डीजल बढ़ी हुई कीमत 520.35 रुपए प्रति लीटर पर ही मिलेगा। बढ़ती महंगाई और आर्थिक संकट से निपटने के लिए शहबाज शरीफ ने कड़े उपायों का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि पहले कैबिनेट मंत्रियों की 2 महीने की सैलरी रोकने का फैसला लिया गया था, लेकिन अब मंत्रियों को अगले 6 महीने तक वेतन नहीं मिलेगा। शुक्रवार आधी रात को राष्ट्र को संबोधित करते हुए पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि सरकार ने जनता पर बोझ कम करने के लिए पेट्रोल टैक्स को 80 रुपए घटाने का फैसला किया है।

### नागिन 7 सीरियल बंद हो सकता है




कमजोर कहानी और एआई के इस्तेमाल से गिरी टीआरपी एकता कपूर बोलीं- बजट कम है इसलिए सहारा लिया

**मुंबई।** एकता कपूर का सुपरनैचुरल शो 'नागिन 7' शुरू होने के महज 3 महीने बाद ही बंद हो सकता है। भारी टीआरपी साथ शुरू हुए इस शो की रेटिंग अब लगातार गिर रही है। इसके पीछे कमजोर कहानी और विजुअल इफेक्ट्स में एआई के ज्यादा इस्तेमाल को मुख्य वजह माना जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह शो जल्द ही बंद हो सकता है। मेकर्स ने 25 दिसंबर 2025 को नागिन 7 का प्रीमियर किया था। शुरूआत में शो को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और पहले ही एपिसोड ने टीआरपी के पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। शुरूआती दो महीनों तक शो ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन इसके बाद कहानी और प्रेजेंटेशन को लेकर दर्शकों की दिलचस्पी कम होने लगी। शो में वीएफएक्स की जगह एआई तकनीक के इस्तेमाल ने मेकर्स की मुश्किलें बढ़ा दीं। एकता कपूर ने बजट बचाने के लिए एआई के जरिए विजुअल्स तैयार करवाए, जिसे सोशल मीडिया पर 'सस्ता और खराब' बताकर ट्रोल किया गया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए एकता ने कहा था कि उनके पास शो के लिए ज्यादा बजट नहीं है, इसलिए वे इस तकनीक का सहारा ले रही हैं। हालांकि, आज की समझदार ऑडियंस और 'जेन-जी' को यह प्रयोग रास नहीं आया। शो की लीड एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी की परफॉर्मेंस भी फैंस की कसौटी पर खरी नहीं उतर पाई। दर्शकों ने सोशल मीडिया पर उनकी तुलना मौनी रॉय और अदा खान जैसे 'नागिन' के पुराने चेहरों से शुरू कर दी। फैंस का मानना है कि मौनी रॉय का इस शो में मेन रोल था और प्रियंका वह जादू पैदा नहीं कर सकीं। इसी नाराजगी का असर टीआरपी पर दिखा और शो टॉप 10 की लिस्ट से बाहर हो गया।

### तेज रफ्तार कार नहर में समाई मुंबई के 3 लोगों की दर्दनाक मौत

**पंढरपुर।** महाराष्ट्र के पंढरपुर क्षेत्र से एक बेहद दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। शनिवार तड़के मालशिरस तहसील में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सीधे नीरा दाहिनी नहर में जा गिरी। इस भीषण सड़क हादसे में कार में सवार तीन लोगों की पानी में डूबने से मौके पर ही मौत हो गई। शुरूआती जांच में यह बात सामने आई है कि कार चला रहे व्यक्ति को अचानक नींद की झपकी आ गई थी, जिसके कारण स्टीयरिंग से उसका नियंत्रण हट गया और यह खौफनाक हादसा हो गया। मरने वाले सभी लोग मुंबई के रहने वाले थे और इस घटना के बाद उनके परिवारों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार मुंबई से मालशिरस की ओर जा रही थी।

### झाड़-फूंक के लिए जा रहे 3 लोगों की मौत, कार 50 फीट नीचे गिरी

**पटना।** बिहार के बांका जिले में जिलेबिया मोड़ थाना क्षेत्र के पास शनिवार सुबह कार और बाइक की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा जिलेबिया मोड़ के समीप देवघर-सुल्तानगंज मुख्य मार्ग पर हुआ। घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायलों को पास के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। सड़क हादसे में जान गंवाने वाले तीनों लोग बांका जिले के फुल्लीडूमर थाना क्षेत्र के बनरझोंप गांव के निवासी थे। उनकी पहचान रूपेश कुमार (28), सुरेन साह (46) और बालेश्वर साह उर्फ गुलो साह (59) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, तीनों बाइक से जिलेबिया मोड़ से संग्रामपुर की ओर जा रहे थे और मटिहानी गांव में झाड़-फूंक कराने के लिए निकले थे।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### बराबर मिलते रहे भविष्य से...




हर बार शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में एक परंपरा का निर्वहन हमारी आदत बन चुकी है। पिछले कुछ वर्षों में हमारे सरकारी शैक्षणिक स्थलों में काफी अच्छा सुधार आया है लेकिन अब भी उसे उस स्तर का नहीं कहा जा सकता है जो कि निजी स्कूलों का है। वह जब तक नहीं हो सकता है जब तक की मानसिक एवं आत्मिक रूप से उस जिम्मेदारी का स्वीकार नहीं कर लिया जाता है। तीन दिवसीय आयोजन में तमाम अफसर एवं जनप्रतिनिधियों ने एक दिन के लिए भविष्य के साथ भेंट कर ली। बच्चों से बातें हुई और खुद भी अपनी बातें कहीं और सूनी। यह प्रक्रिया मासिक की जाना चाहिए। स्कूलों में सुझाव एवं शिकायत की गोपनीय बाक्स लगाए जाना चाहिए जिसमें की बच्चे अपनी बात लिखकर डाल सकें। इस बाक्स को खोलने की स्थिति भी अत्यंत गोपनीय और जिला अधिकारी के समक्ष ही होना चाहिए। इसके साथ ही पढाई के स्तर को भी उंचा उठाने के लिए नए नए तरीकों पर काम किया जाना आवश्यक है। समाज में विद्या के व्यवसाय में निरंतर वृद्धि को देखते हुए गरीब एवं अमीर छात्रों में खाई बढने की स्थिति में मात्र कुछ स्कूलों को स्मार्ट बनाने और कुछ कक्षों को स्मार्ट बनाने की बजाय सभी स्कूलों को स्मार्ट बनाना अब बहुत ही आवश्यक हो गया है। इसके लिए भविष्य से भेंट करने वालों को अपने बच्चों को भी इन स्कूलों का रूख करवाना पडेगा,जिससे वे सीधे तौर पर इनसे जुडे रहें। ये सही है कि भविष्य से भेंट करने पहुंचे अधिकांश लोग इन्हीं शासकीय स्कूलों में सुविधा अभाव में ही पढे और आज वर्तमान की स्थिति तक पहुंचे हैं। खुसूर-फुसूर है कि विद्या दान अब एक प्रबंधकीय रूप में आ चुका है। अत्याधुनिक तरीके इसमें इस्तेमाल किए जा रहे हैं। ऐसे में शासकीय स्कूलों में जिस तेजी के साथ व्यवस्था और शैक्षणिक स्तर में बदलाव आना चाहिए वह समय से कुछ पीछे है। धीरे-धीरे इसमें सुधार की स्थिति बराबर आगे बढ रही है। भविष्य से भेंट को भी रोचक बनाया जाना चाहिए।

### अभिनेता अतुल श्रीवास्तव ने किए महाकाल दर्शन



**उज्जैन।** प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अतुल श्रीवास्तव ने श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन किए।

### ट्रैंडिंग




क्षेत्र में श्रद्धालुओं की संख्या से व्यवसाय में तेजी आई, दो मंजिला स्मार्ट पार्किंग में वाहन भी फूल

# महाकाल क्षेत्र के व्यवसाय में तेजी, अवकाश में बढ़े श्रद्धालु

## होटल, होम स्टे में भी अच्छी खासी बुकिंग बढी, नाश्ता, खाना की दुकानों में भी व्यवसाय तेज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

तीन दिन अवकाश के चलते भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढने से क्षेत्र के व्यवसाय में तेजी बताई जा रही है। सामान्य दिनों में जहां डेढ झलाख श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस संख्या से वर्तमान में अवकाश का आंकडा बढा है। मंदिर समिति के फैले हुए प्रांगण एवं बेरिकेडस से श्रद्धालुओं को सुविधाजनक दर्शन हो रहे हैं।



### वीआईपी का दौरा भी बढा

शहर में चल रहे आयोजनों के दौर में मंदिर में दर्शन करने आने वाले वीआईपी की संख्या में भी एक दम से ईजाफा हुआ है। प्रदेश के साथ अन्य प्रदेशों के मंत्री एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों की संख्या में भी पिछले दो दिनों से बढी हुई है।

### व्यवस्थाओं के विस्तार के समक्ष संख्या कम

इधर यह सामने आया कि श्रद्धालुओं की संख्या बढने के बावजूद मंदिर समिति के श्रद्धालुओं के लिए खडे रहने एवं बेरिकेडस में खडे रहने की पर्याप्त क्षेत्र होने से कोई खास फर्क नहीं पडता है। सामान्य दिनों में डेढ- दो लाख श्रद्धालुओं के दर्शन के दौरान श्रद्धालु चलते हुए ही भगवान के सामने पहुंच जाते हैं उन्हे कहीं भी रूकना नहीं पडता है। इसकी अपेक्षा शनिवार को श्रद्धालुओं की कतार को रोक-रोक कर चलाने की स्थिति बेरिकेडस में बन रही थी।

> ग्रीष्म अवकाश आने की स्थिति में श्रद्धालु बढेंगे। हमने तैयारी पूरी कर रखी है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं।
>
> -प्रथम कौशिक, प्रशासक, श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति, उज्जैन

### बाजार में भी आयी तेजी

तीन दिनी अवकाश में मंदिर क्षेत्र के बाजार में भी तेजी देखी जा रही है। मंदिर क्षेत्र में स्मार्ट पार्किंग भी बराबर भरी हुई चल रही है। उसके साथ ही मंदिर क्षेत्र की होटलों एवं होम स्टे में बराबर बुकिंग पहुंच रही है। यही नहीं जलपान एवं खान पान की दुकानों पर भी बराबर भीड बनी हुई है।

### तीन दिन में पहुंचे 5 लाख श्रद्धालु

शनिवार देर रात तक पिछले तीन दिनों में मंदिर में दर्शनों के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का आंकडा करीब 5 लाख के आसपास जा रहा है। मंदिर प्रबंध समिति के हेड काउंटेबिल स्थिति में शनिवार रात 8 बजे तक 4.82 हजार के लगभग यह आंकडा था।

| दिन | श्रद्धालुओं की संख्या |
|---|---|
| 2अप्रेल | 147854 |
| 3अप्रेल | 154643 |
| 4अप्रेल | 178942 |

स्त्रोत- श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति,उज्जैन

# रोड चौड़ीकरण में शत प्रतिशत रूप से प्रभावित परिवारों को भूखंड दिए जाएंगे- महापौर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व को दृष्टिगत रखते हुए शहर के प्रमुख मार्गों एवं आंतरिक मार्गों का चौड़ीकरण किया जा रहा है जिसमें शत प्रतिशत रूप से प्रभावित परिवार जिनके पूरे मकान चौड़ीकरण के अंतर्गत जा रहे हैं ऐसे प्रभावित परिवारों को नगर निगम द्वारा पंवासा में निगम की भूमि पर ईडब्ल्यूएस कालोनी विकसित करते हुए भूखंड आवंटित किए जाएंगे इस हेतु शनिवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा निगम अधिकारियों के साथ कॉलोनी निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए रोड निर्माण के कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान निगम अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई की नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 09 करोड़ की लागत से पंवासा में कॉलोनी का विकास किया जा रहा हैं जिसमें मूलभूत सुविधाएं रोड नाली, पाथवे, पेयजल सप्लाई, पानी की टंकी, प्रकाश व्यवस्था, बाउंड्री वॉल, उद्यान, इत्यादि विकसित किए जा रहे हैं, उक्त भूमि 6 हेक्टर क्षेत्रफल में फैली हुई है जिसमें लगभग 384 भूखंड आवंटित किए जा सकते हैं प्रत्येक भूखंड की साइज 13 बाय 30 = 390 स्क्वायर फिट रहेगी।

महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा कहा कि नगर निगम द्वारा पहली बार एक सुव्यवस्थित कॉलोनी को विकसित किया जा रहा है जिसमें सभी मूलभूत सुविधा रहेगी मार्ग चौड़ीकरण कार्य अंतर्गत जिनके भवन पूर्णतया प्रभावित हो रहे हैं उन्हें बेघर नहीं होने दिया जाएगा मध्य प्रदेश शासन की मंशा अनुसार प्रभावित परिवारों को नगर निगम द्वारा सुव्यवस्थित कॉलोनी में भूखंड की सौगात दी जाएगी, कॉलोनी में 02 मार्ग रहेंगे पहले मक्सी रोड से गरोठ हाईवे एवं दूसरा मार्ग पंचकोशी रोड से कॉलोनी को कनेक्ट किया जाएगा।

# फार्मा इंडस्ट्री में शटडाउन का खतरा मंडरा रहा

## पैरासिटामोल, एजिथ्रोमाइसिन, शुगर और बीपी की दवाएं महंगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अब शहर के लोगों को दवाई महंगी मिल रही है। जो जानकारी प्राप्त हुई है उसके अनुसार मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के कारण चीन से आने वाले एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रेडिएंट्स की सप्लाई बाधित होने और गैस की कीमतों में बढ़ोतरी से प्रदेश की फार्मा इंडस्ट्री में शटडाउन का खतरा मंडरा रहा है। फार्मा इंडस्ट्री में लगने वाले रॉ मटेरियल के रेट में 30 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हुई है। इन बढ़े हुए रेट में भी रॉ मटेरियल की सप्लाई नहीं हो पा रही है, जिससे फार्मा यूनिट्स में काम बंद होने की नौबत आ गई है। एमपी की 300 फार्मा यूनिट्स में अब तीन शिफ्ट की जगह सिर्फ एक ही शिफ्ट में दवाओं का प्रोडक्शन हो रहा है। नजीता यह है कि रोजमर्रा में काम आने वाली पेरासिटामोल, एजिथ्रोमाइसिन, शुगर और बीपी की दवाएं महंगी हो गई हैं।

इंडियन ड्रग्स मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन मप्र के सचिव डॉ. अनिल सबरवाल ने बताया कि ड्रग्स में रॉ मटेरियल महंगा होने के कारण प्रोडक्शन रेट बढ़ाना मजबूरी हो गया है। सरकार का डीपीसीओ यानी ड्रग एंटरप्राइजेज कंट्रोल अथॉरिटी है, उसने एक प्राइज दे रखा है कि आप किसी चीज को तय रेट से ज्यादा महंगा नहीं बेच सकते हैं। अब ओवरहेड खर्चे बढ़ गए हैं। 15 रुपए में 10 गोली का प्रोडक्शन कॉस्ट ही नहीं आ रहा है। ऐसे में सरकार 20 से 25 प्रतिशत रेट बढ़ाने का रिलेक्शन देती है, जो पहले ही दे चुकी है। फार्मा इंडस्ट्री को मिडिल ईस्ट तनाव के कारण रॉ मटेरियल और पैकेजिंग सामग्री की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। सप्लाई चेन बाधित है, लागत में वृद्धि हो रही है और इंजेक्टेबल दवाओं के निर्माण के लिए आवश्यक गैस की भी कुछ स्थानों पर कमी देखी जा रही है। फार्मा इंडस्ट्री के सबरवाल ने बताया कि पेट्रोकेमिकल का सबसे बड़ा इम्पैक्ट प्लास्टिक इंडस्ट्री के बाद किसी पर आता है तो वह फॉर्मा इंडस्ट्री है। पेट्रोकेमिकल से प्रोपलीन ग्लाइकोल, पीजी 400, पीजी 6000, पीजी 5000, एसीटोन, एमडीसी, आईसो प्रोपाइल पेट्रोकेमिकल से बनते हैं। पेट्रोकेमिकल से बने रॉ मटेरियल के प्रोडक्ट के बिना बनी दवाएं सांस भी नहीं ले सकती हैं। इन सभी का उपयोग दवाओं को साफ करने, फिनिश करने और पालिशिंग के लिए किया जाता है। इंप्योरिटीज को अलग करने के लिए इन रॉ मटेरियल की जरूरत पड़ती है। फार्मा इंडस्ट्री के एक्सपर्ट का कहना है कि आने वाले समय में एम्पुल यानी कांच की बोटल जिसमें इंजेक्शन लगाने की दवाई पैक की जाती है, उसको लेकर समस्या बढ़ेगी। इंजेक्शन बनाने वाली कंपनियों को एलपीजी गैस की सप्लाई सुचारू नहीं होने के कारण दिक्कत आ रही है। इंजेक्शन बनाने के लिए जो लॉकिंग की जाती है वह एलपीजी से ही हो पाती है।



### रॉ मटेरियल की सप्लाई रुकी

फार्मा इंडस्ट्री में दवाओं के उत्पादन के लिए सबसे ज्यादा रॉ मटेरियल चीन से आता है। वर्तमान में चीन से आने वाले रॉ मटेरियल की सप्लाई चैन पूरी तरह से टूट गई है। चीन से आने वाले रॉ मटेरियल जैसे डाइक्लोफेनेक, एमाक्सी, एजिथ्रोमाइसिन, पैरा-एमिनो फेनोल एम्पीसिलिन, पेनिसिलिन सहित अन्य ड्रग साल्वेंट की सप्लाई पूरी तरह से रुक गई है।

# पुलिसकर्मियों को जूते दे रहे दिक्कत, कमर-एड़ी-घुटनों और गर्दन में हो रहा असहनीय दर्द

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश में पुलिसकर्मियों के आधिकारिक लिबास में जूते भी अनिवार्य रूप से शामिल किए गए हैं पर इनकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। इससे पुलिसकर्मियों की परेशानी बढ़ गई है। उन्हें दिए गए जूते ज्यादा ठोस हैं जोकि पुलिसकर्मियों को भारी पड़ रहे हैं। उनकी कमर से लेकर गर्दन तक में असहनीय दर्द हो रहा है। उज्जैन में पुलिसकर्मियों के वेलनेस कैंप में यह समस्या सामने आई जहां अधिकांश महिला पुलिसकर्मी ने दर्द की शिकायत की। विशेषज्ञों का कहना है कि रिजिड सोल व कम कुशनिंग वाले फुटवियर के कारण ये परेशानियां पैदा हो रहीं हैं। इसने न केवल शरीर के बायो मैकेनिक्स प्रभावित हो रहे हैं बल्कि मस्कुलोस्केलेटल डिसऑर्डर का खतरा भी बढ़ रहा है। लंबी ड्यूटी के कारण लगातार जूते पहनना मजबूरी होती है जिससे दर्द बढ़ रहा है।



एक्सपर्ट बताते हैं कि पुलिसकर्मियों की परेशानी खत्म करने के लिए उन्हें इंटरनेशनल मानकों के अनुरूप जूते दिए जाने चाहिए।

लंबी ड्यूटी के दौरान पहने जाने वाले कठोर जूते पुलिसकर्मियों के लिए परेशानी खड़ी कर रहे हैं। उज्जैन पुलिस लाइन में लगे वेलनेस कैंप में यह समस्या सामने आई है। कैंप में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी कमर, एड़ी, घुटनों और गर्दन के दर्द की शिकायत लेकर पहुंचे। इनमें अधिकांश महिला पुलिसकर्मी शामिल थीं।

### रिजिड सोल व कम कुशनिंग वाले फुटवियर शरीर के बायोमैकेनिक्स को प्रभावित करते हैं

विशेषज्ञों की मानें तो रिजिड सोल व कम कुशनिंग वाले फुटवियर शरीर के बायोमैकेनिक्स को प्रभावित करते हैं। इनसे कई परेशानियां पैदा होती हैं। मस्कुलोस्केलेटल डिसऑर्डर का खतरा बढ़ता है। 10 से 12 घंटे तक खड़े रहने या पैदल गश्त करने से पैरों की प्राकृतिक शॉक अब्सॉर्ब करने की क्षमता कम होती है। प्लांटर फेशिआइटिस, घुटनों पर दबाव और रीढ़ पर अतिरिक्त लोड बढ़ता है।

# शा. उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय तालोद में 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम का आयोजन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय तालोद जिला उज्जैन में आज दिनांक 04/04/2026 शनिवार को ₹भविष्य से भेंट₹ कार्यक्रम का आयोजन माननीय जिलाधीश महोदय उज्जैन के निदेर्शानुसार संस्था में किया गया, इस कार्यक्रम में भेंट हेतु डॉक्टर पायल जोशी कनिष्क रेशम निरीक्षक उज्जैन संस्था में उपस्थित हुई। उनके द्वारा विद्यार्थियों से भेंट की गई एवं उन्हें प्रेरणास्पद कहानी एवं अपनी सफलता के तरीकों से अवगत कराया।साथ ही उनके द्वारा विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप शिक्षण सामग्री भी भेंट की गई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य एन.के. शर्मा एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित हुए एवं कार्यक्रम पश्चात आभार प्रदर्शन सुश्री ज्योति वालुस्कर उ मा शि द्वारा ज्ञापित किया गया।

## खुलेंगे कुछ राशि के जातकों के लिए तरक्की के द्वार और धन लाभ के योग

# भगवान विष्णु के प्रिय वैशाख में इनकी पलटेगी किस्मत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र पूर्णिमा के समापन के साथ ही पवित्र वैशाख माह का शुभारंभ हो गया है। 3 अप्रैल से शुरू हुआ यह भक्ति और पुण्य का महीना 1 मई 2026 तक चलेगा। शास्त्रों में इसे 'माधव मास' कहकर संबोधित किया गया है, जो भगवान श्री हरि विष्णु को अत्यंत प्रिय है।

ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, इस पूरे महीने ग्रहों की स्थिति कुछ विशेष राशियों के लिए 'कुबेर का द्वार' खोलने वाली साबित होगी। आइए जानते हैं किन जातकों के जीवन में इस वैशाख खुशियों का अमृत बरसने वाला है:



### मेष राशि: आत्मविश्वास और संपत्ति का योग

वैशाख का महीना मेष राशि के जातकों के लिए उपलब्धियों भरा रहेगा। ग्रहों के शुभ प्रभाव से आपके भीतर गजब का आत्मविश्वास देखने को मिलेगा।

**आर्थिक पक्ष:** यदि आप लंबे समय से वाहन या नई प्रॉपर्टी खरीदने का विचार कर रहे थे, तो इस माह योग प्रबल हैं।

**करियर:** नौकरीपेशा जातकों के लिए प्रमोशन के द्वार खुल सकते हैं, वहीं व्यापारियों को निवेश से बड़ा मुनाफा होने की उम्मीद है।

**विशेष फल के लिए:** प्रतिदिन तांबे के लोटे से सूर्य देव को अर्घ्य दें।

### वृषभ राशि: शुक्र का साथ और भौतिक सुख

वृषभ राशि के जातकों के लिए यह महीना 'गोल्डन पीरियड' जैसा है। 19 अप्रैल को सुख-सुविधाओं के स्वामी शुक्र अपनी स्वराशि वृषभ में प्रवेश करेंगे।

**तरक्की:** 14 मई तक की यह अवधि आपके करियर में नए मील के पत्थर स्थापित करेगी। रचनात्मक (उ३ीं३५ी) क्षेत्र से जुड़े लोगों को मान-सम्मान और धन दोनों प्राप्त होंगे।

**धन लाभ:** आय के नए स्त्रोत बनेंगे और घर में सुख-साधन बढ़ेंगे।

**विशेष फल के लिए:** शिवलिंग पर पंचामृत चढ़ाएं और भगवान विष्णु को तुलसी दल अर्पित करें।

### मिथुन राशि: रुके हुए कार्यों को मिलेगी गति

मिथुन राशि के जातकों के लिए वैशाख माह मानसिक शांति और विजय लेकर आया है।

**सफलता:** आपके जो काम पिछले कई महीनों से अटके हुए थे, वे अब तेजी से पूरे होंगे। प्रेम संबंधों के लिहाज से भी यह समय काफी मधुर रहने वाला है।

**करियर:** प्रोफेशनल लाइफ में आप नई ऊंचाइयों को छुएंगे।

**विशेष फल के लिए:** भगवान विष्णु की आराधना करें और 'विष्णु सहस्त्रनाम' का पाठ करना न भूलें।

### कुंभ राशि: व्यापार में बड़ी छलांग

कुंभ राशि के जातकों, विशेषकर व्यापारियों के लिए यह महीना विशेष फलदायी रहने वाला है।

**कारोबार:** व्यापार विस्तार के लिए किया गया निवेश अब सुखद परिणाम देगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, जिससे आप कठिन निर्णय आसानी से ले पाएंगे।

**सावधानी:** हालांकि आमदनी अच्छी रहेगी, लेकिन सितारों की सलाह है कि अपने फिजूलखर्चों पर लगाम कसें।

**विशेष फल के लिए:** शनिवार को शनि चालीसा का पाठ करें और चींटियों को आटा-चीनी खिलाएं।

### वैशाख माह का आध्यात्मिक महत्व

धर्मशास्त्रों के अनुसार, वैशाख माह में जल दान, छायादार वृक्ष लगाना और तर्पण करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इस पूरे महीने सूर्योदय से पूर्व स्नान और भगवान मधुसूदन की पूजा करने से जन्म-जन्मांतर के पापों का नाश होता है।

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर




## न्यूज ब्रीफ

### स्कूलों में क्लास लेने पहुंचे कलेक्टर, अधिकारी भी की ड्यूटी

इंदौर। इंदौर समेत प्रदेशभर में 1 अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरूआत हो गई है। स्कूलों में पहले दिन विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान बाल सभाओं का आयोजन हुआ। साथ ही छात्रों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया।अब ह्यस्कूल चलें हमह्न अभियान के तहत 4 अप्रैल को प्रदेशभर के स्कूलों में कलेक्टर समेत प्रशासनिक अधिकारी कक्षाएं लेने पहुंचे। इंदौर जिले में 162 प्रशासनिक अधिकारी सरकारी स्कूलों में पहुंचे। इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा प्रताप नगर स्थित आश्रम क्रमांक-2 में विद्यार्थियों से संवाद किया। राजधानी भोपाल में 102 स्कूलों में 102 अधिकारी छात्रों के साथ चर्चा की।

### लोगों ने की टूटे चैंबर और खराब काम की शिकायत

इंदौर में विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव सख्त नजर आए। वार्ड क्रमांक-82 के दौरे के दौरान लोगों ने टूटे चैंबर और घटिया निर्माण की शिकायत की, जिस पर महापौर ने तुरंत जांच के आदेश दिए और दोषी ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी दी। शनिवार को महापौर अपने गृहक्षेत्र वार्ड-82 पहुंचे और यहां चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। कई जगहों पर काम की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होंने संबंधित ठेकेदारों के कार्यों की जांच कराने के निर्देश दिए। महापौर ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने कई स्थानों पर टूटे चैंबर और खराब निर्माण की शिकायत की। महापौर ने इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित ठेकेदारों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

### कलेक्टर के निर्देश पर रेस्टोरेंटों से 7 खाद्य नमूने जांच हेतु लिए

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार जिले में आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में एक उपभोक्ता द्वारा प्राप्त शिकायत के आधार पर शिकायतकर्ता से दूरभाष पर विस्तृत चर्चा कर तथ्यों की पुष्टि की गई तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा हार्ड कैसल रेस्टोरेंट प्राइवेट लिमिटेड (मैकडॉनल्ड), ए.बी. रोड, राजेंद्र नगर, राऊ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा बताई गई खाद्य सामग्री के आधार पर वेज पिज्जा मैक पफ, बर्गर बन तथा एडिबल आइस (खाद्य बर्फ) के नमूने जांच हेतु संकलित किए गए।

इसी क्रम में श्री कृष्ण फूड कंपनी (ओये पाप्पे फैमिली रेस्टोरेंट), ए.बी. रोड, राजेंद्र नगर का निरीक्षण कर पनीर, तुअर दाल, राजमा एवं चावल के कुल 04 नमूने जांच हेतु लिए गए। इस प्रकार आज की कार्रवाई में कुल 07 खाद्य नमूने जांच हेतु संकलित किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संबंधित खाद्य कारोबार संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियमों के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्हें खाद्य निर्माण एवं भंडारण क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य पदार्थों को सुरक्षित तापमान पर रखने, कर्मचारियों द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन करने, स्वच्छ पेयजल एवं खाद्य-ग्रेड बर्फ का उपयोग करने तथा कच्चे एवं पके खाद्य पदार्थों के पृथक भंडारण के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।

### निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाने का किया आग्रह

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ला के इन्दौर प्रवास पर उनसे स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। श्री सिलावट ने सिंहस्थ महापर्व को देखते हुए एमवाय हॉस्पीटल और जिला हॉस्पीटल के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाने का आग्रह किया। बेहतर आवागमन और स्वास्थ्य सुविधा होने के कारण हजारों मरीज प्रतिदिन आते हैं। एमवाय हॉस्पीटल में प्रतिदिन पांच हजार से ज्यादा मरीज आते हैं और स्वास्थ्य लाभ लेते हैं। हॉस्पीटल में भवन और बेड की कमी होने पर मरीजों को असुविधाओं का सामना करना पडता है मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि एमवाय हॉस्पीटल में विकास के लिए शासन द्वारा लगभग 775 करोड़ रुपए के विकास कार्यों तथा हॉस्पीटल के उन्नयन एवं मरीजों के स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु स्वीकृत किये गए हैं।

### विशेष शिक्षकों और केयर गिवर्स के सेवाभाव को मिला सम्मान

**इंदौर।** विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर सामाजिक न्याय विभाग के सौजन्य से विशेष बच्चों के लिए कार्यरत संस्था अरुणाभ ने विशेष शिक्षकों और केयर गिवर्स को उनके उत्कृष्ट सेवाभाव, समर्पण और योगदान के लिए दिव्यांग सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उद्योगपति विनय पिंगले, सक्षम की राष्ट्रीय सहसचिव स्वाति धारे तथा सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक पवन चौहान और शैलेंद्र सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

---

### भारतीय किसान संघ की 6 अप्रैल को आंदोलन की तैयारी

# समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी का अभी भी इंतजार

## उज्जैन मंडी में करीब तीन लाख क्विंटल गेहूं इस सीजन में बिक चुका है

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



सरकार समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए समर्थ नहीं दिखाई दे रही है। बीते एक माह मे दो से तीन बार तारीख बढ़ाकर अब 10 अप्रैल से खरीदी बात की जा रही है। जबकि बीते दो माह से जिले की कृषि मंडियों में किसानों का लाखों क्विंटल नया गेहूं ओने पौने भाव में बिक चुका है। इससे किसानों में आक्रोश है।

किसान संघ का कहना है कि तारीख बढ़ाए जाने से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। बता दें उज्जैन मंडी में करीब तीन लाख क्विंटल गेहूं इस सीजन में बिक चुका है। इसमें से 75 फीसदी गेहूं 2200 से 2500 रुपये क्विंटल के भाव में बिका है। यही गेहूं समर्थन मूल्य पर 2625 रुपये प्रति क्विंटल में बिकता। ऐसे में किसानों का लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। भारतीय किसान संघ के भारत सिंह बैस ने कहा कि सरकार समर्थन मूल्य पर खरीदी को लेकर टालमटोल कर रही है। जिससे किसानों काफी नुकसान हो रहा है। हम 6 अप्रैल को प्रदेशव्यापी आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। अभी भी सरकार की खरीदी को लेकर समुचित व्यवस्था नहीं दिखाई दे रही है। ऐसे में सरकारी तोल कांटे पर अपनी गेहूं बिक्री के लिए किसानों के परेशान होने की संभावना है। हालांकि सरकारी अधिकारी इस मामले में स्पष्ट कह रहे हैं कि सरकार 10 अप्रैल से समर्थन पर गेहूं खरीदी करेगी।

### शरबती गेहूं 4171 रुपये क्विंटल बिका, आवक 55 बोरी

उज्जैन कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को गुड फ्रायडे का अवकाश होने के बावजूद व्यापारी संघ की सहमति से मंडी समिति ने मंडी संचालन जारी रखा। नीलामी में 18 हजार बोरी गेहूं की आवक दर्ज की गई। 55 बोरी शरबती गेहूं भी बिकने हेतु आया, जो नीलामी में 4171 क्विंटल बिक गया। इन दिनों जिले में अधिकांश क्षेत्र में गेहूं कटकर तैयार हो गया है। मंडी में आवक भी अच्छी होने लगी है।



शुक्रवार उज्जैन मंडी में 18 हजार बोरी गेहूं बिक्री हेतु आया। कारोबार करीब 4.50 करोड़ रु. का हुआ। बैंक अवकाश के चलते अधिकांश व्यापारियों ने किसानों को कृषि उपज का भुगतान आनलाइन उनके खाते में किया। मालवा में अब शरबती गेहूं का उत्पादन काफी कम होने लगा है। शुक्रवार को 55 बोरी शरबती गेहूं मंडी नीलामी 4171 क्विंटल में बिका। चमक वाला लोकवन गेहूं ऊंचे में 3020 रुपये क्विंटल तक बिक गया। इस बार चमक वाले गेहूं की आवक कम होने से भाव में तेजी है। पोषक व मीडियम गेहूं के भाव कमजोर है।

---

### स्कूल चलें हम अभियान के तहत शनिवार को स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम

# कलेक्टर ने ली बच्चों की क्लास, सांसद विधायक भी जायेंगे



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

जिले में स्कूल चलें हम अभियान के तहत शनिवार को स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम जारी रहा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सांसद, विधायक, महापौर सहित कुल 106 जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों से सीधे संवाद करेंगे।

जिले में 15 जनप्रतिनिधि और 91 जिला अधिकारी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने सभी 91 अधिकारियों को अलग-अलग स्कूल आवंटित किए हैं। ये अधिकारी स्कूलों में पहुंचकर अधोसंरचना, पढ़ाई की स्थिति का जायजा लेंगे और विद्यार्थियों से चर्चा करेंगे।

### बच्चो के सवालो के जवाब भी दिए

कार्यक्रम में उज्जैन कलेक्टर रौशन सिंह ढांचा भवन स्थित शासकीय मॉडल स्कूल पहुंचे यहाँ कलेक्टर ने बच्चो के सवालो के जवाब भी दिए और उन्हें अपनी पढ़ाई के दौरान के अनुभव भी सुनाए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि में जब छोटा था तो लगातार पढ़ाई करते समय माता पिता मुझसे पूछते थे की पढ़ाई किसी चल रही है , आपसे भी पूछते होंगे। मेने अपना लक्ष्य तय कर रखा था। सिंह ने बच्चो से कहा कि जरुरी नहीं की मोटी किताबे पड़कर ही आगे बड़ा जाएगा, पढ़ाई के साथ साथ अपने विचार भी रखे, आप लोगो ने अभी पेपर में ईरान और अमेरिका बीच जंग का माहौल है को लेकर खबर देखि होगी। उस के बारे में भी विचार करे, न्यूज पेपर पड़ने की भी आदत डालें। आप सोचकर चले की ये मेरा सही समय है और मुझे आगे बढ़ाना है। 11वी कक्षा की छात्रा उर्वशी शर्मा ने कलेक्टर से सवाल पूछा की मुझे ी की तैयारी करना है उसके लिए स्किल बताइये। कलेक्टर ने जवाब दिया कि सिलेबस पर पूरा ध्यान दो प्रेक्टिस करे मेथ्स में ट्रिग्नोमेट्री सेट करे। कलेक्टर ने बताया कि शिक्षा के नये सत्र शुरू होने के बाद सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारी जा रहे है, मॉडल स्कूल में आना हुआ बच्चो से बात करना बहुत अच्छा लगा , सुखद अनुभव रहा बच्चो ने बहुत सारे सवाल पूछे।

### जीतू यादव की वापसी की तैयारी, भोपाल से हरी झंडी मिलते ही आ जाएंगे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

एमआईसी सदस्य रहे जीतू यादव की वापसी के रास्ते खुलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस साल उन्हें वापस लिया जा सकता है। इसके लिए तैयारी हो चुकी है। खातीवाला टैंक की बिल्डिंग के मामले में पार्षद कमलेश कालरा और जीतू यादव के बीच विवा हो गया था। दोनों के बीच की ऑडियो वायरल होने के बाद ऑफिस पर हंगामा हो गया था और नाबालिग बच्चो के कप्ड़े भी उत्तार दिए थे। इस घटना के बाद शहर में हंगामा मन गया था और विरोध के लिए राजनीतिक तौर पर बड़ गई थी और पुलिस ने डेढ़ दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

पार्षद जीतू यादव को क्लीन चिट मिल गई थी, लेकिन उन्हें भाजपा ने छह हल के लिए निकाल दिया। जीतू यादव की बेदखले के बाद पूरा मुद्दा ठंडा हो गया था और सियासी माहौल गरम हो गया था। दिल्ली तक शिकायत पहुंचने के बाद हाई कमान के आदेश पर जीतू के रिखलाफ एक्शन लिया गया था। इसी बीच दोनों पक्षों में समझौता हो गया और राजनैतिक खाई भी खत्म कर दी। भाजपा ने भी जीतू यादव की जगह खाली हुई सीट को नहीं भरा बताते हैं कि भाजपा ने अब जीतू यादव के लिए रास्ता खोलना शुरू कर दिया है। उसके लिए अभी से तैयारी चल रही है।

---

### महाकाल की शरण में एक्ट्रेस कावेरी प्रियम

## बोली- तीन साल से आ रही हूं, भस्म आरती करते समय जो एनर्जी मिलती हैं वह अद्भुत



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

श्री महाकालेश्वर मंदिर में शनिवार तड़के भस्म आरती के दौरान टीवी और फिल्म एक्ट्रेस कावेरी प्रियम बाबा महाकाल के दर्शन के लिए पहुंचीं। सुबह करीब 4 बजे वे आरती में शामिल हुईं और नंदी हाल में बैठकर भस्म आरती का दिव्य नजारा देखा। आरती के बाद कावेरी ने देहरी से भगवान महाकाल को जल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। दर्शन के बाद कावेरी प्रियम ने कहा कि बाबा महाकाल के दरबार से मिलने वाली शक्ति को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। ह्लमैं पिछले तीन साल से लगातार यहां आ रही हूं। भस्म आरती के समय जो ऊर्जा महसूस होती है, वह अद्भुत है।

#### टीवी से फिल्मों तक का सफर

कावेरी प्रियम ने टीवी शो नागिन 2 में बीके किरदार से अपने करियर की शुरूआत की थी। इसके बाद उन्होंने ये रिश्ते हैं प्यार के में कुहू माहेश्वरी राजवंश और जिद्दी दिल माने ना में डॉ. मोनामी महाजन का किरदार निभाकर पहचान बनाई। फिल्मों में उन्होंने तिश्नगी से डेब्यू किया था।

### आईडीए में 29 पदों पर होगी भर्ती

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) में अधिकारियों और कर्मचारियों की कमी दूर करने के लिए 29 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लंबे समय से खाली पड़े पदों के कारण प्रोजेक्ट्स की गति प्रभावित हो रही थी, जिसे अब सुधारने की तैयारी है। सेवानिवृत्ति के कारण मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री सहित सम्पदा और राजस्व निरीक्षक जैसे कई अहम पद खाली हो गए थे। इन पदों की कमी से टेंडर, निरीक्षण और अन्य काम समय पर पूरे नहीं हो पा रहे थे। आईडीए ने कई बार शासन को पत्र लिखकर नियुक्तियों की मांग की थी। अब बोर्ड प्रस्ताव के बाद शासन से अनुमति मिलने पर 29 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन बुलाए गए हैं। इससे इंजीनियरिंग और प्रशासनिक दोनों स्तर पर मजबूती आएगी। इंदौर जिले में टीपीएस योजनाओं और अन्य विकास कार्यों के लिए पर्याप्त स्टाफ नहीं होने से काम प्रभावित हो रहा था।

### इंदौर में पाकिस्तानी नंबर से डिजिटल जाल

# युवक को भेजे अश्लील फोटो, फिर शुरू हुआ ब्लैकमेलिंग का खेल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के रावजी बाजार थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक के मोबाइल पर रात को अचानक ऐसा मैसेज आया जिसने पूरे परिवार को हैरान कर दिया। युवक के मुताबिक उसके व्हाट्सएप पर पाकिस्तान के नंबर +92 3125086937 से पहले सिर्फ एक शब्द लिखा आया– "Hello"। शुरूआत सामान्य लगी, लेकिन कुछ ही पल में मामला डर, दबाव और ब्लैकमेल तक पहुंच गया।

युवक ने बताया कि जैसे ही उसने मैसेज देखा, उसी नंबर से तुरंत एक आपत्तिजनक फोटो भेजा गया, जिसमें उसकी तस्वीर को अश्लील तरीके से जोड़कर भेजा गया था। फोटो के साथ साफ धमकी दी गई–अगर रिप्लाई नहीं किया तो यह फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे।




अभी युवक इस झटके से उबर भी नहीं पाया था कि कुछ मिनट बाद उसी नंबर से दूसरा अश्लील फोटो भी भेज दिया गया। इसके बाद लगातार दबाव बनाया गया कि तुरंत जवाब दो, वरना बदनामी तय है।

मामले की सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि नंबर पाकिस्तान का दिखाई देने से युवक और ज्यादा घबरा गया। शुरूआती अंदेशा यही लगाया जा रहा है कि यह किसी साइबर ठग गिरोह की नई चाल हो सकती है, जिसमें विदेशी नंबरों के जरिए लोगों को मानसिक दबाव में लेकर फंसाने की कोशिश की जाती है।

साइबर मामलों से जुड़े जानकार बताते हैं कि अब ठग पहले साधारण चैट शुरू करते हैं, फिर एडिटेड फोटो भेजकर डर पैदा करते हैं और बाद में पैसों की मांग तक पहुंच जाते हैं। कई लोग घबराकर जवाब दे देते हैं और वहीं से पूरा जाल शुरू हो जाता है।

फिलहाल युवक ने नंबर, चैट और फोटो के स्क्रीनशॉट सुरक्षित रख लिए हैं। अब इस पूरे मामले में पुलिस से शिकायत की तैयारी की जा रही है। शहर में इस तरह विदेशी नंबर से आई धमकी ने एक बार फिर साइबर सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

---

### 11 फीट सड़क निगलकर खड़ा हो गया निर्माण,

# 5 महीने से नोटिस हवा में, सीएम हेल्पलाइन की 10 शिकायतें भी बेअसर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के साधु वासवानी नगर स्थित प्लॉट नंबर 445 पर अवैध निर्माण का मामला अब खुलकर प्रशासनिक सुस्ती पर सवाल खड़े कर रहा है। आरोप है कि भवन स्वामी ने सार्वजनिक सड़क और फुटपाथ की सीमा में करीब 11 फीट तक स्थायी अतिक्रमण कर निर्माण खड़ा कर दिया, लेकिन विभागीय कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद निर्माण कार्य लगातार जारी है और जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं।



शिकायतकर्ताओं के मुताबिक इस निर्माण के खिलाफ 18 नवंबर 2025 को पंचनामा तैयार किया गया था, जिसके बाद 9 फरवरी 2026 को रिमूवल नोटिस भी जारी हुआ, लेकिन पांच महीने बीतने के बाद भी न तो निर्माण सील किया गया और न ही किसी तरह की तोड़फोड़ कार्रवाई हुई। उल्टा, मौके पर निर्माण तेजी से आगे बढ़ता गया और अब वहां दुकानों के लिए शटर तक लगाने की तैयारी की जा रही हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस क्षेत्र को रिहायशी घोषित किया गया है, वहां खुलेआम व्यावसायिक निर्माण कैसे तैयार हो रहा है। रहवासियों का आरोप है कि मकान को दुकान में बदलने की तैयारी की जा रही है, जो लैंड यूज नियमों का सीधा उल्लंघन है। इससे इलाके की यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होने लगी है क्योंकि सड़क का बड़ा हिस्सा निर्माण की जद में आ चुका है।

मामले में यह भी सामने आया है कि भवन स्वामी द्वारा केवल ऑफलाइन कंपाउंडिंग आवेदन देकर कार्रवाई को लंबा खींचने की कोशिश की जा रही है, जबकि ऑनलाइन रिकॉर्ड में कोई प्रविष्टि नहीं मिली। जानकारों का कहना है कि सड़क सीमा में 11 फीट अतिक्रमण किसी भी स्थिति में कंपाउंडिंग योग्य नहीं माना जाता। शिकायतकर्ता का कहना है कि नवंबर 2025 की तस्वीरों में साफ दिखाई देता है कि निर्माण सामग्री सड़क तक फैली हुई थी और उसी समय से अवैध ढांचा खड़ा किया जा रहा था। इसके बावजूद क्षेत्रीय भवन निरीक्षक कोई प्रभावी कदम नहीं उठा सके। मामला इतना बढ़ गया कि शिकायतकर्ता कई बार जनसुनवाई तक पहुंचे और 8 से 10 बार उट हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई, लेकिन नतीजा शून्य रहा।

जब इस पूरे मामले पर भवन अधिकारी वैभव देवलासे से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि 10 तारीख के बाद रिमूवल की योजना बनाई गई है। हालांकि स्थानीय लोग पूछ रहे हैं कि जब नोटिस महीनों पहले जारी हो चुका था तो कार्रवाई अब तक क्यों टली रही। अब इलाके में चर्चा यही है कि क्या यह निर्माण आखिरकार टूटेगा, या फिर फाइलों में दबकर सड़क पर खड़ा यह ढांचा और मजबूत होता जाएगा।

## न्यूज कालम



## नगर में खाटूश्याम जी का भव्य कीर्तन में भक्तों ने भजनों का आनंद लिया

**टांडा।** हारे का सहारा खाटूश्यामजी का नगर में भव्य कीर्तन आयोजन हुआ। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर बाबा श्याम का भव्य दरबार भी सजाया गया था। कीर्तन रात 8 बजे से प्रारंभ हुआ जो देर रात तक चला। करने वाला श्याम- कराने वाला श्याम ग्रुप के तत्वावधान में गोयल परिवार टांडा एवं जसमतिया (सोनी) परिवार टांडा जोबट के द्वारा आयोजित कीर्तन में गायको की मधुर आवाज से समा बाँध गया। पूरा पांडाल धार्मिक रंग में रंग कर कृष्णमय हो गया। इस अवसर पर पूरे पांडाल को आकर्षक साज सज्जा से सजाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बाबा का आह्वान करके अखंड ज्योत जलाई गई। बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। जिसने सब का मन मोह लिया। पंडाल में पुष्प वर्षा भी की गई। बाबा को छप्पन भोग भी लगाया गया। कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुवे और श्रद्धालुओं ने बाबा की पवित्र ज्योत में आहुति डाल पुण्य लाभ लिया। कार्यक्रम के समापन पर खाटूश्यामजी और हनुमानजी की आरती उतारी गई। छप्पन भोग की प्रसादी वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

## जनगणना के लिए नियुक्त फील्ड ट्रेनर्स की पहली ट्रेनिंग संपन्न

**खण्डवा।** जनगणना-2027 पहली बार डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें कि मोबाइल एप के माध्यम से डाटा संकलन किया जाएगा। जनगणना 2027 के लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स द्वारा फील्ड ट्रेनर्स को दो चरणों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रथम चरण की ट्रेनिंग 1 से 3 अप्रैल तक आयोजित की गई, जबकि द्वितीय चरण की ट्रेनिंग 5 से 7 अप्रैल के बीच आयोजित की जाएगी। एसएन कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित ट्रेनिंग में जनगणना के जिला नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री बजरंग बहादुर सिंह ने फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना 2027 के संबंध में विस्तार से बताया। जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल से संभागीय प्रभारी एवं उपनिदेशक श्री अभिमन्यु अरोड़ा और मास्टर ट्रेनर श्री कुलदीप सिंह फरे ने फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल से खंडवा के लिए नियुक्त जिला प्रभारी श्री जे.एल. साकेत भी उपस्थित थे।

## बुरहानपुर में बाघ शावक की मौत: वन विभाग में हड़कंप



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के खकनार वनपरिक्षेत्र के पलासपानी बीट में मादा बाघ शावक की मौत से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। घटना सामने आते ही प्रशासन ने अलर्ट मोड में आते हुए मौके को सील कर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को भोपाल से आई टीम और सीसीएफ सहित अन्य वन अफसरों की मौजूदगी में एसओपी के अनुसार मादा बाघ का पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया गया। वन विभाग ने नेशनल टाइगर कंसर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) नईदिल्ली और मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक कार्यालय भोपाल के दिशा-निर्देशों के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरे इलाके को सुरक्षित कर सघन जांच अभियान चलाया। आसपास के इलाके की बारीकी से तलाशी ली गई और हर संभावित एंगल से जांच शुरू की गई। वनमण्डलाधिकारी विद्याभूषण सिंह के अनुसार, बाघ शावक का पोस्टमार्टम विशेषज्ञों की टीम ने किया, जिसमें डॉ. प्रशांत देशमुख (वन्यजीव चिकित्सक, भोपाल), डॉ. विकास माहिले (पशु चिकित्सक, खकनार) शामिल रहे।

## विधायक के प्रयासों से गीता भवन हेतु भूमि का आवंटन

**सनावद।** सनावद नगर को गीता भवन की सौगात शीघ्र मिलेगी। विधायक सचिन बिरला के प्रयासों से गीता भवन निर्माण हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है। गीता भवन के निर्माण हेतु विधायक कार्यालय से स्थानीय अवंति सूत मिल की रिक्त भूमि में से डेढ़ एकड़ भूमि के आवंटन का प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजा गया था। इस प्रस्ताव को प्रदेश सरकार ने स्वीकार कर लिया है। यह जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण पटेल ने बताया कि प्रदेश की डॉ.मोहन यादव सरकार द्वारा गीता भवन निर्माण हेतु स्थानीय निकाय को 15 करोड़ रु की राशि पूर्व में ही आवंटित की जा चुकी है। लेकिन भूमि का चयन नहीं होने के कारण गीता भवन का निर्माण नहीं हो पा रहा था। विधायक ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से गीता भवन हेतु शासकीय भूमि का चयन करने के निर्देश दिए थे। पटेल ने बताया कि सूत मिल की चयनित डेढ़ एकड़ भूमि पर गीता भवन का निर्माण शीघ्र प्रारंभ होगा।

## दत्तकपुत्र वधु पर सांस ने लगाया प्रताड़ित करने का आरोप,

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले के नेपानगर में एक वृद्ध महिला नेपानगर पुलिस थाने में अपनी ही बहु के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने पहुंची बुजुर्ग महिला का आरोप है कि उसके दत्तकपुत्र वधु (बहु) संपति हड़पने के लिए आए दिन मारपीट और गाली गलौज करती है साथ बहु अब मुझे सहारा देने वालों पर भी झूठी शिकायत कर डरा धमका रही है बहु जान से मारना चाहती है उसकी बुरी नजर हमारी दौलत पर अटकी है जिसके चलते वह यह सब कर रही है। शिकायत नेपानगर थाने लेकर पहुंच बुजुर्ग महिला से जब हमारी टीम ने जानकारी ली तो उसने एक चार पन्नों का शिकायत आवेदन पत्र दिखाया और कहा कि इसमें मेरे साथ जो कुछ हुआ वो सब लिखा है में पुलिस थाने में न्याय मांगने आई हु। बुजुर्ग महिला आगे बताती है कि में नेपानगर के भातखेड़ा वार्ड क्रमांक 14 में रहती हु मेरे पति की मृत्यु हो चुकी है। परिवार में संतान न होने के कारण मैने मेरे पति ने अपने भांजे को गोद लिया था। उसे पढ़ाया लिखाया उसकी शादी की उसका आज 11 साल का बच्चा भी है पुत्र की मृत्यु हो जाने के बाद में बहु और पोता साथ में रहते है।

# कार्यकर्ता भाजपा की जनहितकारी नीतियों और उपलब्धियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचावे-गाडगे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिवस वक्ताओं ने बूथ प्रबंधन,मन की बात और केंद्र की भाजपा सरकार की जनहितकारी योजनाओं पर विचार व्यक्त किए,प्रथम सत्र की अध्यक्षता भाजपा नेता कमल बिर्ला एवं द्वितीय सत्र की अध्यक्षता भाजपा नेत्री ज्योति येवतीकर ने की। प्रारंभ में वर्ग गीत का गायन दिनेश शर्मा,दीप्ति बंसल,सरोज इंगला और मोहित यादव ने किया। प्रथम सत्र के वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल गाडगे ने भाजपा कार्यकर्ताओं को बूथ प्रबंधन के गुर बताए और मन की बात पर अपने विचार व्यक्त किए।

गाडगे ने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा की जनहितकारी नीतियों और उपलब्धियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए समय निकालें। कार्यकर्ता मतदाताओं से घर घर जाकर मुलाकात करें और उन्हें भाजपा सरकार की नीतियों और उपलब्धियों से अवगत कराएं। तत्पश्चात अपने प्रयासों की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक संगठन की मजबूती के लिए प्रयास करते रहेंगे तो निश्चय ही पार्टी का जनाधार सशक्त होगा।

द्वितीत सत्र के वक्ता पूर्व भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण काग ने केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं और उपलब्धियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के घर का सपना केंद्र की नरेंद्र मोदी ने पूरा किया।देश में जनधन खाते खोले गए ताकि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आए और भ्रष्टाचार नहीं हो।देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक कारगर कदम उठाए गए। देश के बिजली से वंचित लगभग साढ़े अठारह हजार गांवों तक बिजली पहुंचाई।इसी प्रकार देश में सड़क,पेयजल,शिक्षा,चिकित्सा,उद्योग आदि क्षेत्रों के लिए अनेक योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया। केंद्र सरकार द्वारा रूस-यूक्रेन युद्ध और खाड़ी युद्ध के

संकटकाल में विदेशों से भारतीयों को सुरक्षित भारत लाया हुआ। केंद्र सरकार ने आतंकवाद गया। नक्सलवाद के समूल उन्मूलन के लिए जीरो टॉलरेंस नीति बनाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है।

इस दौरान विधायक सचिन बिरला,पूर्व विधायक हितेंद्रसिंह सोलंकी, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मी नारायण पटेल, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सोहन यादव, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर, पूर्व नपाध्यक्ष रामचरण कुशवाह, मीना शर्मा, अनिल अजमेरा,प्रभात पंडित, अनिता बंसल,गंगाभारती शर्मा, अंजली शर्मा,अमिता मंत्री, अश्विन खेड़े, इंदरलाल लोनकर, शुभम शर्मा, सुदीश वर्मा,मोहित यादव, सुरेश सोलंकी,मनीष शुक्ला, नीरज बेसवार,सिद्धू वर्मा, नीलेश जायसवाल,केतन गेहलोत, संजय कुशवाह,पवन अरझरे, आदित्य पंचलिया,ओम वर्मा,संजय राठौर,चंद्रशेखर निकम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सांदीपनि स्कूल टांडा में 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम का आयोजन



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ टांडी

राज्य शिक्षा केन्द्र के निदेर्शानुसार स्थानीय सांदीपनि स्कूल टांडा में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11 बजे किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ टांडा सरपंच श्रीमती वर्षा लक्की ठाकुर, पंच सागर पिपलाज तथा एकीकृत कन्या माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक भदर सिंह भंवर एवं बालक प्राथमिक विद्यालय की प्रधान श्रीमती कमलेश सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य में माँ सरस्वती के पूजन के साथ किया गया।

इसके पश्चात विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए वर्तमान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर सरपंच श्रीमती वर्षा लक्की ठाकुर ने कहा कि वे भी इसी विद्यालय की छात्रा रही हैं। शिक्षा एक अमूल्य धन है, जिसके बल पर आज वे ग्रामवासियों के सहयोग से सरपंच पद पर कार्य कर रही हैं, जो उनके लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत टांडा एवं उपस्थित पत्रकार बंधुओं शुभम गादिया,हितेश वर्मा,मुकेश (धनराज) राठौड़ द्वारा विद्यार्थियों को कॉपी एवं पेन वितरित कर प्रोत्साहित किया गया।

## जीवन में यदि सुख पाना है तो तीन मूल मंत्र याद करना बहुत जरूरी-आदित्य सागरजी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



जीवन में यदि सुख पाना है तो तीन मूल मंत्र याद करना बहुत जरूरी है। हर जीव सुख की चाह में है। ओर सुख हर किसी को नहीं मिल रहा है। लेकिन जीव सुखी इस लिए नहीं हों पा रहा ही क्योंकि वो उपाय गलत कर रहा हे।। उक्त उदगार मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज धर्म सभा में कही।

सन्मति जैन काका ने बताया की इंदौर से मंगल विहार कर खंडवा में भव्य पंचकल्याणक महोत्सव में अपना सानिध्य प्रदान करने जा रहे विहाररत मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ससंघ चार पिच्छी का भव्य मंगल प्रवेश धर्म नगरी सनावद में हुआ। आप का सभी समाजजनों ने पाद प्रक्षालन किया। आप ने नगर के जिनमंदिरो के दर्शन कर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर पहुंचे जहां आप के सानिध्य में श्री जी का अभिषेक संपन्न हुआ तत्पश्चात आचार्य शांति सागर वर्धमान देशना निलय में भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समकक्ष इंदौर मंडलेश्वर, बड़वाह, खंडवा, औरंगाबाद से पधारे अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया सभा का शुभारंभ संगीता पाटोदी ने मंगलाचरण कर के की तत्पश्चात मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी का रसपान करवाते हुए कहा की जीवन सुख पाना है तो ये तीन मूल मंत्र अपनाना जरूरी है पहला मंत्र है समय सूचकता, प्रतिक्रिया विचार,भावुकता से परहेज। समय सूचकता जिसने टाइम मैनेजमेंट समय सूचकता को समझ लियां वो अपने जीवन में दुःख कभी भी नहीं प्राप्त करेगा।

दूसरा मंत्र प्रतिक्रिया विचार जब भी विचार करो की कौन सी प्रतिक्रिया आप के जीवन में मंगल के दे ओर कौन सी प्रतिक्रिया अमंगल के दे इस लिए जब भी प्रतिक्रिया दे सोच समझ कर दे, तीसरी मंत्र भावुकता से परहेज कर सकते जिन्हें सुख चाहिए वो भावुकता से परहेज कर ते है। मुनि श्री ने कहा की सनावद हमारा दीक्षा के बाद प्रथम बार आना हुआ।

## बिम्ट्स महाविद्यालय में पीरियड पॉवर्टी पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

प्रो. बृजमोहन मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एण्ड टेक्निकल साइंसेस, बुरहानपुर ने नर्सिंग विभाग द्वारा आयोजित "अवेयरनेस ऑफ मेन्स्टुअल कप-चैलेंजिंग पीरियड पॉवर्टी" विषय पर एक व्यापक कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 17वीं लैम्प लाइटिंग सेरेमनी भी आयोजित की गई।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती साधना तिवारी, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष श्रीमती गौरी शर्मा, शासकीय महाविद्यालय नेपानगर प्राचार्य डॉ. मनीषा साकल्ले, जनरल फिजिशियन डॉ. पूजा भार्गव, शासकीय अस्पताल शाहपुर की नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती राधा डामोर सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती, प्रो.बृजमोहन मिश्रा जी एवं फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं में मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उससे जुड़े सामाजिक मिथकों को दूर करना तथा पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देना है। विषय विशेषज्ञ डॉ. किमया साली मेडशिकर (स्त्री रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. राजेश डोर्वेकर (जिला प्रशिक्षक, स्वास्थ्य विभाग) ने विस्तृत जानकारी साझा की।

17वीं लैम्प लाइटिंग सेरेमनी में संस्था की अध्यक्षा श्रीमती राखी मिश्रा ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विद्यार्थियों को सेवा, निष्ठा, समर्पण एवं करुणा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

जिला शिक्षा अधिकारी श्री शैलेन्द्र कानूडे द्वारा शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महेश्वर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण प्राचार्य श्री गुप्ता, श्री दीनानाथ यादव एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में किया गया।निरीक्षण के समय कक्षाओं का अवलोकन किया गया तथा विद्यार्थियों को करियर गाइडेंस की जानकारी दी गई। कक्षा 9वीं व 10वीं के छात्रों को गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी के पुराने प्रश्न पत्र हल करने, अंग्रेजी ग्रामर की विस्तृत समझ विकसित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्यार्थियों की भाषा दक्षता बढ़ाने के लिए स्पोकन इंग्लिश कक्षाएं संचालित करने के लिए प्राचार्य को निर्देशित किया गया। एवं श्व ग्रेड के कमजोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगाने, कक्षा 8वीं उत्तीर्ण कमजोर छात्रों के लिए ब्रिज कोर्स के अंतर्गत प्री-टेस्ट एवं रेमेडियल कक्षाएं आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं साइकिल वितरण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुनिश्चित करने कहा गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों को प्रारंभ से ही शैक्षणिक प्लान बनाकर तैयारी करने, शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेने तथा नियमित उपस्थिति बनाए रखने का संदेश दिया।

## जनपद में 8 अप्रैल को आयोजित होगा क्लस्टर अनुश्रवण शिविर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

कलेक्टर श्रीमती सिंह के निर्देशन में जनपद पंचायत राजपुर अंतर्गत 34 पंचायतों में क्लस्टर अनुश्रवण शिविर (सीएफटी) का आयोजन 8 अप्रैल बुधवार को आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ ग्रामों में नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं में नियमानुसार पात्र बनाकर लाभान्वित करना है। ताकि उनकी समस्याओं का प्रभावी निराकरण हो सके। इस शिविर के अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं के अनुश्रवण हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिनके द्वारा ग्राम पंचायतों में जाकर पंचायतो में नागरिकों को आ रही समस्याओं/शिकायतों को दर्ज करेंगे जिनका निराकरण इसके पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में किया जाएगा।

## पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्यशाला आयोजित

**बड़वानी।** नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत राहवीर योजना के सुचारू संचालन हेतु एक समन्वयात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायपालिका, पुलिस विभाग, आरटीओ एवं चिकित्सा क्षेत्र के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला में न्यायालयीन प्रक्रिया को पारदर्शी, समयबद्ध एवं प्रभावी बनाने तथा विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष ध्यान दिया गया। माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बड़वानी श्री चंदन सिंह चौहान ने न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावी एवं पारदर्शी बनाए रखने, प्रकरणों के त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण तथा अभिलेखों के समुचित संधारण पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने प्रभावी उपयोग और विभिन्न विभागों के बीच डिजिटल समन्वय सुदृढ़ करने पर भी चर्चा की।

## नवीन जिला भाजपा कार्यालय का भूमिपूजन 6 अप्रैल को होगा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस (6 अप्रैल) के अवसर पर नीमच भाजपा को नए हाईटेक जिला कार्यालय की सौगात मिलने जा रही है। आगामी 6 अप्रैल 2926 सोमवार को प्रातः 10 बजे, बंगला नं. 60 (पुरानी नगरपालिका) में नवीन जिला कार्यालय का भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित होगा। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम टू-वे लिंक (वर्चुअल) माध्यम से संपन्न होगा।

प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक दिलीपसिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा अपने गौरवशाली 47 वर्ष पूर्ण कर 48वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इस ऐतिहासिक अवसर पर नीमच सहित प्रदेश के 16 अन्य जिलों आगर, सीहोर, सीधी, अशोकनगर, अनूपपुर, ग्वालियर,



निवाडी, छिंदवाडा, पांढुरना, मउगंज, मैहर, भिण्ड, धार ग्रामीण, बुरहानपुर (कायारंभ), मंदसौर (कायारंभ), रतलाम (कायारंभ) में भी नवीन कार्यालयों का भूमिपूजन किया जा रहा है। ये नए कार्यालय न केवल विशाल मीटिंग हॉल, बल्कि आधुनिक डिजिटल सुविधाओं और अत्याधुनिक तकनीक से लैस होंगे, जिससे संगठन के कार्यों में और अधिक गति आएगी।

श्री परिहार ने भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकताओं सहित आमजन से भी कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।नवीन कार्यालय निर्माण के भूमिपूजन से जिले के भाजपा कार्यकताओं का वर्षो पुराना सपना जल्द साकार होगा।

# आने वाली पीढ़ी को सिकल सेल से बचाना हमारा साझा कर्तव्य- राज्यपाल

## सिकल सेल पीड़ित बच्चों से की मुलाकात

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन




महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए जेनेटिक काउंसलिंग और व्यापक जन-जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण है। समाज के हर वर्ग को इस अभियान से जुड़कर इसे एक जन-आंदोलन बनाना होगा। राज्यपाल श्री पटेल शनिवार को खरगोन जिले के प्रवास के दौरान जनजातीय जीवन रक्षा एवं सिकल सेल हितैषी संवाद को संबोधित कर विशेष रूप से जेनेटिक काउंसलिंग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विवाह से पूर्व जेनेटिक कार्ड का मिलान और गर्भावस्था के दौरान समय पर जांच से आने वाली पीढ़ी को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सकता है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशनश के तहत वर्ष 2047 तक इस बीमारी को पूरी तरह समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि सामूहिक प्रयासों और नियमित स्क्रीनिंग के माध्यम से हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकेंगे।

राज्यपाल श्री पटेल ने रक्षा अस्पताल में नवनिर्मित सिकल सेल यूनिट का विधिवत लोकार्पण किया। उन्होंने सिकेल सेल यूनिट के अंतर्गत निर्मित २ वार्डो का निरीक्षण कर उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं और जांच उपकरणों की जानकारी ली। साथ ही निर्देशित किया सिकल सेल पीड़ितों को समय पर उपचार और उचित मार्गदर्शन मिलना सुनिश्चित किया जाए।

राज्यपाल श्री पटेल ने सिकल सेल के क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में सिकेल सेल क्षेत्र में किए गए कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी भी अवलोकन भी किया। साथ ही सिकल सेल पीड़ित बच्चों से मुलाकात कर लिए जा रहे उपचार के सम्बंध में भी जानकारी प्राप्त कर नियमित दवाई लेने और व्यायाम करने, सुपाच्य भोजन करने, ठंडे पानी से नहीं नहाने और अधिक मात्रा में पानी पीने की समझाइश दी।

राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी महामहिम राज्यपाल के सिकल सेल के क्षेत्र में किए जा रहे पुनीत कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि वह इस बीमारी की वेदना को समझते हुए पूरे प्रदेश में इसके उन्मूलन के लिए कार्य कर रहे हैं, विशेषतः जनजातीय वर्ग के सर्वांगीण विकास की दिशा में।क्षेत्रीय विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार ने संबोधित करते हुए कहा कि सिकल सेल एनीमिया एक अनुवांशिक रोग है।

## न्यूज -कॉलम

### हत्या के आरोपी का आज खत्म होगा रिमांड

**उज्जैन।** आगररोड पर 1-2 अप्रैल की रात हुई हत्या में शामिल एक आरोपी मोनू उर्फ दीपांशु पिता नारायण बुंदेला को चिमनगंज थाना पुलिस ने चंद घंटों में गिरफ्तार कर मामले खुलासा किया था। हत्या में शामिल मोनू के 2 साथी लक्की पिता हेमू और रेहान पिता रफीक मंसूरी निवासी गांधीनगर फरार थे। जिनकी जानकारी जुटाने के लिये मोनू को 2 दिनों की पुलिस रिमांड पर लिया गया था। लेकिन शनिवार शाम तक फरार दोनों आरोपियों का पता नहीं चल पाया। आज मोनू का रिमांड खत्म होने पर उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जायेगा। विदित हो कि तीनों ने लिफ्ट मांगने की बात पर हुए विवाद में बेगमबाग कालोनी में रहने वाले भूरू उर्फ आरिफ की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने फुटेज मिलने पर हत्या में शामिल तीनों आरोपियों की पहचान कर मोनू को नागझिरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। उसके 2 फरार साथियों की तलाश में एक टीम लगातार उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है।

### तराना फंटा पर कार से भिड़े बाइक सवार मामा-भांजे

**उज्जैन।** ग्राम जैथल टैक में रहने वाला दीपक पिता कैलाश और उसका भांजा विजय पिता शिवलाल बाइक से बड़ौद गये थे। शनिवार शाम वापस लौटते समय तराना फंटा पर कार से जा भिड़े। दुर्घटना में दोनों को गंभीर चोंट आई। मौके पर महिदपुर की 108 एम्बुलेंस पहुंची। ईएमटी गोवर्धन बगाना ने प्राथमिक उपचार दिया और तत्काल पायलेट महेन्द्रसिंह के साथ चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद विजय को हड्डी वार्ड और दीपक को जनरल वार्ड में भर्ती किया। विजय के पैर में फैक्चर होना बताया गया है।

### आगररोड पर सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत

**उज्जैन।** आगररोड शराब दुकान से कुछ दूरी पर शनिवार दोपहर दुर्घटना में बुजुर्ग राजेश पिता बालमुकुंद सिसौदिया निवासी विक्रम यूनिर्वसिटी कैम्पस की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि आटो चालक ने टक्कर मारी है। शव चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष लाया गया और परिजनों को सूचना दी गई। इस दौरान सामन आया कि मृतक का परिवार शहर से बाहर है। रविवार तक लौटेगा। आरक्षक मंयक के अनुसार परिवार के आने पर ही मृतक के संबंध में जानकारी स्पष्ट हो पायेगी। फिलहाल दुर्घटना की जांच शुरू की गई है, आटो चालक का पता लगाने के लिये मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जायेगें।

### मृतक बुजुर्ग के पास मिला मुम्बई का आधार कार्ड

**उज्जैन।** चरक अस्पताल में 25 मार्च को बुजुर्ग सुमेरसिंह पिता रामचंद्र बीमारी के चलते भर्ती हुआ था। जिसका लगातार उपचार चल रहा था, उसके परिवार को कोई सदस्य अस्पताल नहीं पहुंचा था। शनिवार को तबीयत अधिक खराब होने पर उसे इंदौर रैफर किया गया। लेकिन रास्ते में मौत हो गई। शव वापस चरक अस्पताल लाया गया और मामले की सूचना महाकाल थाना पुलिस को दी गई। एएसआई शंकरलाल कनौजिया अस्पताल पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया। अस्पताल स्टॉफ से जानकारी लेने पर पता चला कि पर्चे पर नाम सुमेरसिंह और पता मुम्बई लिखवाया गया था। एएसआई ने बुजुर्ग के कपड़ों की तलाशी ली तो उसमें आधार कार्ड मिला। जिसमें नाम सुमेरसिंह अंकित था और पता घाटकोपर मुम्बई का लिखा था। एएसआई के अनुसार मुम्बई पुलिस से संपर्क कर परिजनों का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है। उनके आने पर मृतक के उज्जैन आने की जानकारी सामने आ पायेगी।

### गांजा उपलब्ध कराने वाले की तलाश में दबिश

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना पुलिस ने ग्राम खरसौदकला में झाबरी पुलिस के पास से बाइक क्रमांक एमपी 13 झेड क्यू 0955 पर सवार महेश पिता अमरसिंह भीलवाड़ा निवासी मंडी गेट खरसौदकला को गिरफ्तार कर 1 किलो 840 ग्राम गांजा बरामद किया था। मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ के लिये 2 दिनों की रिमांड पर लिया था। इस दौरान गांजा उपलब्ध कराने वाले जानकारी सामने आ गई। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि एक टीम गांजा देने वाले की तलाश में रवाना की गई है। संभावना है कि रविवार तक उसकी भी गिरफ्तारी हो सकती है।

### ट्रेक्टर हटाने की बात पर विवाद

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम पाट में रहने वाले विशाल उर्फ पिंटू पिता रामसिंह आंजना ने ट्रेक्टर किशोर पिता मालकसिंह आंजना के घर के सामने खड़ा कर दिया था। किशोर ने ट्रेक्टर हटाने को कहा तो दोनों के बीच विवाद हो गया। मामला मारपीट और जान से मारने की धमकी तक पहुंच गया। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 138-2 | 240-6 |
| मिलन डे | 479-0 | 344-1 |
| मिलन नाइट | 480-2 | 350-8 |
| मधुर डे | 360-9 | 478-9 |
| मधुर नाइट | 167-4 | 129-2 |
| शुभांक | 3 6 | 8 |

---

मिनी बस में आग लगाने वालों अज्ञात लोगों पर दर्ज हुआ प्रकरण

# ट्रेक्टर -ट्राली को मारी थी टक्कर, युवक की हुई थी मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन-आगर मार्ग पर शुक्रवार-शनिवार रात ट्रेक्टर-ट्राली और मिनी बस के बीच टक्कर हो गई थी। ट्रेक्टर-ट्राली पलटने पर चालक की दबने से मौत हो गई थी। आक्रोशित लोगों ने मिनी बस में आग लगा दी थी। पुलिस ने मामले में आगजनी का प्रकरण दर्ज करने साथ बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने केस दर्ज किया है।





घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम तुलाहेड़ा में दिल्ली पासिंग मिनी बस क्रमांक डीएल 01 वीसी 5919 ने आगे चल रही गेहूं से भरी ट्रेक्टर-ट्राली को पीछे से टक्कर मार दी थी। ट्रेक्टर-ट्राली सड़क से नीचे उतरने के बाद पलट गई। ट्रेक्टर चला रहा युवक विजय पिता रामचंद्र सोलंकी निवासी ब्राह्मणखेड़ा दब गया था और ट्राली पर बैठा राजेश पिता बद्रीलाल शर्मा घायल हो गया था। दुर्घटना की जानकारी ग्रामीणों को लगी तो मौके पर पहुंचे। ट्रेक्टर के नीचे दबे विजय की मौत हो चुकी थी, गुस्से में कुछ लोगों ने मिनी बस में आ लगा दी। कुछ देर में बस पूरी तरह लपटों से घिर गई। घटनाक्रम की जानकारी लगते ही घट्टिया, राघवी और पानबिहार चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। मिनी बस की आग पर फायर बिग्रेड ने पहुंचकर काबू पाया। दुर्घटना में ट्रेक्टर चालक की मौत के साथ उसका साथी राजेश, बस चालक शिवकुमार, यात्री धर्मेन्द्र और बॉबी के साथ 2 बच्चे घायल थे। जिन्हे रात में ही चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से धर्मेन्द्र और बॉबी की हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल ले जाया गया। बच्चों को प्राथमिक उपचार दिया गया। चालक और मृतक के साथी का चरक अस्पताल में उपचार जारी है। मामले में घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि दुर्घटना में युवक की मौत होने पर मर्ग कायम करने के साथ मिनी बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं बस में आग लगाने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ आगजनी का प्रकरण बस मालिक निवासी दिल्ली की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

### बस में सवार थे दिल्ली के 22 यात्री

बताया जा रहा है कि मिनी बस में दिल्ली के 22 यात्री सवार थे, जिसमें बच्चे, महिला और पुरूष शामिल थे, सभी महाकाल दर्शन करने उज्जैन आ रहे थे। ट्रेक्टर-ट्राली गेहूं भरकर ग्राम ब्राह्मणखेड़ा से अजान मंडी के लिये उज्जैन जा रही थी। गनीमत रही दुर्घटना के बाद बस में सवार सभी यात्री उतर गये थे, आगजनी में कोई हताहत नहीं हुआ।

### ग्रामीणों का तुलाहेड़ा टोल पर चक्काजाम

दुर्घटना के बाद तुलाहेड़ा टोल पर ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। पानबिहार चौकी प्रभारी जयंत डामोर ने बताया कि ग्रामीणों का कहना था कि ट्रेक्टर-ट्राली पलटने और उसके नीचे चालक के दबे होने की सूचना टोल प्लाजा को दी गई थी। लेकिन वहां से क्रेन काफी देर में पहुंची। क्रेन के आने पर उसमें पट्टा नहीं था, जिसके चलते ट्रेक्टर के नीचे से चालक को निकालने में देरी हुई। पट्टा मंगवाया गया, वह भी टूट गया। ग्रामीणों की मांग थी कि क्रेन चालक और उससे जुड़े लोगों पर कार्रवाई की जाये। थाना प्रभारी खोवाल ने कार्रवाई का आश्वासन दिया और जाम खुलवाया। शनिवार को एक पत्र क्रेन से जुड़े कर्मचारियों की लापरवाही के मामले में टोल प्लाजा अधिकारियों को जारी किया गया है।

---

मामला सिंथेटिक्स एमडीएमए ड्रग्स बनाने का...

# झालावड़ में 10 गुना ज्यादा कीमत पर बेचते थे ब्रोनोपोल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंथेटिक्स ड्रग्स बनाने के लिये ब्रोनोपोल एवं 2-ब्रोमो-4-मिथाइल प्रोपियोफिनोन जैसे घातक रसायन महाराष्ट्र-गुजरात से मंगवाये गये थे। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए 3 युवकों को हिरासत में लिया था। शनिवार दोपहर एक को न्यायालय में पेश कर पांच दिनों की रिमांड पर लिया गया है। 2 को रविवार दोपहर पेश किया जायेगा।



चिमनगंज थाना पुलिस ने क्राइम और सायबर टीम के साथ मिलकर आगररोड स्थित कृष्णा मोटर्स गैरेज से सिंथेटिक्स ड्रग्स बनाने का 75 किलो घातक रसायन ब्रोनोपोल और 2-ब्रोमो-4-मिथाइल प्रोपियोफिनोन बरामद किया था। मामले से जु? 3 आरोपितों अर्पित उर्फ सौरभ गुप्ता निवासी तिरुपतिधाम एक्सेंशन, रंजीत पिता करन सिंह निवासी गरोठ जिला मंदसौर और ओमप्रकाश पिता घनश्याम शर्मा निवासी बडौद जिला आगर मालवा को गिरफ्तार किया था। घातक रसायन के साथ पुलिस को 8.50 लाख रूपये नगद, एक बोलेनो कार और खरीद-फरोख्त के दस्तावेज मिले थे। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि शनिवार को अर्पित गुप्ता को न्यायालय में पेश कर 5 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। उसके 2 साथियों को रविवार दोपहर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि उक्त रसायन गुजरात-महाराष्ट्र से मंगवाया गया था। रसायन को 5 हजार रूपये प्रति किलो के हिसाब से मंगवाते थे और झालावाड़ में 30 से 50 हजार रूपये किलो में बेचते थे। जहां सिंथेटिक्स एमडीएमए ड्रग्स बनाने में रसायन का उपयोग किया जाता था। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में आरोपितों की संख्या बढ़ सकती है। वहीं मामले में कई महत्वपूर्ण जानकारी भी सामने आ सकती है।

### 23 दिन पहले ही लगाता था प्रतिबंध

थाना प्रभारी पचौरिया ने बताया कि उक्त रसायन का उपयोग गलत कामों में होने पर 23 दिन पहले 11 मार्च को प्रतिबंध लगा दिया गया था। पहले ब्रोनोपोल एवं 2-ब्रोमो-4-मिथाइल प्रोपियोफिनोन का कास्मेटिक्स सामान, रंगाई-पुताई, औद्योगिक प्रणालियों में किया जाता था। यह रसायन सफेद और हल्के पीले रंग का क्रिस्टलीय पाउडर है। यह फार्मास्युटिकल उद्योग में एक महत्वपूर्ण मध्यवर्ती है। इस का उपयोग दर्द निवारक दवाओं में भी किया जाता था। लेकिन गलत कामों में उपयोग होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

---


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री गिरधारीलाल पांचाल पिता श्री उंकारलालजी पांचाल निवासी ब्रजराजखेड़ी के एकल मालिकी स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे नंबर 188/1 रकबा 2.50 हेक्टर स्थित ग्राम ब्रजराजखेड़ी प. ह. न. 33 तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि संपूर्ण को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उपरोक्त भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश सोदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद, आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो।

इति दिनांक 04.04.2026 स्थान- उज्जैन

**गौरव गौदावत ( जैन ), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर -डीएफ -7 भरतपुरी शॉपिंग**
**काम्प्लेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 99260-68606**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री अर्जुनसिंह आंजना पिता भंवरसिंह आंजना निवासी ब्रजराजखेड़ी के एकल मालिकी स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे नंबर 74/2 रकबा 3.00 हेक्टर में से 0.30 हेक्टर स्थित ग्राम ब्रजराजखेड़ी प. ह. न. 33 तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उपरोक्त भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश सोदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद, आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो। इति दिनांक 04.04.2026 स्थान - उज्जैन

**गौरव गौदावत ( जैन ), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर -डीएफ -7 भरतपुरी शॉपिंग**
**काम्प्लेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 99260-68606**

## जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी:-श्रीमती रूकमा बाई पति श्री जगदीश सौलंकी निवासी ग्राम कागदी कराडिया तह. घटिया जिला उज्जैन एवं कृषक ग्राम निपान्या सुनार तह. घटिया जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं.-51/1 रकबा 0.36 हैक्टर भूमि ग्राम निपान्या सुनार तह. घटिया जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सिंचित है। उक्त भूमि कृषि उपयोग की है। उक्त भूमि की चर्तुसीमा निम्नानुसार है-पूर्व में - भूमि लक्ष्मणसिंह की, पश्चिम में भूमि रामसिंह की, उत्तर में भूमि लक्ष्मणसिंह की, दक्षिण में -रास्ता है। मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी से उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी भूमि स्वामी को कर दिया है, अब अनुबंध पत्र एवं विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है। उक्त संपत्ति पर भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, वक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो। इति दिनांक 05/04/2026

**भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट**
**कार्या- सी-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 89891-45770**

## जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अशोकसिंह पिता ज्ञानसिंह जी कुशवाह निवासी जयसिंहपुरा उज्जैन ने मोहम्मद इब्राहीम पिता अब्दुल हमीद निवासी 47. गुदरी बाजार, खुदीराम बोस मार्ग, उज्जैन से उनके स्वामित्व एव आधिपत्य का एक प्लाट नबंर 47/3. 18/38 स्थित गुदरी बाजार उज्जैन में होकर प्लाअ को क्रय करने का सौदा कर टोकन बयाना राशि अदाकर सौदा चिट्ठी का निष्पादन कर लिया गया है तथा शीघ्र ही अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र निष्पादन करवाया जाना है, उक्त प्लाट में कोई अपना हित व हिस्सा या स्वत्व रखता हो या उक्त प्लाट पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी ।

इति दिनांक 04-04-2026 उज्जैन

**मोहित शर्मा ( एडवोकेट )**
**कार्यालय 35/8, विश्व विद्यालय मार्ग, उज्जैन**
**मो. 7747854295**


---

# मार्च के अंत में बड़ी गर्मी, अप्रैल की शुरूआत में कम

**उज्जैन।** मार्च माह के अंतिम दिनों में सूरज के तेवर काफी तीखे हो गये थे। तापमान 37 डिग्री पार होता दिखाई दे रहा था, लेकिन अप्रैल की शुरूआत होते ही मौसम में बदलवा नजर आ रहा है। तापमान 33 डिग्री पर आ गया है। पिछले कुछ महिनों से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में लगातार बदलवा दिखाई दे रहा है। मार्च की शुरूआत में बारिश आंधी के बाद अंत के दिनों में सूरज के तेवर काफी तीखे हो गये थे। 30 मार्च को दिन का तापमान 37 डिग्री पहुंच गया था, वहीं 31 मार्च और 1 अप्रैल के बीच रात का तापमान 21 डिग्री दर्ज हुआ था। ऐसा लगने लगा था कि गर्मी ने दस्तक दे दी है। लेकिन एक बार फिर से मौसम में बदलवा दिखाई दे रहा है। दिन में कभी धूप तो कभी बादलों की आवाजाही के साथ तेज हवा चलने लगी है। जिसके चलते शनिवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री पर आ गया। वहीं शुक्रवार-शनिवार रात न्यूनतम भी 19.5 डिग्री दर्ज किया गया। हवा 8 से 10 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही थी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का असर मध्यप्रदेश में दिखाई दे रहा है। साइक्लोनिक सकुलेशन और टर्फ सिस्टम की वजह से कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि होती रहेगी। शनिवार को प्रदेश के कई जिलों ओलावृष्टि, बारिश से मौसम पूरी तरह से बदला दिखाई दिया है। स्थानीय शासकीय जीवाजीराव वेधशाला की माने तो उज्जैन में हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। सोमवार तक तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। उसके बाद फिर तापमान में तेजी आयेगी लेकिन 9-10 अप्रैल को फिर से मौसम बदल सकता है। मौसम में बार-बार आ रहे बदलाव से लोगों के स्वास्थ्य पर असर पढता दिखाई देने लगा है।

# कैथोलिक चर्च में रात 2.45 बजे प्रभात वंदना और जुलूस

**ईसा मसीही के पुनरुत्थान का दिवस ईस्टर पर्व आज**

**उज्जैन।** ईसाई समुदाय के प्रभु यीशु को गुड फ्राइडे के दिन सूली पर चढ़ाया गया था, तीसरे दिन वह मृतकों में से जी उठे थे। आज प्रभु यीशु के पुनरुत्थान का पर्व ईस्टर के रूप मे मनाया जायेगा। इससे पहले शनिवार-रविवार रात 2.45 बजे कैथोलिक चर्च परिसर में प्रभात वंदना के साथ जुलूस निकाला गया।

धर्मग्रंथ बाइबल के अनुसार गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु को मानव जाति के उद्धार और पापों की क्षमा के लिये सूली पर अपने प्राण त्याग दिये थे और तीसरे दिन वह मृतकों में से जी उठे थे। शुक्रवार को ईसाई समुदाय ने गुड फ्राइडे मनाया था और कैथोलिक चर्च के साथ मसीही चर्च में दोपहर को प्रार्थना सभा के साथ क्रूस यात्रा निकाल गई थी। आज समाजजन ईस्टर मनायेगा। रात 2.45 बजे कैथोलिक चर्च में प्रभात वंदना की शुरूआत हुई। जिसकी अगुवाई आर्च बिशप सेवास्टियन वडक्केल द्वारा की गई। प्रभात वंदना में प्रभु यीशु के पुनरूत्थान की धर्म विधियों का अनुशरण किया गया। उसके बाद चर्च परिसर में जुलूस निकाला गया और खुशियां मनाई गई। इस दौरान समाजजन मौजूद रहे। आज सुबह 8.30 बजे पवित्र बलिदान के साथ आराधना होगी। मसीही चर्च में आज सुबह ईस्टर का उत्साह दिखाई देगा।

### 21 दिन मनायेगें स्वर्गारोहण दिवस

ईसाई धर्मग्रंथ बाइबल के अनुसार प्रभु यीशु मृतकों में से जी उठे के बाद 21 दिनों तक लोगों के बीच रहे थे और मानवता का संदेश दिया था। उसके बाद उन्हे आसमान में उठा लिये गये थे। उनके आसमान में उठा लेने का स्मरण करते हुए 21 दिनो बाद स्वर्गारोहण दिवस मनाया जायेगा। ईसाई समुदाय का मानना है कि प्रभु अंत के दिनों में एक बार फिर आयेगें।

# पारिवारिक विवाद में जहर खाने वाले युवक की मौत

**उज्जैन।** पारिवारिक विवाद में 2 दिन पहले जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की शनिवार को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा है।

महाकाल थाना एएसआई शंकरलाल कनौजिया ने बताया कि जयसिंहपुरा में रहने वाले कुणाल पिता राधेश्याम बागडी 24 साल की उपचार के दौरान मौत होने पर मर्ग कायम किया गया है। शनिवार को पोस्टमार्टम कराया गया, इस दौरान सामने आया कि पारिवारिक विवाद होने पर 2 दिन पहले जहरीला पदार्थ खाया था। कुणाल फूल प्रसाद की दुकान लगाता था और प्रेम विवाह किया था, उसकी 6 माह की बेटी भी है। एएसआई कनौजिया के अनुसार परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जायेगी। एक अन्य मामले में घौंसला की रहने वाली पार्वती पति जगदीश परमार 52 वर्ष ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। मर्ग डायरी संबंधित थाना पुलिस को जांच के लिये भेजी जायेगी।

# साधना का उद्देश्य



कभी तुमने गौर किया है कि नीरसता क्या है? अरुचि से या बिना प्रेम के किसी भी विषय को यदि बार–बार दोहराया जाए, तो हमारा मन उकता जाता है, यही तो नीरसता है। नीरसता एक परत की तरह हमारे स्वरूप को ढक देती है। आध्यात्मिक क्रिया, साधना का उद्देश्य है–नीरसता को दूर करना और फिर से आत्मा के साथ जुड़ जाना।

अभ्यास अपने आप में नीरसता लाता है, परंतु निरंतर अभ्यास नीरसता को पार करके उसे हमेशा के लिए समाप्त कर देता है। अभ्यास चाहे आनंद दे या फिर नीरसता, इसे जारी रखना है। केवल अभ्यास, तुम्हारी साधना ही तुम्हारे मन को वश में रख सकती है। स्वरूप प्रेम है और प्रेम हमेशा दोहराता रहता है। यही कारण है कि प्रेम–पत्र में एक ही बात दोहराते रहने पर भी वहां नीरसता नहीं होती।

यदि तुम अपने आप से ही ऊब गए हो, तो सोचो कि तुम दूसरों के लिए कितने अधिक नीरस हो चुके होगे? इसलिए निरंतर गहन ध्यान द्वारा अपने मन की नीरसता को जड़ से निकाल डालो। इसी में तुम्हारी सार्थकता है।

यदि तुम ध्यान करने में असमर्थ हो, क्योंकि तुम्हारा मन अत्यधिक चंचल है, तो सिर्फ यह महसूस करो कि तुम थोड़े से बेवकूफ हो, ऐसे में तुम गहन ध्यान में डूब सकोगे। तुम्हारी बुद्धि दरअसल तुम्हारी संपूर्ण चेतना का एक छोटा सा अंश है। यदि तुम बुद्धि में ही फंसे रहते हो, तब बहुत कुछ खो देते हो। प्रसन्नता तो तब आती है, जब तुम बुद्धि के परे जाते हो। जब तुम अचंभे की स्थिति में, हैरानी की हालत में होते हो या खुद को मूर्ख महसूस करते हो, तब तुम बुद्धि के परे जाते हो।



सम्पादकीय

## मतदान की चिंता

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अनेक जगह तनाव देखा जा रहा है और लोग सड़क पर भी उतर आ रहे हैं। मालदा में अभी भी तनाव है। वहां मतदाता सूची से नाम काटे जाने के विरोध में एक समुदाय विशेष के लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 12 को अवरुद्ध कर दिया था। इसके पहले बुधवार रात कालियाचक में भीड़ ने शाम के समय सात न्यायिक अधिकारियों को बीडीओ कार्यालय में बंद कर दिया था। इस घटना को सर्वोच्च न्यायालय ने उचित ही बहुत गंभीरता से लिया है और कालियाचक की घटना के मास्टर माइंड को फरार होने की कोशिश करते गिरफ्तार किया गया है। वह राजनीतिक कार्यकर्ता और वकील है, अतः उसके द्वारा न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने की साजिश एक बड़ा अपराध है। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ ने उचित ही कहा है कि यह प्रथम दृष्टया न्यायिक अधिकारियों का मनोबल गिराने और उन्हें अपने कर्तव्यों के निर्वहन से रोकने का सोची–समझी कोशिश है।

ऐसे में, ममता बनर्जी का यह कहना बहुत गंभीर है कि प्रशासन उनके हाथ में नहीं, चुनाव आयोग के हाथ में है। एक बड़ा सवाल पैदा होता है कि क्या एक मुख्यमंत्री के रूप में उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है? क्या बंगाल में चुनाव के दौरान किसी भी हिंसा के लिए चुनाव आयोग और केंद्रीय नेताओं को ही जिम्मेदार ठहराने की राजनीति होगी? चुनाव आयोग और केंद्र सरकार के प्रति ममता बनर्जी की नाराजगी नई नहीं है, वह मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में खुद बहस करने पहुंच गई थीं। उन्होंने अपने बड़े–बड़े नेताओं, वकीलों को भी सर्वोच्च न्यायालय में दलील पेश करने भेजा, ताकि किसी तरह से पुनरीक्षण रुक जाए, मगर ऐसा न हो सका। वहां मतदाता सूची पुनरीक्षण हो रहा है और शिकायत निवारण के लिए न्यायिक अधिकारी अंतिम दौर की सुनवाई कर रहे हैं। हां, चुनाव आयोग की ओर से यह खामी जरूर रही कि न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा का प्रबंध हर जगह चाक–चौबंद नहीं था। इस कमी पर सर्वोच्च न्यायालय ने भी आपत्ति करते हुए नए निर्देश जारी किए हैं। बहरहाल, यह अपने आप में परीक्षण का विषय है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर पश्चिम बंगाल में इतने विवाद क्यों हुए? इतने विवाद तो बिहार में भी नहीं हुए थे। उत्तर प्रदेश या दक्षिण के राज्यों में तो इसे लेकर कोई खास चर्चा भी नहीं है। क्या बंगाल में मतदाता सूची में ज्यादा गड़बड़ी थी और उसे बचाने या छिपाने की कोशिश की गई?

### कानून केवल सीटों का आरक्षण नहीं, बल्कि लोकतंत्र को समावेशी बनाने की दिशा में एक कदम

## नारी शक्ति वंदन अधिनियमः प्रतिनिधित्व से सशक्तिकरण तक



सौरभ वार्ष्णेय
दैनिक अवन्तिका

भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में महिलाओं की आबादी लगभग आधी है, लेकिन राजनीति में उनका प्रतिनिधित्व लंबे समय तक सीमित रहा। इसी असंतुलन को दूर करने के उद्देश्य से पारित महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) एक ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आया है। यह अधिनियम लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करता है। यह कानून केवल सीटों का आरक्षण नहीं, बल्कि लोकतंत्र को अधिक समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जब महिलाएं नीति-निर्माण में अधिक संख्या में शामिल होंगी, तो शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर अधिक संवेदनशील और प्रभावी निर्णय सामने आ सकते हैं। हालांकि अधिनियम पारित हो चुका है, लेकिन इसका क्रियान्वयन जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। यानी, इसके वास्तविक प्रभाव को देखने में समय लग सकता है। यह देरी कहीं न कहीं इसकी तत्काल प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगाती है।

सिर्फ कानून बना देने से ही महिलाओं का सशक्तिकरण सुनिश्चित नहीं होता। समाज में पितृसत्तात्मक सोच, राजनीतिक दलों में टिकट वितरण की असमानता, और चुनावी खर्च जैसे मुद्दे अभी भी बाधा बने हुए हैं। इसलिए जरूरी है कि राजनीतिक दल भी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाएं।यह अधिनियम राजनीतिक दलों की वास्तविक प्रतिबद्धता की भी परीक्षा है। क्या वे महिलाओं को केवल आरक्षित सीटों तक सीमित रखेंगे या सामान्य सीटों पर भी उन्हें पर्याप्त अवसर देंगे? यही इस कानून की सफलता का असली पैमाना होगा।नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय लोकतंत्र को अधिक न्यायपूर्ण और संतुलित बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर है। लेकिन इसकी सफलता केवल इसके पारित होने में नहीं, बल्कि इसके प्रभावी क्रियान्वयन और सामाजिक मानसिकता में बदलाव पर निर्भर करेगी। यदि इसे सही भावना और नीतियों के साथ लागू किया गया, तो यह भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है।

भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में महिलाओं की जनसंख्या लगभग आधी है, लेकिन संसद और विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व अभी भी सीमित बना हुआ है। यह स्थिति केवल आंकड़ों की असमानता नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गुणवत्ता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। जब निर्णय लेने वाली संस्थाओं में समाज के आधे हिस्से की भागीदारी कम हो, तो नीतियों में उनकी जरूरतों और दृष्टिकोण का समुचित प्रतिबिंब कैसे दिखाई देगा? भारत में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी का इतिहास संघर्ष और धीरे-धीरे हुए विस्तार का रहा है। स्थानीय निकायों में 33 प्रतिशत आरक्षण ने निश्चित रूप से महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई है, जिससे ग्रामीण स्तर पर नेतृत्व के नए उदाहरण सामने आए हैं। लेकिन यही प्रगति राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर नहीं दिखती। संसद में महिलाओं की संख्या अभी भी अपेक्षाकृत कम है, जो यह दर्शाती है कि राजनीतिक दलों की प्राथमिकताओं में महिलाओं को पर्याप्त स्थान नहीं मिल रहा। इस असंतुलन के पीछे कई कारण हैं–सामाजिक रूढ़िवादिता, आर्थिक निर्भरता, शिक्षा और अवसरों की कमी, तथा राजनीति में बढ़ता अपराधीकरण और धनबल। महिलाएं अक्सर चुनाव लड़ने के लिए आवश्यक संसाधनों और समर्थन से वंचित रहती हैं। साथ ही, राजनीतिक दल भी उन्हें ₹विनिंग कैंडिडेट₹ के रूप में कम आंकते हैं, जिससे टिकट वितरण में भेदभाव दिखाई देता है।हालांकि, हाल के वर्षों में महिला आरक्षण विधेयक को लेकर चर्चा और पहल ने उम्मीद जगाई है। यदि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू होता है, तो यह एक ऐतिहासिक कदम होगा, जो न केवल प्रतिनिधित्व बढ़ाएगा बल्कि नीति-निर्माण में संतुलन भी लाएगा।फिर भी, केवल आरक्षण ही समाधान नहीं है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता, और सामाजिक सोच में बदलाव भी उतना ही आवश्यक है। राजनीतिक दलों को चाहिए कि वे स्वेच्छा से अधिक संख्या में महिलाओं को टिकट दें और नेतृत्व के अवसर प्रदान करें। साथ ही, समाज को भी महिलाओं के नेतृत्व को स्वीकार करने की मानसिकता विकसित करनी होगी। एक सशक्त लोकतंत्र वही है जिसमें हर वर्ग की आवाज बराबरी से सुनी जाए। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल उनका अधिकार नहीं, बल्कि देश के समग्र विकास और बेहतर शासन की अनिवार्यता है। अब समय आ गया है कि आधी आबादी को आधा प्रतिनिधित्व भी मिले।

भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी लंबे समय से चर्चा का विषय रही है। देश की लगभग आधी आबादी होने के बावजूद संसद और विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व सीमित रहा है। ऐसे में महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) का पारित होना न केवल राजनीतिक सुधार का संकेत है, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी है। इस बिल के लागू होने को जनगणना और परिसीमन से जोड़ा गया है, जिससे इसकी प्रभावी क्रियान्वयन में कुछ समय लग सकता है। यही वह बिंदु है, जिस पर विपक्ष और कई विशेषज्ञ सवाल उठा रहे हैं। उनका मानना है कि यदि सरकार वास्तव में महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देती है, तो इसे जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए। इसके अलावा, यह भी जरूरी है कि आरक्षण केवल संख्या तक सीमित न रहे, बल्कि महिलाओं को वास्तविक नेतृत्व और निर्णय लेने की शक्ति भी मिले। इसके लिए राजनीतिक दलों को अपनी आंतरिक संरचनाओं में भी बदलाव लाने होंगे और महिलाओं को टिकट वितरण में प्राथमिकता देनी होगी। महिला आरक्षण बिल भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी और प्रतिनिधिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। लेकिन इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसे कितनी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ लागू किया जाता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि यह विधेयक केवल महिलाओं के अधिकारों की बात नहीं करता, बल्कि यह एक मजबूत, संतुलित और न्यायपूर्ण समाज की नींव रखने की कोशिश है।

## जनता देख रही है अपना पैसा, अपना विकास

जब किसी देश के गांव बदलते हैं, तभी उसका भविष्य बदलता है। आज भारत के गांवों में ऐसा ही ऐतिहासिक परिवर्तन दिखाई दे रहा है। कभी पंचायत कार्यालयों में धूल खाती फाइलें, महीनों तक रुके भुगतान और विकास योजनाओं पर उठते सवाल आम थे। लेकिन अब वही ग्राम पंचायतें डिजिटल व्यवस्था के बल पर नई पहचान बना रही हैं। ईग्रामस्वराज पोर्टल के माध्यम से ?3 लाख करोड़ से अधिक का भुगतान होना केवल सरकारी उपलब्धि नहीं, बल्कि गांवों में बदलती व्यवस्था का मजबूत प्रमाण है। यह सफलता बताती है कि अब विकास का धन कागजों में नहीं अटकता, बल्कि सीधे जरूरत और काम तक पहुंचता है। भारत के गांव अब केवल विकास की प्रतीक्षा नहीं कर रहे, बल्कि स्वयं विकास की दिशा तय कर रहे हैं।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बदलाव ने पंचायतों के कामकाज का पूरा स्वरूप बदल दिया है। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा विकसित ईग्रामस्वराज पोर्टल, ई-पंचायत अभियान का एकीकृत मंच है, जहां योजना, बजट, लेखा, निगरानी और भुगतान की पूरी प्रक्रिया एक साथ पूरी होती है। पहले ग्राम पंचायतों को अलग-अलग रजिस्टर, विभागीय मंजूरी और कागजी कार्यवाही पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे समय अधिक लगता था और गड़बड़ी की आशंका भी बनी रहती थी। अब पंचायतें गांव की जरूरत के अनुसार योजना बनाती हैं, उसे पोर्टल पर दर्ज करती हैं और काम पूरा होते ही भुगतान जारी कर देती हैं। सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली से जुड़ाव के कारण हर लेन-देन तुरंत दर्ज होता है और उसका पूरा विवरण सुरक्षित रहता है।

जहां कभी गांवों में विकास योजनाएं कागजों तक सीमित रहती थीं, वहीं आज वही गांव डिजिटल बदलाव की मिसाल बन रहे हैं। मार्च 2026 तक ईग्रामस्वराज पोर्टल से 3 लाख करोड़ से अधिक का भुगतान हो चुका है। केवल वित्तीय वर्ष 2025-26 में ही 53,342 करोड़ का हस्तांतरण हुआ। यह बताता है कि गांवों ने डिजिटल व्यवस्था को तेजी से अपनाया है। आज 2,59,798 पंचायती राज संस्थाएं और 1.60 करोड़ से अधिक विक्रेता इस मंच से जुड़े हैं। साथ ही 2,55,254 ग्राम पंचायतें अपनी विकास योजनाएं पोर्टल पर अपलोड कर चुकी हैं। इतनी बड़ी भागीदारी सिद्ध करती है कि ग्रामीण भारत अब तकनीक से दूर नहीं, बल्कि उसके साथ आगे बढ़ रहा है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 05 अप्रैल 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:19 सूर्यास्त 18:40
वैशाख मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - तृतीया 12:00 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र- विशाखा 24:08 उपरांत अनुराधा
योग - वज्र 14:44 उपरांत सिद्धि
करण - विष्टि
चन्द्रमा-तुला में है। 17:28 पर वृश्चिक में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 16 तारिख

**मेष-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। यात्रा मनोरंजक हो सकती है। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं।

**वृषभ-** व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग किए जा सकते हैं। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन-** मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्क-** व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। यात्रा सफल रहेगी।

**सिंह-** शत्रु सक्रिय रहेंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। किसी दूसरे व्यक्ति के काम में हस्तक्षेप न करें। विवाद होगा।

**कन्या-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें।

**तुला-** फालतू खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। आय में कमी होगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**वृश्चिक-** कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन हो सकता है। योजना फलीभूत होगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें।

**धनु-** आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। रुके कार्यों में गति आएगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। प्रमाद न करें।

**मकर-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि की आशंका बनती है।

**कुंभ-** सावधानी आवश्यक है। लेन-देन में जल्दबाजी से बचें। आय बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मीन-** भूमि-भवन व मकान-दुकान इत्यादि की खरीद-फरोख्त मनोनुकूल लाभ देगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

समसामायिक

## कोई लौटा दे मेरे बीते हुए दिन



किशन सनमुखदास
(दैनिक अवन्तिका)

वर्ष 1964 में दूर गगन की छांव में फिल्म का गीत कोई लौटा दे मेरे बीते हुए दिन सुनकर आज कई बड़े बुजुर्ग, विपत्ति पीड़ितों, दुखियारों की आंखों में आंसू आ जाते हैं और अपने बीते हुए दिनों की यादों में खो जाते हैं जो रेखांकित करने वाली बात है। हमारे आज के युवा राष्ट्र के युवाओं को इस पर मंथन करने की जरूरत है कि आखिर क्यों? वर्तमान प्रौद्योगिकी युग में भी मनीषियों द्वारा अपने पुराने दिनों को अच्छे दिन बताया जाता है। हालांकि यह गीत 1964 का है याने आज से 58 वर्ष पूर्व भी उस समय के बुजुर्गों के भाव ऐसे थे याने जैसे जैसे समय का चक्र अपनी तेज रफ्तार से चल रहा है, हर स्थिति को बदलता जा रहा है, विज्ञान प्रौद्योगिकी डिजिटलाइजेशन में तीव्रता से विकास स्वभाविक और समय की मांग है, परंतु आज माता-पिता बेटा-बेटी भाई-बहन संयुक्त परिवार से एकल परिवार और एकल परिवार में भी बहुत खटास के बढ़ते जाने को रेखांकित कर आज हर व्यक्ति को अपने आपसे प्रश्न पूछने को की जरूरत है कि क्यों उसे बीते हुए सुहाने दिनों की लालसा है? क्यों नहीं अपने स्वभाव में, जीवन शैली में परिवर्तन लाकर खुद और परिवार के बीते हुए दिनों की मिठास ला सकते हैं। आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से रिश्तों में मिठास लाकर अपने बीते हुए दिनों को लौटाने पर,खुशहाल करने पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम पुराने दिनों की यादों की करें तो इसकी शुरूआत हम बचपन के दिनों से करते हैं, मेरा मानना है कि सबको अपने बचपन के दिनों में अधिक सुकून मिला होगा, हर किसी को अपना बचपन याद आता है। हम सबने अपने बचपन को जीया है। शायद ही कोई होगा, जिसे अपना बचपन याद न आता हो। बचपन की अपनी मधुर यादों में माता-पिता, भाई-बहन, यार-दोस्त, स्कूल के दिन, आम के पेड़ पर चढ़कर 'चोरी से' आम खाना, खेत से गन्ना उखाड़कर चूसना और खेत मालिक के आने पर 'नौ दो ग्यारह' हो जाना हर किसी को याद है। चोरी और चिरौरी तथा पकड़े जाने पर साफ झूठ बोलना बचपन की यादों में शुमार है। बचपन से पचपन तक यादों का अनोखा संसार है।

साथियों, छुटपन में धूल-गारे में खेलना, मिट्टी मुंह पर लगाना, मिट्टी खाना किसे नहीं याद है और किसे यह याद नहीं है कि इसके बाद मां की प्यारभरी डांट-फटकार व रुंआसे होने पर मां का प्यारभरा स्पर्श! इन शैतानीभरी बातों से लबरेज है सारा बचपन।इसलिए पुराने दिनों की याद कर आज भी हम कहते हैं, हम भी अगर बच्चे होते,हम भी अगर बच्चे होते, नाम हमारा होता गबलू-बबलू, खाने को मिलते लड्डू,और दुनिया कहती हैप्पी बर्थडे टू यू',।

साथियों बात अगर हम अपने युवापन के यादों की करें तो हमारे रिश्तो में कुछ और रिश्तो की कड़ियां जुड़ी, हमें माँ बाप भाई बहन पति पत्नी सास ससुर न जाने कितने रिश्तों में जोडा है ये रिश्ते आसानी से जुड़ गए, जिससे बचपन की अपेक्षा स्थिति कुछ कठिन हुईरिश्तो में अपेक्षाकृत प्यार कम होता चला गया, लेकिन अब हम इन्हें कैसे बनाते है ।अच्छा या बुरा ,मजबूत या कमजोर ये हम पर निर्भर करता है और हर रिश्ता भावनाओ और आपसी समझ से एक दूसरे को जोड़ता है। और इन्हें प्यार के रिश्ते कहते है। और जो रिश्ता प्यार का और भावनाओ का बनता है उन्हें तोडना भी भुत मुश्किल है। और जिन रिश्तों में प्यार और भावनाये नही है वो शायद समाज के आगे दिखावे के लिए जुड़े भी रहे लेकिन दिल में ज्यादा दिन तक रहते है। अब जैसे पति और पत्नी दोनों एक दूसरे के लिए अनजान है और न ही इनका खून का रिश्ता होता है। फिर भी ये एक दूसरे के लिए बहुत खास होते है क्यों की इनका प्यार और आपसी समझ और भावनाये इन्हें हमेसा जोड़े रखती है।

## हीमोग्लोबिन लेवल बढ़ाने के लिए यह लड्डू जरुर खाएं

क्या आपको चक्कर आना या कमजोरी महसूस होती है, तो यह संकेत हीमोग्लोबिन लेवल कम होने के हो सकते है। ऐसे में आप शरीर में आयरन का लेवल बढ़ाने और ताकत देने के लिए आप अपनी डाइट में सत्तू के लड्डू एड ऑन कर सकते हैं।

अगर आपके ब्लड रिपोर्ट में हीमोग्लोबिन का लेवल कम आए तो इसे गंभीरता से जरुर लें। इसे नजरअंदाज करना गलत हो सकता है। खून की कमी नॉर्मल नहीं है और इसका असर आपके शरीर के कई हिस्सों पर पड़ सकता है। खून की कमी से चक्कर आना, कमजोरी, थकान महूसस होना, स्किन का पीला पड़ना और सांस लेने में दिक्कत होती है। महिलाओं को खून की कमी पुरुषों की तुलना में अधिक देखने को मिलती है। अगर आपको भी उठते-बैठते समय चक्कर आ जाते हैं और आपका हीमोग्लोबिन लेवल भी कम हो रहा है, तो आप अपनी डाइट में सत्तू के लड्डूओं का शामिल करें। यह आपकी थकान, कमजोरी दूर करेगा और आपकी बॉडी को शक्ति प्रदान करेगा।



### हीमोग्लोबिन का लेवल बढ़ाने के लिए सत्तू के लड्डू खाएं

- सत्तू के लड्डू आयरन और प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है। यह शरीर को ताकत देता है और स्किन हेल्थ को सुधारता है और स्वीट क्रेविंग्स को भी कम करता है।
- एक लड्डू खाने से दिन में स्वीट क्रेविंग्स भी नहीं होगी। शरीर को ताकत मिलेगी और खून की कमी भी दूर होगी।
- आप सत्तू का चीला भी बना सकते हैं, जो काफी हेल्दी रहेगा ।
- घी, गुड़ और मेवे के साथ सत्तू के लड्डू को आप घर पर बना सकते हैं। इन लड्डू के सेवन से खून की कमी दूर होती है।
- सत्तू में आयरन और फोलेट भरपूर मात्रा में होते हैं। जो खून में रेड ब्लड सेल्स यानी आरबीसी बढ़ाने में मदद करता है।
- रोजाना एक लड्डू के सेवन से आपका हीमोग्लोबिन का लेवल बढ़ेगा। हड्डियां आपकी मजबूत होंगी।

धर्म–आस्था

## क्या आप भी घर के पूजा कक्ष रखते हैं इन भगवानों की तस्वीरें?

घर के पूजा कक्ष में सभी देवी-देवताओं की पूजा की जा सकती है, लेकिन वास्तु और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कुछ देवताओं की तस्वीरें या मूर्तियाँ रखने से नकारात्मक प्रभाव हो सकता है। वास्तु और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, निम्नलिखित देवताओं की तस्वीरें या मूर्तियाँ पूजा कक्ष में नहीं रखनी चाहिएकिन देवताओं की तस्वीरें अशुभ मानी जाती हैं?

### भैरव बाबा की मूर्ति या तस्वीर

घर के पूजा कक्ष में काल भैरव, बटुक भैरव, या उग्र भैरव की तस्वीर या मूर्ति रखना अशुभ हो सकता है। भैरव देवता उग्र रूप में होते हैं और उनकी पूजा विशेष विधि से करनी होती है। यदि पूजा सही तरीके से न हो, तो घर में अशांति और समस्याएँ आ सकती हैं।

### उग्र रूप में माता काली की तस्वीर

उग्र रूप वाली काली माता, जिनमें वे रक्तपान या युद्ध मुद्रा में हैं, उन्हें घर के मंदिर में रखना शुभ नहीं माना जाता। ये तस्वीरें अशांति, भय, और नकारात्मक ऊर्जा ला सकती हैं।

### नरसिंह अवतार की उग्र मुद्रा वाली तस्वीर

भगवान नरसिंह अवतार की उग्र मुद्रा, जहाँ वे हिरण्यकशिपु का वध कर रहे हैं, पूजा कक्ष में नहीं होनी चाहिए। यह तस्वीर परिवार में क्रोध, कलह और तनाव को बढ़ा सकती है।



### शिवजी का तांडव मुद्रा में चित्र

भगवान शिव का रौद्र या तांडव मुद्रा वाला चित्र घर में पूजा कक्ष में नहीं रखना चाहिए। यह परिवार में अस्थिरता और नकारात्मक ऊर्जा ला सकता है।

### महाभारत युद्ध की तस्वीरें

महाभारत युद्ध के दृश्य या श्रीकृष्ण का अर्जुन को विराट रूप दिखाने वाली तस्वीरें घर में नहीं रखनी चाहिए। ये संघर्ष, क्लेश और मानसिक अशांति को जन्म दे सकती हैं।

### शनिदेव की तस्वीर या मूर्ति

घर के पूजा स्थान में शनिदेव की मूर्ति या तस्वीर नहीं रखनी चाहिए। शनिदेव की पूजा विशेष विधि से की जाती है और गलत तरीके से पूजा करने से नकारात्मक प्रभाव हो सकता है।

### मृत पूर्वजों (पितरों) की तस्वीरें

घर के मंदिर में पूर्वजों (पितरों) की तस्वीरें रखना उचित नहीं होता। पितृ तर्पण और भगवान की पूजा अलग-अलग स्थानों पर होनी चाहिए।

ध्यान रखें कि मंदिर में भगवान की खंडित, रोती हुई, डूबते सूर्य या जल में डूबते भगवान की तस्वीरें, क्रोधित हनुमान जी की जली हुई पूंछ वाला चित्र ना रखें। ये तस्वीरें मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा को प्रभावित कर सकती हैं। इसके अलावा एक ही देवता की दो या अधिक मूर्तियाँ मंदिर में रखना विरोधाभास और ऊर्जा असंतुलन का कारण बन सकता है। गहरे काले रंग की मूर्तियाँ और चित्र भी पूजा घर में नहीं रखने चाहिए। अगर पूजा घर में स्त्रियाँ भी पूजा करती हैं, तो हनुमान जी की मूर्ति रखने से भी बचें। उनकी मूर्ति आप किसी विशेष स्थल पर रख सकते हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,51,200, रवा- 1,51,000 चांदी- टंच- 2,34,000 पाट- 2,33,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## कलेक्टर ने मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का किया औचक निरीक्षण

ब्यावरा। राजगढ़ कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने खिलचीपुर विकासखंड अंतर्गत संचालित मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रयोगशाला में संचालित मिट्टी परीक्षण की प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों से परीक्षण की विधि एवं उसकी उपयोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रयोगशाला में साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान मृदा परीक्षण की गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने गंभीरता जताते हुए संबंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मृदा परीक्षण कार्य को पूर्ण पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ संचालित किया जाए, जिससे कृषकों को उनकी भूमि की उर्वरता के अनुरूप सही मार्गदर्शन प्राप्त हो सके और कृषि उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित हो।

## निष्पादन से अवशेष 24 कम्पोजिट मदिरा दुकानें विभागीय संचालन पर

**राजगढ़।** जिला आबकारी अधिकारी द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु घोषित नवीन आबकारी नीति के अंतर्गत अब तक कुल 133 मदिरा दुकानों का निष्पादन किया जा चुका है। इस निष्पादन से अब तक वर्ष 2026-27 हेतु लगभग 176 करोड रुपए का राजस्व सुरक्षित किया गया है, जो कि नवीन नीति के अनुसार प्रस्तावित राजस्व का लगभग 55 प्रतिशत है। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए जिला राजगढ की 157 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का आरक्षित मूल्य 315 करोड रुपए निर्धारित किया गया था। 11 वें चरण तक निष्पादन से अवशेष 34 मदिरा दुकानों के राजस्व सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निदेर्शानुसार होमगाईस द्वारा आबकारी विभाग के पर्यवेक्षण में संचालित किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार इन 34 मदिरा दुकानों का ठेका ना होने की वजह से 31 मार्च की रात्रि में ठेका समाप्त हो जाने पर आबकारी विभाग ने अपने नियंत्रण में ले लिया है।आगामी वित्तीय वर्ष के लिए इन दुकानों का ठेका दिये जाने की प्रक्रिया चालू है जो शासन से प्राप्त निदेर्शों के अनुसार ई-टेण्डर तथा ई-टेण्डर कम ऑक्शन द्वारा की जाती है।

## श्री अंजनीलाल धाम पर सामुहिक सुंदरकाण्ड का हुआ भव्य आयोजन




**ब्यावरा।** हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर श्री अंजनीधाम पर सामुहिक सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन रखा था. इस आयोजन में शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं को भगवान श्री अंजनीलाल का अद्भुत और अविस्मर्णीय चमत्कार देखने को मिला. सुंदरकाण्ड के समापन उपरांत आरती के पूर्व खूब तेज हवाओं के साथ पवनदेव ने अपनी उपस्थिति दिखाई, फिर आरती के समय हवा शांत हो गई. आरती के पश्चात जैसे ही पं. विजय शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से पुष्पांजलि अर्पित कर भगवान की विदाई का आह्वान किया वैसे ही तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली चमकी और चंद मिनिट में मूसलाधार बारिश शुरू हो गई. सुंदरकाण्ड के इस आयोजन में मौजूद हर श्रद्धालु का यही कहना था कि भगवान श्री अंजनीलाल ने जैसे इंद्र देव को आरती होने तक रोक रखा था. जैसे ही आरती हुई और पांच मिनिट के अंदर श्रद्धालु अपने आसन से उठकर जाने लगे उसी वक्त इतनी तीव्रता के साथ पानी आया कि एक भी श्रद्धालु बिना भींगे नहीं रह सका. ऐसी मूसलाधार बारिश शुरू हुई कि सभी श्रद्धालुओं को मंदिरों के गर्भगृह, सत्संग भवन, कार्यालय में छुपना पड़ा. तमाम प्राकृतिक आपदा के साथ तकनीकि खराबी , विद्युत का गुल हो जाना आदि कई प्रतिकूल परिस्थिति देख कर हर श्रद्धालु ने इस घटना को भगवान श्री अंजनीलाल का साक्षात चमत्कार मानकर ईश्वर को बारंबार प्रणाम किया।

## अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बने भगवान सिंह अहिरवार

**गुना।** जिला कांग्रेस कमेटी गुना में अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पद पर भगवान सिंह अहिरवार की नियुक्ति की गई है। इस नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकताओं में एक तरफ जहां हर्ष की लहर है, वहीं दूसरी तरफ उत्साह पूर्वक उनके चाहने वालों और नाते रिश्तेदारों सहित इष्ट मित्रों द्वारा जगह जगह स्वागत किया जा रहा है। स्वागत और बधाई तथा शुभकामनाएं देने का सिलसिला मोबाइल, सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म के अलावा मौखिक रूप से माला पहनाकर किया जा रहा है। जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बताया कि भगवान सिंह अहिरवार लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े रहे हैं और सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे कांग्रेस के कई महत्वपूर्ण पदों पर भी दायित्व सम्भाल चुके हैं। उनकी नियुक्ति से अनुसूचित जाति वर्ग के बीच संगठन को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यकताओं ने उन्हें बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में गति मिलेगी। इस मौके पर अंबेडकर चौराहे पर पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, कांग्रेस पार्षद रामवीर जाटव, रणवीर सिंह कुशवाह, गंगाराम अहिरवार, हीरालाल अहिरवार, रविन्द्र जाटव, पंकज कनेरिया, धर्मेन्द्र धाकड़ आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

# सेहत से सौदा- शुद्ध पानी के नाम पर प्यास से खिलवाड़, परोस रहे बीमारियां

### गर्मी में बढा कारोबार, ठंडे पानी की मांग भी बढ़ी, पेय पदार्थ की जांच जरूरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

शहर में फिल्टर वाटर के नाम पर लोगों को चिल्ड वाटर दिया जा रहा है। फिल्टर पानी के नाम पर सारंगपुर में लोग भी धोखा खा रहे हैं। शुद्ध पानी समझकर उपयोग में लेने वाले लोगों को यह भी पता नहीं की जो पानी उन्हें पीने के लिए मिल रहा है वह शुद्ध है या नहीं, हालांकि, गर्मी बढने के साथ ही पानी की मांग भी बढ गई है, आगे और भी बढेगी। नगर में इस समय आरओ के लगभग आधा दर्जन करीब प्लांट संचालित हो रहे है, लेकिन समय-समय पर इनकी जांच नहीं होने से संचालक फिल्टर वाटर के नाम पर महज चील्ड वाटर ही सप्लाई कर रहे हैं।

शहर की बात की जाए तो शहर में प्रतिदिन एक हजार से अधिक पानी की केन घर, दुकानों, सरकारी व प्राइवेट ऑफिसों और बाजार में सप्लाई हो रही है। इससे हर महीने संचालक लाखों का कारोबार कर रहे है। लेकिन खास बात यह है कि, लोग इस पानी को शुद्ध मानकर पी रहे है, जबकि, इसकी शुद्धता की कोई गारंटी नहीं है। शहरवासियों के स्वास्थ्य को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्रवाई करना तो दूर की बात किसी ने कभी कोई ध्यान तक देना उचित नहीं समझा। इस कारण आरओ प्लांट संचालक भी अपनी मनमानी कर रहे हैं। रोज एक हजार से ज्यादा केन (20 लीटर क्षमता वाली) सप्लाई हो रही है। 20 लीटर वाली पानी की केन के 20 से 25 रुपए तक लेकर रोज घरो, ऑफिसों व प्रतिष्ठानों के साथ ही शादी समारोह के कार्यक्रमों में मैरिज गार्डन पर पहुंचाई जाती है। जहां तक व पानी की गुणवत्ता का सवाल है तो इस बारे में कोई भी कुछ बताने की स्थिति में नहीं है।




**सीधे टंकियों से हो रहा सप्लाई**

प्लांट संचालक अब केन के माध्यम से दुकानों, घरों व ऑफिसों में पानी नहीं पहुंचा रहे है। देखने में आ रहा है कि, प्लांट संचालक बडी टंकियों में पानी भरकर गाडियों के माध्यम से बाजार में दुकानों पर पहले से रखी गई केन में पानी भर देते हैं। 20 रुपए प्रतिदिन प्रति केन लेने के बाद भी पानी सप्लाई की यह स्थिति बताती है कि, जो पानी शहर में सप्लाई हो रहा है वह मिनरल नहीं बल्कि महज चील्ड वाटर ही है।

**स्वास्थ्य के लिए शुद्ध पानी जरूरी**

शहर में चिल्ड पानी केनों के माध्यम से लोगों तक पहुंचा दिया जाता है। अधिकांश लोग इसे मिनरल वाटर समझकर खरीदते हैं। यही वजह है कि, चिकित्सक भी पेट रोग जनित बीमारी के मरीज को मिनरल वाटर पीने की सलाह देते हैं। लेकिन आरओ लगवाना आम आदमी की जेब पर भारी पड;ता हैं। ऐसे में शहर में केन भरकर सप्लाई किए जाने वाले पानी को लोग खरीद रहे हैं।

**पानी पाउच, ठंडे पेय पदार्थ की जांच जरूरी-** गर्मी बढने के साथ ही ठंडे पेय पदार्थों की मांग भी बढ गई है। ऐसे में पानी के पाउच, तमाम तरह की बोतलों में बंद ठंडे पेय पदार्थों की भी जांच आवश्यक है। क्योंकि, आमजन बिना जांचे परखे प्यास बुझाने के लिए पानी के पाउच, लोकल स्तर पर तैयार की गई छोटी-छोटी बोतलों में बंद ठंडा पेय का प्रयोग कर लेते हैं। यही वजह है कि, समय-समय पर इनकी भी जांच जरूरी है।

**शादियों के सीजन में कोई नहीं देता ध्यान-** शहर में फिल्टर वाटर के नाम पर लोगों को ठंडा पानी पिलाया जा रहा है। इसके अलावा शादियों के सीजन में बडी संख्या में पानी की केन शादी समारोह एवं आयोजनों में पहुंचती हैं, लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं होती की केन में भरा पानी फिल्टर वाटर है या फिर महज ठंडा कर पहुंचाया गया है।

## जिला अस्पताल में शुरू हुई आधुनिक बेडशीट धुलाई व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के प्रयासों से जिला अस्पताल राजगढ़ में आधुनिक हाई-कैपेसिटी वॉशिंग मशीनों के माध्यम से बेडशीट धुलाई की नई व्यवस्था प्रारंभ की गई है। इस पहल से अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ ही मरीजों को संक्रमण के खतरे से राहत मिलेगी। जिला अस्पताल में स्थापित तीन हाई-कैपेसिटी मशीनों के माध्यम से अब मात्र 30 मिनट में लगभग 100 बेडशीट की धुलाई संभव हो सकेगी। पूर्व में बेडशीट की धुलाई नालों, नदी के पानी में करवाई जाती थी, जिसमें अधिक समय लगने के साथ संक्रमण का खतरा भी बना रहता था। नई व्यवस्था के तहत अब धुलाई कार्य अस्पताल परिसर में ही वैज्ञानिक एवं सुरक्षित तरीके से किया जाएगा। कलेक्टर के निर्देशन में अस्पताल की व्यवस्थाओं को निरंतर उन्नत किया जा रहा मरीजों को साफ एवं स्वच्छ बेडशीट उपलब्ध कराई जा सकेगी।

## कलेक्टर ने ढाबली कला गौशाला का किया निरीक्षण

**ब्यावरा।** राजगढ कलेक्टर ने खिलचीपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत ढाबली कला स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला परिसर में संचालित प्राकृतिक खेती से संबंधित गतिविधियों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने यहां संचालित बीआरसी के अंतर्गत जैविक खाद एवं जैविक दवाई निर्माण इकाई का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने बंद पड़ी यूनिट को शीघ्र क्रियाशील करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को जैविक उत्पादों का लाभ मिल सके।

# खेत पर पहुंचकर देखी जैविक खेती की नवाचार पहल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ कलेक्टर ने जीरापुर विकासखंड के ग्राम घोगड़पुर में किसान श्रीलाल चौहान के खेत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खेत पर संचालित बीआरसी (जैविक संसाधन केंद्र) यूनिट एवं चूजे पालन गतिविधियों का अवलोकन किया तथा किसान द्वारा अपनाई गई आधुनिक एवं जैविक खेती की विधियों की सराहना की। वर्तमान समय में जैविक खेती न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे किसानों की आय में भी वृद्धि संभव है। उन्होंने कहा कि बीआरसी यूनिट जैसे नवाचार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इस प्रकार की इकाइयों के माध्यम से जैविक खाद एवं दवाइयों का निर्माण कर लागत को कम किया जा सकता है और मृदा की उर्वरता को बनाए रखा जा सकता है।



कलेक्टर ने चूजे पालन गतिविधि को भी किसानों के लिए आय के अतिरिक्त स्त्रोत के रूप में बताया और कहा कि कृषि के साथ पशुपालन एवं अन्य सहायक गतिविधियों को जोड़कर किसान अपनी आर्थिक स्थिति को और सुदृढ़ बना सकते हैं।

**आय बढ़ाने व पशु चारा सुरक्षित रखने के दिए निर्देश**

राजगढ़ कलेक्टर ने जीरापुर विकासखंड के ग्राम धानोदा में कृषक भेरूलाल के यहां नरवाई प्रबंधन के अंतर्गत संचालित भूसा बनाने वाली मशीन का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मशीन की कार्यप्रणाली की जानकारी ली तथा किसानों को नरवाई जलाने के स्थान पर उसका वैज्ञानिक प्रबंधन कर भूसा तैयार करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि नरवाई जलाना न केवल

**जाहिर सूचना प्रतिवाद**

इस जाहिर सूचना द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, दिनांक 31/03/2026 को समाचार पत्र दैनिक अवंतिका के पृष्ठ क्रमांक 5 पर प्रकाशित एक जाहिर सूचना जो श्री राजकुमार प्रजापत एडवोकेट द्वारा उनके पक्षकार द्वारा मेरे पक्षकारगण श्रीमती रमादेवी पत्नि मधुसुदन शर्मा एवं मुकेश शर्मा तथा रानो रिंगों पिता मधुसूदन शर्मा के स्वामित्व व आधिपत्य के भूखंड क्रमांक 634 वैशाली नगर उज्जैन जो कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 4142 पर है को पुरुषोत्तम चौहान पिता चतुर्भूज चौहान, निवासी 53/1, मालीपुरा उज्जैन से क्रय करने के संबंध में प्रकाशित कराई गई वह असत्य एवं दुर्भावनापूर्ण है। कोई भी व्यक्ति दिनांक 31/03/2026 को प्रकाशित उक्त जाहिर सूचना से भ्रमित या प्रभावित न हो। मेरे पक्षकारगण के पति एवं पिता स्व. श्री मधुसूदन शर्मा ने उक्त भूखण्ड अवंतिका गृह निर्माण सहकारी संस्था से क्रय किया था। अवंतिका गृह निर्माण सहकारी संस्था ने मेरे पक्षकारगण के पिता को उक्त प्लाट/भूखंड को दिनांक 15/12/1981 को आवंटित कर आधिपत्य भी सौंप दिया था, मेरे पक्षकारगण का ही आधिपत्य उक्त भूखण्ड क्रय करने की दिनांक से चला आ रहा है। उक्त जाहिर सूचना प्रकाशनकर्ता पुरुषोत्तम अथवा अन्य किसी भी व्यक्ति को उक्त मेरे पक्षकारगण के स्वामित्व व आधिपत्य के भूखण्ड को विक्रय करने का कोई अधिकार प्राप्त नही है। उक्त प्रकाशित जाहिर सूचना में उल्लेखित पुरूषांत्तम चौहान पिता चतुर्भुज चौहान असत्य रूप से तथा बिना किसी आधार पर अपना स्वामित्व दर्शा रहे है। इस उपरोक्त उल्लेखित भूखण्ड के संबंध में मेरे पक्षकारगण के पिता ने न्यायालय माननीय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश महोदय द्वितीय श्रेणी के समक्ष, वैशाली नगर गृह निर्माण संस्था व लक्ष्मी मिश्रा पति विष्णु मिश्रा, के विरुद्ध स्थाई निषेधाज्ञा की सहायता प्राप्त करने हेतु वाद/दावा क्रमांक 31 ए/1998 प्रस्तुत किया था। उपरोक्त वाद मेरे पक्षकारगण के हित मे दिनांक 12/12/2002 को जयपत्रित किया गया। उपरोक्त वाद क्रमांक 31 ए/1998 में पारित आदेश दिनांकित 12/12/2002 के विरुद्ध स्व, श्रीमती लक्ष्मी मिश्रा ने अपील क्रमांक 18 ए/03 माननीय द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत की थी जो अपील न्यायालय ने दिनांक 02/12/2003 को आदेश पारित कर प्रकरण क्रमांक 31 ए/1998 मे दिनांक 12/12/2002 को स्वीकार की गई थी। उक्त माननीय द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश द्वारा अपील प्रकरण क्रमांक 18 ए/03 मे पारित आदेश दिनांकित 02/12/2003 के विरुद्ध द्वितीय अपील क्रमांक 312/2004 मेरे पक्षकारगण के पिता द्वारा प्रस्तुत की गई है जो वर्तमान में सम्माननीय म.प्र. उच्च न्यायालय इंदौर बेंच के समक्ष लंबित है। इस प्रकार उक्त पुरुषोत्तम पिता चतुर्भुज चौहान अथवा अन्य किसी भी व्यक्ति को मेरे पक्षकारगण के स्वामित्व व आधिपत्य के 634 वैशाली नगर उज्जैन स्थित भूखण्ड को किसी भी प्रकार से विक्रय पत्र आदि द्वारा हस्तांतरण करने का कोई स्वत्व व आधिकार प्राप्त नहीं है। उक्त जाहिर सूचना का प्रकाशन असत्य रूप से कर मेरे पक्षकारगण के स्वामित्व व आधिपत्य के उक्त भूखंड को जालसाजी व षडयंत्रपूर्वक हड़पने का प्रयत्न किया जा रहा है। मेरे पक्षकारगण उक्त प्रकाशित जाहिर सूचना का खंडन कर प्रतिवाद करते हैं। इसके उपरांत भी यदि किसी व्यक्ति ने उक्त पुरुषोत्तम चौहान पिता चतुर्भुज चौहान, निवासी-53/1, मालीपुरा उज्जैन या किसी भी अन्य व्यक्ति से उपरोक्त उल्लेखित मेरे पक्षकारगण के स्वामित्व व आधिपत्य के भूखंड क्रमांक 634 वैशाली नगर उज्जैन के भूखण्ड पेटे कोई धन राशि उक्त पुरुषोत्तम पिता चतुर्भूज चौहान आदि को या किसी अन्य व्यक्ति को दी तो वह दंडनीय होकर मेरे पक्षकारगण पर किसी भी प्रकार से बंधन कारक नहीं होगा तथा उसके लिए अनुबंध करने वाला, रुपए देने वाला व्यक्ति अथवा क्रेता स्वयं ही जवाबदार होगा। सूचित हों। इति दिनांक : 05/04/2026 स्थान : उज्जैन

**राजशेखर शर्मा, एडव्होकेट 34, छत्री चौक, उज्जैन**
**मोबाईल 98260-60282**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी श्रीमती लता शिंदे पति स्वर्गीय श्री सुनील शिंदे निवासी 3 महाकाल घाटी महाकाल थाने के पास 24 खम्बा मार्ग उज्जैन मध्य प्रदेश के एकल मालिकी स्वामित्व में भवन क्रमांक 155 म्यू.क्रमांक 217 का दक्षिण दिशा का भाग जिसे वर्तमान म्यू नं- 217/01 होकर म.प्र. गृह निर्माण मंडल उज्जैन की शास्त्री नगर योजना उज्जैन म. प्र. में स्थित है भवन की पैमाईश में लंबाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर से दक्षिण 15.24 मीटर उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व से पश्चिम 04.57 मीटर होकर भवन का कुल क्षेत्रफल 69.64 वर्ग मीटर है भवन की चतुर्सीमा में पूर्व दिशा में रास्ता कॉलोनी का पश्चिम में गली/नाली उत्तर में जायसवाल का मकान दक्षिण में मकान/भूमि केदार शर्मा की, भवन का भूखंड म. प्र. गृह निर्माण मंडल उज्जैन के लीज होल्ड राइट्स का है एवं निर्मित स्ट्रक्चर फ्रीहोल्ड राइट्स का है उक्त भवन को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है शेष राशि का भुगतान कर केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है उक्त भवन पर LIC HOUSING FINANCE CO. का गृह ऋण है पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी ,संस्था, समूह ,वित्तीय निकाय ,बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्ध शासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार,बोझ,दान,विक्रय, बक्षीस बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक 04-04-2026

**एडवोकेट हितेश कुशवाह**
**19 तुलसी नगर आगर रोड उज्जैन**
**मो.नं 98269-26558**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्रीमती वन्दना जैन पति श्री नागेश जैन, निवासी-79, गोन्दा चोकी, उज्जैन से उनके स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक-61 एवं 62, सेक्टर 'ए' विनायक ग्रीन कॉलोनी, आगर रोड़, उज्जैन मे स्थित है उक्त दोनो भूखण्ड जिस पर भवन निर्मित है का कुल क्षेत्रफल 151.50 वर्ग मीटर है जिसके पूर्व में-भूखण्ड क्रमांक 35 व 36, पश्चीम में सडक कॉलोनी की, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 63, तथा दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक-60 मिला है का सोदा मय फिटींग एवं फीचर्स समान सहीत मेरे पक्षकार ने सोदा कर सोदा राशि अदा कर स्वयं के हित मे दस्तावेज सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया हैं तथा जाहिर सुचना के प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने की दशा में सौदा चिट्ठी के पालन मे बयाना राशि अदा कर विधिवत रूप से मेरे पक्षकार के हित मे दस्तावेज अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जावेगा तथा निष्पादित अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार निहित समयावधि में शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जावेगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी बैंक का या उक्त समपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सुचित हो। इति दिनांक-04.04.2026

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय-डी.एफ.-9, भरतपुरी काम्पलेक्स देवास रोड, उज्जैन**

## भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर की रथ यात्रा का महिदपुर में स्वागत



**महिदपुर।** महिदपुर शहर में बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति अजाक संगठन और अन्य सहयोगी संगठन द्वारा बाबा साहब की रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। रथ यात्रा में बाबा साहब की प्रतिमा पर जगह जगह माल्यार्पण किया गया बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति द्वारा रथ यात्रा के स्वागत सम्मान के लिए दो जगह मंच बनाया गया बाबा साहब की प्रतिमा स्थल एवं पुराना बस स्टैंड विजय स्तंभ के पास। तत्पश्चात रथ यात्रा नारायणा रोड़ स्थित डॉक्टर बी आर अम्बेडकर मांगलिक भवन पहुंची जहां समिति के सदस्यो द्वारा रथ यात्रा में उपस्थित अजाक के जिला अध्यक्ष रतनलाल परमार और उनके साथियों का सम्मान किया गया। जिला अध्यक्ष रतनलाल परमार और उनके साथ बाबूलाल थावलिया नारायण चैहान, विजय सूर्यवंशी, रमेश देवड़ा, गिरधर मालवीय, रमेशचंद सूर्यवंशी, विक्रम सिंह सोलंकी, दर्यावसिह गेहलोत, मोहनलाल सूर्यवंशी, उपस्थित सभी प्रबुद्धजन द्वारा बाबा साहब के छाया चित्र पर माल्यर्पण किया गया। अजाक जिला अध्यक्ष द्वारा बाबा के विचारों पर प्रकाश डाला गया इसी कड़ी में समाज सेवी बाबूलाल थावलिया द्वारा समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रहार करते हुऐ समता समानता और समरसता की बात रखी। बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति ओर अजाक संगठन की ओर से आभार तहसील अध्यक्ष बी एल परमार द्वारा माना गया।

## शासकीय विद्यालय में आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम



**इंगोरिया।** स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय में शनिवार को छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिये भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय में किया गया. मुख्य अतिथि जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग से सुश्री निधि जायसवाल ने छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन विद्यालय आना एवं अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे लक्ष्य में लगातार संघर्ष एवं प्रयत्न करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया, छात्र-छात्राओं को उनके द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप भेंट भी दी गई, जिससे वे जीवन में प्रगति एवं उन्नति कर सके, विद्यालय की ओर से विद्यालय के प्राचार्य महेश मालवीय, विद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य मनीष बैरागी, अमित वर्मा, श्रीमती अभिलाषा सेंगर आदि स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार मनीष बैरागी के द्वारा माना गया।

## प्रगणक और सुपरवाईजर की पहली बैच का प्रशिक्षण संपन्न

**ब्यावरा।** ब्यावरा शहर में कार्यरत 90 प्रगणक एवं 16 सुपरवाईजर में से 34 प्रगणक व 6 सुपरवाईजर की पहली बैच का प्रशिक्षण 01 अप्रैल से 04 अप्रैल 2026 तक आहूत किया गया। जिसका शुभारंभ चार्ज अधिकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद ने उक्त प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया। जिसमें मास्टर ट्रेनर दिलीप कसेरा एवं देवीलाल मालवीय ने बताया कि सर्वप्रथम प्रगणकों को नजरी नक्शा बनाना है। अपने ब्लाक में जाकर पहले नजरी नक्शा बनाएं। सभी घरों को क्रमानुगत नंबर देवें। जनगणना के उददेश्य, काननू की जानकारी, कालम के 70 प्रश्नों के बारे मे जानकारी दी गई जिसमें घर की दीवार, छत, फर्स एवं व्यक्तिगत जाानकारियां मुखिया, परिवार के सदस्य, दम्पत्ति, पेयजल शौचालय, नाली, एलपीजी गैस, ईधन मोबाईल टेलीविजन स्मार्ट फोन, टेलीविजन, इंटरनेट मोटर सायकिल जीप खाने वाले अनाज और व्यक्ति का मोवाईल नंबर फीड डेमो के रूप में डेमो पोर्टल पर फिडिंग का कार्य किया। राजेद्र सिटी, कालेज के सामने रोड के दोनो ओर के एरिया में अलग अलग दल बनाकर जनगणना का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर जनगणना शहरी लिपिक योगेश अग्रवाल, प्रगणक सुरेश भदौरिया, सुपरवाईजर अतीश अग्रवाल के साथ पूरी टीम व अन्य सुपरवाईजर उपस्थित थे।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री उज्वल पटेल पिता श्री धर्मेन्द्र पटेल निवासी- 46 मालीपुरा रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन एवं निलेश परमार पिता श्री रमेशचंद्र परमार निवासी- 50 मालीपुरा रानीलक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन के द्वारा क्रय अनुबंधीत भवन क्रमांक 56 का 1/3 भाग पश्चिमी दिशा वाला भाग नजरअली मार्ग कोयला फाटक उज्जैन मे स्थित है। उपरोक्त वर्णित भवन को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहित लिखित सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है। सौदा चिठ्ठी अनुसार मेरे पक्षकार के द्वारा नियत अवधि मे विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भवन पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय शाम 05 से 07 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हित में करवा लिया जावेगा व अवधि सामप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 04/04/2026

**यशपाल गेहलोत सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय सीएफ-3 भरतपुरी काम्पलेक्स**
**उज्जैन मो. नं. 88397-42938**

# समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी में देरी से भड़की कांग्रेस, शाजापुर मंडी में किया जोरदार प्रदर्शन

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**



समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शुरू न होने और औने-पौने दाम पर फसल बेचने को मजबूर किसानों के हक में शनिवार को कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया। शाजापुर की कृषि उपज मंडी में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस ने सरकार को उसका वादा याद दिलाते हुए तत्काल 2700 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीदी शुरू करने की मांग की है।

**नीलामी के बीच पहुंचा कांग्रेस का जत्था-** शनिवार दोपहर करीब 12 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी लामबंद होकर कृषि उपज मंडी पहुंचे। यहां उपज की बोली प्रक्रिया के दौरान ही उन्होंने मंडी कर्मचारियों और प्रशासन के सामने अपनी मांगें रखीं और विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू न होने के कारण वर्तमान में किसानों का गेहूं मंडी में महज 1100 रुपए से 2100 रुपए प्रति क्विंटल के कौडियों के भाव बिक रहा है। इससे अन्नदाताओं को प्रति क्विंटल 500 से 600 रुपए का सीधा नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**जिलाध्यक्ष ने उतारी सीएम की नकल-** विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप ने स्थानीय प्रशासन और सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने प्रशासन पर मिलीभगत कर किसानों का शोषण करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसान अपनी पारिवारिक और आर्थिक जरूरतों के चलते कम दाम पर गेहूं बेचने को मजबूर हैं। सरकार को तत्काल प्रभाव से समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू करनी चाहिए। विरोध के इस क्रम में जिलाध्यक्ष ने तंज कसते हुए सूबे के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की नकल भी उतारी, जो वहां मौजूद लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा।

**मांगें नहीं मानी तो जाएंगे जेल-** किसान कांग्रेस के अध्यक्ष कमल चौधरी ने भी सरकार की नीतियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने सरकार पर किसानों की लगातार अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए हाल ही में हुई ओलावृष्टि का मुद्दा भी उठाया। चौधरी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से बर्बाद हुई फसल का मुआवजा अब तक किसानों के खातों में नहीं पहुंचा है, जो सरकार की नाकामी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों की ये जायज मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन छेड़ेगी, फिर चाहे इसके लिए उन्हें जेल ही क्यों न जाना पड़े।

## मक्सी बायपास पर चलते ट्रक से की चोरी

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**



जिले में हाईवे पर चलती गाड़ियों से चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मक्सी थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में एक चलते ट्रक को अपना निशाना बनाते हुए तिरपाल काटकर हजारों रुपए का रिफाइंड सोयाबीन तेल पार कर दिया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रतलाम जिले के ग्राम करवाखेड़ी निवासी ट्रक चालक इंदर सिंह देवास स्थित कृति सोया कंपनी से अपने टाटा 1112 ट्रक (एमपी 43 जेड 2271) में रिफाइंड सोयाबीन तेल के जार और बकेट लोड कर ताल की ओर जा रहे थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे वे माल लेकर देवास से रवाना हुए। जब दोपहर सवा दो बजे के आस-पास उनका ट्रक मक्सी बायपास के सिरोलिया कट प्वाइंट के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे एक अन्य ट्रक चालक ने उन्हें इशारा कर रोका। उस चालक ने इंदर सिंह को बताया कि उनके ट्रक की तिरपाल पीछे से कटी हुई है।

सूचना मिलने पर चालक ने तुरंत गाड़ी साइड में लगाई और पीछे जाकर माल की जांच की। जांच के दौरान ट्रक से 15-15 किलो वाले रिफाइंड सोयाबीन तेल के छह जार गायब मिले। चोरी गए इस माल की कुल कीमत लगभग 16,110 रुपए बताई जा रही है। यह स्पष्ट हो गया कि देवास से मक्सी बायपास के बीच किसी समय अज्ञात बदमाशों ने चलते ट्रक में चढ़कर इस वारदात को अंजाम दिया। घटना की पुष्टि होने के बाद ट्रक चालक ने तत्काल इसकी जानकारी अपने मालिक निर्मल कुमार जैन को दी। मालिक को पूरी घटना से अवगत कराने के बाद चालक इंदर सिंह ने मक्सी थाने पहुंचकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई। मक्सी थाना प्रभारी संजय वर्मा ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फिलहाल हाईवे और घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## मंदिर की दान पेटी ले गया बदमाश, आस्था पर वार से भक्तों मे आक्रोश

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**

शहर के व्यस्ततम क्षेत्र में स्थित पोस्ट ऑफिस परिसर के नीमेश्वर महादेव मंदिर में देर रात अज्ञात बदमाश द्वारा ताला तोड़कर दान पेटी चोरी करने की घटना ने लोगों की आस्था को झकझोर दिया। भगवान के घर में हुई इस वारदात से श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश है और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, रात करीब 3 बजे एक बदमाश काले रंग की शर्ट.पैंट पहनकर मंदिर पहुंचा। उसने मंदिर के दरवाजे की कुंदी तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखी दान पेटी को निकाल लिया। इतना ही नहीं, उसने मंदिर परिसर से त्रिशूल भी हटाया और दान पेटी को पीछे ले जाकर तोड़ने का प्रयास किया।

इसी दौरान पास में रहने वाले एक परिवार के सदस्य की नींद खुल गई। उन्होंने बदमाश से पूछताछ की तो वह बहाना बनाकर दान पेटी लेकर मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बदमाश के हाथ में पीले रंग की थैली थी, जिसमें वह दान पेटी ले गया। पोस्ट ऑफिस के सामने रहने वाले एक दुकानदार ने भी संदिग्ध को देखा था। पूछने पर उसने खुद को दर्शनार्थी बताया और वहां से निकल गया। इस घटनाक्रम से यह साफ है कि बदमाश पूरी योजना के साथ आया था। बताया जा रहा है कि मंदिर की दान पेटी करीब एक वर्ष से नहीं खोली गई थी, जिसमें हजारों रुपए होने की संभावना है।

## आईपीएल में दिल्ली की लगातार दूसरी जीत

**स्पोर्ट्स।** चैंपियन मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से हरा दिया। यह डीसी की लगातार दूसरी जीत है। शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। मुंबई ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 162 रन बनाए। 163 रन का टारगेट दिल्ली ने 4 विकेट खोकर 18.1 ओवर में हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए इम्पैक्ट प्लेयर समीर रिजवी ने अर्द्धशतक लगाया। उन्होंने 51 बॉल पर 90 रन बनाए। उनकी सीजन में यह लगातार दूसरी और आईपीएल की लगातार फिफ्टी है। उनके अलावा पाथुम निसांका ने 44 और डेविड मिलर ने नाबाद 21 रन का योगदान दिया। मुंबई के लिए दीपक चाहर, कॉर्बिन बॉश और मिचेल सैंटनर को 1-1 विकेट मिला। वहीं, नीतीश राणा को जसप्रीत बुमराह ने रन आउट किया। इससे पहले, के लिए स्टैंड-इन कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अर्द्धशतक (51 रन) लगाया। उनके अलावा रोहित शर्मा ने 35, नमन धीर ने 28 और मिचेल सैंटनर ने नाबाद 18 रन बनाए। मुकेश कुमार ने 2 विकेट लिए। अक्षर पटेल, लुंगी एनगिडी, विपराज निगम और टी नटराजन को 1-1 विकेट मिला। मुंबई इंडियंस के रेगुलर कप्तान हार्दिक पंड्या आज के मैच में नहीं खेले। टॉस के समय सूर्यकुमार यादव ने बताया कि हार्दिक पूरी तरह फिट नहीं हैं, इसलिए आज वे टीम की कमान संभाल रहे हैं।


## जज पर एडिशनल सेशन जज के घर चोरी के आरोप

**लुधियाना।** पंजाब के पटियाला में सिविल जज पर एडिशनल सेशन जज के घर में चोरी करने के आरोप लगे हैं। सिविल जज के खिलाफ घटना के सात महीने बाद 21 मार्च को एफआईआर दर्ज की गई। गिरफ्तारी से बचने के लिए सिविल जज द्वारा लगाई गई बेल भी कोर्ट ने रद्द कर दी। एडिशनल सेशन जज हरिंदर सिद्धू ने आरोपों को गंभीर मानते हुए सिविल जज की बेल को रिजेक्ट कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि एक मृतक सहकर्मी के आवास से संदिग्ध परिस्थितियों में भारी मात्रा में सोना और अभूषण निकालना गंभीर आरोप है। पटियाला के एडिशनल सेशन जज कंवलजीत सिंह की एक अगस्त 2025 को अस्पताल में मौत हो गई थी। सिविल जज विक्रमदीप और अन्य लोगों पर आरोप है कि उसी दिन रात को उन्होंने एडिशनल सेशन जज के घर से सोना व आभूषण चोरी किए। सुनवाई के दौरान अदालत ने नोट किया कि विक्रमदीप और मृतक के बेटे अंगदपाल सिंह के बीच वाट्सऐप चैट और कॉल रात 10:15 बजे के बाद की है, जबकि सीसीटीवी फुटेज रात 9:50 बजे तक के हैं। इससे प्रथम दृष्टया यह पता चलता है कि सामान मृतक के बेटे से संपर्क करने से पहले ही हटा लिया गया था। सिविल जज व उसके सहयोगियों के खिलाफ मृतक एडिशनल सेशन जज के दोस्त व पंजाब यूनिवर्सिटी के लॉ डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ भूपिंदर सिंह विर्क की शिकायत पर 21 मार्च को एफआईआर दर्ज हुई। उनके बेटे ने इस केस को प्रोसीड करने के लिए डॉ भूपिंदर सिंह विर्क को पावर ऑफ अटॉर्नी दी है। 1 अगस्त 2025 को जब कंवलजीत सिंह का अमर अस्पताल पटियाला में निधन हो गया, उसी रात लगभग 8:46 बजे विक्रमदीप सिंह ने मृतक के घर नंबर 74 सी, विकास कॉलोनी, पटियाला में साजिश रचकर घुसपैठ की। उनके साथ घरेलू नौकरानी अमरजोत कौर उर्फ पिंकी, गौरव गोयल (पूर्व सहयोगी) और एक अज्ञात व्यक्ति शामिल थे। फुटेज में तीनों को घर में घुसते, सामान की तलाशी लेते और बॉक्स-बैग में पैतृक सोना, आभूषण तथा नकदी लेकर निकलते दिखाया गया है। शिकायतकर्ता डॉ. भूपिंदर सिंह विर्क ने आरोप लगाया कि यह चोरी बिना किसी कानूनी अधिकार के और बेईमानी के इरादे से की गई। मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) और 305 के तहत दर्ज है।

## कमलनाथ,आनंद शर्मा, थरूर का सरकार को समर्थन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के 3 बडे नेताओं ने मिडिल ईस्ट जंग और एलपीजी संकट पर पार्टी लाइन से हटकर बात की। इनमें कमलनाथ, आनंद शर्मा और शशि थरूर शामिल हैं। उधर, राहुल गांधी इन मुद्दों पर सीधे प्रधानमंत्री का नाम लेकर निशाना साध रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने भारत के डिप्लोमैटिक तरीके की तारीफ करते हुए इसे मैच्योर और स्किलफुल बताया। वहीं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने गैस संकट पर कहा था कि ऐसी कोई कमी नहीं है। यह बस माहौल बनाया जा रहा है। आनंद शर्मा ने 2 अप्रैल को पर लिखा, संकट से निपटने में भारत का डिप्लोमैटिक तरीका समझदारी भरा रहा है। इससे संभावित मुश्किलों से बचा गया है। सरकार ने एक अप्रत्याशित और अस्थिर स्थिति में राजनीतिक नेताओं को पॉलिसी फैसलों के बारे में बताने के लिए एक ऑल-पार्टी मीटिंग भी की। उन्होंने आगे लिखा कि यह नेशनल डायलॉग जारी रहना चाहिए। राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर एक मैच्योर रिस्पॉन्स आज की जरूरत है। इस पोस्ट को भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने भी शेयर किया था।

## देश में आय का 40 प्रतिशत तक स्मार्टफोन खर्च पहुंचा



**नई दिल्ली।** देश में 22 करोड़ लोग फीचर फोन इस्तेमाल कर रहे हैं। वे स्मार्टफोन पर शिफ्ट होना चाहते हैं। पर बजट और महंगे हैंडसेट बड़ी बाधा हैं। एक भरोसेमंद स्मार्टफोन और एंट्री-लेवल फीचर फोन के बीच 4-6 हजार का अंतर है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक मेमोरी चिप की कीमतें बढ़ने से अंतर 6-8 हजार हो सकता है। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुताबिक महंगे स्मार्टफोन डिजिटल इंडिया के लिए चुनौती हैं। बेसिक स्मार्टफोन की कीमत यूजर की मासिक आय का 30-40 तक है। यह सामर्थ्य के तय मानक 5 प्रतिशत से कई गुना है। सिंधिया ने सुझाव दिया है कि पीएलआई स्कीम को मेक इन इंडिया से आगे बढ़ाकर 'अफोर्डेबल इन इंडिया' की दिशा में ले जाना चाहिए।

## विद्यार्थियों को मंच देकर प्रतिभा निखारने का प्रयास

**शुजालपुर।** शासकीय माँ शारदा संदीपनि विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार अभिव्यक्ति के मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने के लिए मंच उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के उपप्राचार्य एवं शिक्षकों की उपस्थिति में विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ मंच पर प्रस्तुति देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित भी किया गया। संचालन का दायित्व सरिता मीणा ने निभाया,वहीं आभार प्रदर्शन विकास द्वारा किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने इस प्रकार की गतिविधियों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया।

### जंग के बीच पैसा बनाने में जुटे ट्रम्प के बेटे

**फ्लोरिडा ।** अमेरिका में एक ड्रोन स्टार्टअप को लेकर विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें राष्ट्रपति ट्रम्प के बेटे एरिक ट्रम्प और डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर जुड़े हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फ्लोरिडा की पावरस कंपनी मिडिल ईस्ट के देशों को अपने ड्रोन सिस्टम बेचने की कोशिश कर रही है। ट्रम्प के बेटे एरिक ट्रम्प और डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर फरवरी के अंत में इस कंपनी से सलाहकार के तौर पर जुड़े थे, ये वही समय था जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया था।

## कार्यकर्ताओं को दी संगठन और विचारधारा की सीख



**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**

भाजपा शुजालपुर ग्रामीण मंडल द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 का शनिवार को समापन हुआ। दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को विभिन्न सत्रों के साथ किया गया, जिसमें कुल 8 सत्र आयोजित हुए। शिविर का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

प्रथम सत्र में भाजपा प्रदेश मंत्री बबिता परमार ने केंद्र सरकार की योजनाओं आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी। द्वितीय सत्र में कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार ने वैचारिक अधिष्ठान एवं वैचारिक आधार पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा एक कैडर आधारित संगठन है, जहां एक सामान्य कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है, जबकि अन्य दलों में परिवारवाद हावी है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और सबका साथ, सबका विकास की अवधारणा पर भी चर्चा की तथा कार्यकर्ताओं को पंच निष्ठा के विषय में जानकारी दी। अन्य सत्रों में आईटी सेल संयोजक भगवत सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, जिला महामंत्री कृपाल सिंह मेवाड़ा एवं विजय सिंह बेस ने अपने विचार रखे।

## किसानों के धैर्य की परीक्षा न ले सरकार : किसान संघ

**शुजालपुर।** भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत की तहसील प्रवास योजना के अंतर्गत शुजालपुर तहसील की बैठक कृषि उपज मंडी के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मेवाड़ा ने की। इस दौरान संभाग सहमंत्री बहादुर सिंह राजपूत का विशेष प्रवास रहा। बैठक में सहमंत्री राजपूत ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, कार्यपद्धति एवं संरचना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने तहसील स्तर पर संगठन की स्थिति, गांव समितियों की सक्रियता, प्रवासी कार्यकर्ताओं की संख्या, वार्षिक बैठकों के आयोजन, अन्न संग्रह एवं कार्यालय निर्माण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने वर्तमान में किसानों को आ रही समस्याओं पर चिंता जताते हुए कहा कि गेहूं खरीदी, सहकारिता में लगाए जा रहे दंड ब्याज की ड्यू डेट बढ़ाने तथा अज्ञात कारणों से गेहूं जलने की घटनाओं में किसानों पर बनाए जा रहे प्रकरण गंभीर मुद्दे हैं। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों के धैर्य को उनकी कमजोरी न समझा जाए। किसान संघ ने निर्णय लिया कि 6 अप्रैल को प्रदेश की सभी तहसीलों में धरना.प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में जिला सहमंत्री चंदर सिंह सिसोदिया,उपाध्यक्ष चैनसिंह पटेल, सुबाक सिंह मेवाड़ा, मंत्री मानसिंह धनगर, सहमंत्री नरेंद्र पाटीदार, शुजालपुर नगर अध्यक्ष हुकुम सिंह मेवाड़ा, अकोदिया नगर अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत सहित प्रेम सिंह सिसोदिया, अंकुश राव डोंगरे, सुरेश पाटीदार, रामनारायण राजपूत, सिद्धनाथ, फूलसिंह धनगर एवं ग्राम इकाइयों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र



**शाजापुर।** मध्य प्रदेश में 4 अप्रैल 2026 को स्कूल चलें हम अभियान के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत कलेक्टर, प्रशासनिक अधिकारी और जन-प्रतिनिधियों ने सरकारी स्कूलों में जाकर बच्चों को पढ़ाया, अपने अनुभव साझा किए और उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर व प्रशासनिक अधिकारी बनने के लिए प्रेरित किया। इसी अनुक्रम में शाजापुर जिले के सभी शासकीय स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगरीय क्षेत्र शाजापुर स्थित मलक मावि में सेवानिवृत राष्ट्रपति पुरस्कृत दिव्यांग शिक्षक सिद्धनाथ वर्मा ने विद्यार्थियों के मध्य पहुंचकर विपरीत परिस्थितियों में अपने द्वारा जीवन में प्राप्त की गई उपलब्धियों को साझा कर विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र दिए। कार्यक्रम में ई गौरैया टीम के तत्वाधान में परिसर में पक्षियों के लिए सकोरे लगाए गए। इस दौरान बीएसी जगदीश भावसार, जनशिक्षक लोकेश राठौर, शिव नारायण कराड़ा, मुकेश अस्ते, संस्था प्रधान तबस्सुम पाशा सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नेकी की दीवार द्वारा नि: शुल्क समर कैंप का शुभारंभ

**शुजालपुर।** नगर की सक्रिय सामाजिक संस्था नेकी की दीवार निस्वार्थ आनंद क्लब द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मिर्ची बाजार क्षेत्र में नि: शुल्क समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं प्रशिक्षकों के तिलक के साथ विधिवत रूप से संपन्न हुआ। समर कैंप के दौरान बच्चों को आत्मरक्षा के लिए कराते, योग, ड्राइंग, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, मेहंदी, कबाड़ से जुगाड़ जैसी रचनात्मक गतिविधियों के साथ रीडिंग एवं राइटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के अवसर पर भोपाल निवासी कपिल पाटीदार के सुपुत्र नन्हे अभिजीत पाटीदार का द्वितीय जन्मदिन पर नानी सुनीता धर्मेंद्र लेवे एवं मौसी योगिता लेवे के साथ बच्चों को ड्राइंग बुक, कलर बॉक्स, केक एवं बिस्किट वितरित किए। कार्यक्रम में प्रशिक्षक शालिनी नामदेव बडोने, पल्लवी अग्रवाल, स्नेहा रायकवार एवं पूनम बंसल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। साथ ही ग्रीष्मा शाह,वीणा गोयल, संध्या धारीवाल, शैलजा देशमुख, मीना चौधरी, रूपल पोखरना, सोनाली पोखरना, नेहल पोखरना, रिंकु सोलंकी एवं सपना अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE IS HEREBY GIVEN that our Client intends to acquire6.73 Acres land at VillageShriram Bhidawad in Tehsil Badnagar, District Ujjain, Madhya Pradesh more particularly described in the schedule below ("Subject Lands").

If any person / entity / Bank or Financial Institution having or claiming any right, title, claim, benefit, estate, share, demand or interest of any nature whatsoever in respect of the Subject Lands or any part thereof by way of sale, transfer, exchange, assignment, muniment, charge, gift, covenant, trust, license, tenancy, share, sub-tenancy, inheritance, claim, let, lease, sub-lease, lien, mortgage, easement, devise, bequest, hypothecation, encumbrance, possession, development rights, possession in part performance, partnership, family arrangement/ settlement, lis pendens, decree or order of any Court of Law or otherwise howsoever by operation of law or otherwise, is hereby called upon to make the same known in writing, with notarized documentary proof, to the undersigned within 07(seven) days from the date of publication of this notice, failing which it shall be presumed that no adverse right, title, interest, share, claim or demand of any nature whatsoever exists into or upon or in respect of the Subject Lands and the title and possession of the owners mentioned below to the Subject Lands is clear and marketable.

**SCHEDULE OF SUBJECT LANDS**

| Survey No. | Owner Name |
|---|---|
| 266, 269 | Udaysingh S/O Girvarsingh |
| 268, 267 | Kamal Singh S/O Girvarsingh |
| 271 | Madhubai W/O Uday Singh |
| 263 | Samubai W/O Bhomsingh |
| 264 | Ratansingh W/O Prahladsingh |

Manjul Mantri/ Rohan Singh
Advocates
Cyril Amarchand Mangaldas
Level 1 & 2, Max Towers, C-001/A , Sector 16B, Noida, Uttar Pradesh 201301
Ph: 0120 669 9000
Email IDs:manjul.mantri@cyril-shroff.com
rohan.s@cyrilshroff.com

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE IS HEREBY GIVEN that our Client intends to acquire6.73 Acres land at VillageKhandwabibi in Tehsil Badnagar, District Ujjain, Madhya Pradesh more particularly described in the schedule below ("Subject Lands").
If any person / entity / Bank or Financial Institution having or claiming any right, title, claim, benefit, estate, share, demand or interest of any nature whatsoever in respect of the Subject Lands or any part thereof by way of sale, transfer, exchange, assignment, muniment, charge, gift, covenant, trust, license, tenancy, share, sub-tenancy, inheritance, claim, let, lease, sub-lease, lien, mortgage, easement, devise, bequest, hypothecation, encumbrance, possession, development rights, possession in part performance, partnership, family arrangement/ settlement, lis pendens, decree or order of any Court of Law or otherwise howsoever by operation of law or otherwise, is hereby called upon to make the same known in writing, with notarized documentary proof, to the undersigned within 07(seven) days from the date of publication of this notice, failing which it shall be presumed that no adverse right, title, interest, share, claim or demand of any nature whatsoever exists into or upon or in respect of the Subject Lands and the title and possession of the owners mentioned below to the Subject Lands is clear and marketable.

**SCHEDULE OF SUBJECT LANDS**

Survey No.
250 Owner Name

Mahendra Singh Chouhan
S/O Govardhan Singh Chouhan

**Manjul Mantri/ Rohan Singh**
**Advocates**
**Cyril Amarchand Mangaldas**
**Level 1 & 2, Max Towers, C-001/A, Sector 16B, Noida, Uttar Pradesh 201301**
**Ph: 0120 669 9000**
**Email IDs:manjul.mantri@cyrilshroff.com**
**rohan.s@cyrilshroff.com**

## भाजपा मंडल प्रशिक्षण अभियान का शुभारंभ

**नीमच।** नीमच भाजपा के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल द्वारा मंडल प्रशिक्षण महा अभियान 26 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विकास प्रदर्शनी का भी उद्घाटन हुआ। मुख्य वक्ता विधायक दिलीप सिंह परिहार ने कहा कि कार्यकताओं की एकता और सक्रियता ही संगठन की प्रगति का प्रमुख आधार है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही पार्टी को विजय मिलती है और यही संगठन को मजबूत बनाती है। उन्होंने एकात्म मानववाद और भारतीय संस्कृति को भाजपा की विचारधारा का आधार बताया।विशिष्ट अतिथि अनिरुद्ध माधव मारू ने कार्यकर्ताओं के संस्कार और प्रशिक्षण को संगठन की सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं तथा विकास कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## जिलाधिकारी ने शालाओं में किया विद्यार्थियों से संवाद

**नीमच।** जिले के विभिन्न विद्यालयों में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में भविष्य भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया । भविष्य से भेंट कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों में जिलाधिकारी ने उपस्थित होकर कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों से विद्यार्थी जीवन में सफलता के सूत्र व्यक्त किए। पाठ्यक्रम दिसंबर तक पूर्ण करना, चैलेंजेस लेना और सीखने की ललक के बारे में विद्यार्थियों चर्चा की। इस अवसर पर अधिकारियों ने विद्यालय में विद्यार्थियों से तरंगों की अप्स एंड डाउन्स को इंटरैक्टिव पैनल पर समझते हुए उन्होंने जीवन के उतार एवं चढ़ाव से कैसे तालमेल बनाते हुए जीवन में खुश रहा जा सकता है विषय पर चर्चा की। विद्यार्थी अभिभूत होकर व्याख्यान में संलग्न रहे ।

## टैक्स बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस सड़कों पर

**रतलाम।** शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कस्तूरबा नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में नगर निगम के प्रस्तावों, संभावित टैक्स बढ़ोतरी और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में जिला प्रभारी एवं सरदारपुर विधायक प्रताप गेरवाल और विधानसभा प्रभारी राजा चौकसे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में वार्ड अध्यक्ष, मंडलम और सेक्टर पदाधिकारी, पार्षद दल, सेवा दल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई और इंटक सहित सभी मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। शहर के चारों ब्लॉक अध्यक्षों ने नवगठित संगठनात्मक ढांचे की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय की।

## जमीन विवाद में चली लाठियां, 11 पर केस

**रतलाम।** जिले के ताल में जमीन विवाद में दो भाईयों का परिवार के लोग आपस में भिड़ गए। जमकर लाठिया लेकर उत्पात मचाया। घर में पत्थर फेंके गए। हाथों में लाठियां लेकर दौड़ते व घर में पत्थर फेंकते हुए का वीडियो सामने आया है। पुलिस ने हमला करने वाले एक पक्ष के 11 लोगों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। तीन को गिरफ्तार कर लिया है।घटनाक्रम शुक्रवार दोपहर का है। जिसका वीडियो रात में सामने आया। विवाद दो भाईयों के परिवार के बीच हुआ है। विवाद का कारण जमीन पर कब्जे को लेकर है। कोर्ट में केस भी चला। कोर्ट 2006 में एक पक्ष को कब्जे के लिए निर्णय भी दे चुका है लेकिन राजस्व विभाग ने उसे धरातल पर कोई प्रक्रिया नहीं की। तब से विवाद चला आ रहा है।

## खेत से चुराई दो क्विंटल अश्वगंधा

**रतलाम।** जिले के नामली में खेत में अश्वगंधा की फसल काटकर सुखाने के लिए रखी थी लेकिन अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने चोरों की तलाश कर दो आरोपियों को पकड़ लिया है। जबकि एक फरार है। आरोपियों के पास घटना में प्रयुक्त बोलेरो भी जप्त की है। नामली थाना प्रभारी गायत्री सोनी ने बताया 31 मार्च को फरियादी मुकेश (45) पिता भेरुलाल हाडा निवासी ग्राम पंचेडने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि उसकी कृषि भूमि नामली पंचेड रोड पर है। खेत में 20 बीघा जमीन पर अश्वगंधा बोया था।

# जिला पंचायत अध्यक्ष के बाद अब भाजपा के विधायक को कलेक्टर से मिलने के लिए सीढ़ियों पर बैठकर करना पड़ा इंतजार

## भाजपा के राज में माननीयों की ऐसी हालत, तो आम जनता का क्या होगा?





'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड सड़क परियोजना के लिए अधिगृहीत की जा रही जमीनों के मुआवजे को लेकर विवाद गहरा गया है। आलोट विधानसभा के ८ गांवों के किसानों को बाजार दर से बेहद कम मुआवजा मिलने के विरोध में शनिवार को विधायक चिंतामणी मालवीय ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट की सीढियों पर धरने पर बैठ गए।

विधायक ने सख्त लहजे में प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि किसानों की बात नहीं सुनी गई, तो जिंदाबाद के नारे मुर्दाबाद में बदल सकते हैं। अंततः कलेक्टर मिशा सिंह को खुद चेंबर से बाहर निकलकर सीढियों पर आना पड़ा।

**जब सीढियों पर बैठे विधायक**

जावरा और ग्रामीण एसडीएम ने विधायक को चेंबर में बुलाने की कोशिश की, लेकिन मालवीय ने स्पष्ट मना कर दिया। उन्होंने कहा कि कलेक्टर को जनता के बीच आना चाहिए। 15 मिनट तक इंतजार करने के बाद विधायक ने अधिकारियों से कहा, अभी हम शांति से बैठे हैं, वरना हमें दूसरा रूप भी दिखाना आता है। अभी जिंदाबाद बोल रहे हैं, फिर मुदार्बाद भी बोलना जानते हैं। इसके बाद कलेक्टर ने बाहर आकर किसानों की बात सुनी और बाद में प्रतिनिधिमंडल के साथ चेंबर में 10 मिनट चर्चा की। उन्होंने 8 गांवों का क्लस्टर बनाकर अधिकतम मुआवजे के लिए अध्ययन करने का आश्वासन दिया है।

**मुआवजे का गणित : 2.5 लाख बनाम 1 करोड़**

विधायक मालवीय और किसान संघ ने मुआवजे की विसंगतियों को आंकड़ों के जरिए स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि प्रशासन की गाइडलाइन के अनुसार मुआवजा मात्र 2.20 लाख से 2.50 लाख प्रति बीघा तय किया गया है।

दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर और 8-लेन के पास होने के कारण इन जमीनों का वास्तविक बाजार मूल्य 80 लाख से 1.5 करोड़ प्रति बीघा तक है। विधायक ने तर्क दिया कि हम विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन किसानों को बर्बाद नहीं होने देंगे। सरकार का विरोध नहीं, प्रशासन की कार्यप्रणाली का विरोध है।

### किसानों की प्रमुख मांगें

**बाजार मूल्य का आधार :** मुआवजे की गणना हालिया क्रय-विक्रय (रजिस्ट्री) के आधार पर हो, न कि पुरानी गाइडलाइन पर।

**पड़ोसी गांव का मानक :** यदि किसी गांव में हाल में कोई रजिस्ट्री नहीं हुई है, तो पास के उस गांव की दर लागू की जाए जहाँ अधिकतम मूल्य पर जमीन बिकी हो।

**भविष्य का आंकलन :** जमीन की अगले 10 वर्षों की संभावित कीमत और उपयोग को ध्यान में रखते हुए मुआवजा तय हो।

**समानता का अधिकार :** उज्जैन और इंदौर जिलों में भूमि अधिग्रहण के लिए जो नियम और कारक अपनाए जा रहे हैं, वही रतलाम जिले में भी लागू किए जाएं।

**अपडेटेड गाइडलाइन :** चूंकि पिछले 11 वर्षों से गाइडलाइन नियमानुसार नहीं बढ़ी है, इसलिए इसे आधार न बनाया जाए।

# रसोईगैस की किल्लत से छोटे दुकानदार व मध्यमवर्गीय लोग काफी परेशान

## कांग्रेसनेता शर्मा ने भट्टी पर चाय बनाकर पिलाई



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी

शासन प्रशासन लाख दावे करले की रसोईगैस की किल्लत नही है,पर छोटे होटल व्यवसाईयो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है,कमर्शियल गैस सिलेंडर नही मिलने से चाय बनाने वाले कोयले की भट्टी पर पंखा चलाकर चाय बनाकर कर अपना परिवार चला रहे है ओर समय पर कोयला भी उपलब्ध नही होरहा है।शनिवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने पंखा चलाकर कोयले की छोटी भट्टी पर चाय बनाकर लोगो को पिलाई।शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय गैस सिलेंडर मात्र ४५० रुपये में आसानी से जब चाहो तब आसानी से उपलब्ध होजाता था किंतु आज एक हजार रुपये में भी गेस सिलेंडर के लिए लाइने लग रही है और शहरी क्षेत्र में 25 दिन एवं ग्रामीण क्षेत्रो में 45 दिनों में सिलेंडर बुक होरहे है यह दुर्भाग्यपूर्ण है नियम एक जैसे होना चाहिए।और उपभोक्ताओं को जब जरूरत हो तब आसानी से गैस सिलेंडर मिलना चाहिए।शर्मा ने कहा कि पूर्व में राशन की दुकानों से उपभोक्ताओं को घासलेट मिलता था जो गरीबो का सहारा था भाजपा ने यह भी बंद कर दिया उसे पुनः चालू कर कम से कम प्रति राशनकार्ड 5 से 7 लीटर सस्ते दर पर कंट्रोल की दुकानों से दिया जाना सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि गरीब मजदूर दो समय का भोजन आसानी से बना सके।जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष बाबुखा मेवाती ने कहा कि अभी शादियों का सीजन चल रहा है और शादी वाले परिजन गेस सिलेंडर के लिए दर दर भटकने को मजबूर है उन्हें सिलेंडर नही मिल रहे है ऐसे में प्रशासन शादी ब्याह या अन्य सामाजिक या धार्मिक कार्यों में भोजन व्यवस्था के लिए गेस सिलेंडर उपलब्ध करवाए।इस मांग को लेकर कांग्रेसजन शीघ्र ही ब्लॉक कांग्रेस मल्हारगढ़ के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी से मिलेगा।




## महाविद्यालय में वेस्ट मैनेजमेंट पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

राजीव गाँधी शा.स्ना. महाविद्यालय के कंप्यूटर विभाग और नगर पालिका मंदसौर के बीच हुए एमओयू के तहत विद्यार्थियों के लिए वेस्ट मैनेजमेंट पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्था प्रमुख डॉ. जे.सी. दुबे के संरक्षण और कंप्यूटर संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ. आर.सी. डाड के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

इस कार्यशाला का नेतृत्व कंप्यूटर संकाय के फैकल्टी नरेंद्र बंधवार ने किया।प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। यहाँ इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी संस्था के विशेषज्ञों ने छात्रों को कचरा प्रबंधन की बारीकियों से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने सीखा कि कैसे घर-घर से संग्रहित कचरे को गीला, सूखा, सेनेटरी और घरेलू हानिकारक अपशिष्ट जैसी श्रेणियों में अलग कर वैज्ञानिक ढंग से प्रोसेस किया जाता है। भ्रमण के दौरान कंपोस्टिंग पिट विधि से खाद बनाने और एमआरएफ प्लांट में सूखे कचरे की रिसाइकिलिंग प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। साथ ही फीकल स्लज मैनेजमेंट के तहत सेप्टिक टैंक अपशिष्ट के सुरक्षित उपचार की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर सी.पी. आडवाणी, मनीष सोनी, रविन्द्र रामावत, उष्मिता सोनी, गौरव सोनी, भीमसिंह चौहान और धनराज चनाल सहित अन्य स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## भाजपा स्थापना दिवस पर नवीन कार्यालय भवन का भूमि पूजन

**नीमच।** 6 अप्रैल सोमवार को प्रातः 11 बजे भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के नवीन कार्यालय भवन का भूमि पुजन समारोह प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल के कर कमलों से वर्चुअल माध्यम से संपन्न होगा । इस भव्य ऐतिहासिक अवसर पर जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भुरिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन सीए, मंदसौर संभाग प्रभारी श्री सुरेश आर्य, सांसद श्री सुधीर गुप्ता, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना नारायण खंडेलवाल, जिला प्रभारी पुर्व सांसद श्री सुभाष पटेल, विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सकलेचा, विधायक मनासा श्री अनिरूद्ध माधव मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिंह चौहान, मंचासिन रहेंगे। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच के जिला मीडिया प्रभारी श्री मनोज माहेश्वरी व सह प्रभारी श्री शुभम शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि जिला भाजपा का यह नवीन कार्यालय भवन मालवा के गांधी डॉ लक्ष्मीनारायण पाण्डे मार्ग पर स्थित बंगला नं. 60 पुरानी नगरपालिका परिसर नीमच में बनने जा रहा है ।

## मंदसौर में रफ्तार का कहरः कार ने बाइक को 20 फीट तक घसीटा, महिला और 15 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



शनिवार दोपहर एक भीषण सड़क दुर्घटना ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। जिले के निजामुद्दीन क्षेत्र में बंजारी बालाजी होटल के पास एक अनियंत्रित कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एक महिला और १५ वर्षीय किशोर की जान चली गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भयानक थी कि कार ने बाइक को सड़क पर करीब 15 से २० फीट तक घसीटा।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम सूरी का रहने वाला 15 वर्षीय युवराज खेत में हार्वेस्टर पर चढ़कर इमली तोड़ते समय गिर गया था। उसके हाथ में चोट आने के कारण उसके चाचा कमलेश पाटीदार उसे कार से इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में उनकी कार आगे चल रही एक बाइक से टकरा गई।

हादसे में बाइक सवार कुंताखेड़ी निवासी मंजूबाई और उनके पति बालूराम गंभीर रूप से घायल हो गए। मंजूबाई को तत्काल अस्पताल ले जाया गया और बाद में रेफर भी किया गया, लेकिन उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दूसरी ओर, कार में सवार घायल किशोर युवराज, जो हादसे से पहले तक सामान्य स्थिति में था, टक्कर के बाद अचानक बेहोश हो गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल कार चला रहे कमलेश और बाइक सवार बालूराम का उपचार जारी है।

नई आबादी थाना पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

# जोधपुर से इंदौर जा रही स्लीपर बस सीमेंट से भरे ट्रॉले में पीछे से जा घुसी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



मंदसौर-रतलाम फोरलेन पर शनिवार सुबह जोधपुर से इंदौर जा रही स्लीपर बस सीमेंट से भरे ट्रॉले में पीछे से जा घुसी। बस की रफ्तार तेज थी। इससे बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में पांच लोग घायल हुए है, जिन्हें जावरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।

हादसा सुबह करीब 7 बजे जिले के फोरलेन स्थित ढोढर के कालूखेड़ा फंटा के यहां हुआ। फोरलेन पर स्पीड ब्रेकर के कारण ट्रॉले ने अपनी स्पीड कम की। इससे पीछे तेज रफ्तार में आ रही एमआर स्लीपर बस का ड्रायवर अपनी स्पीड़ कंट्रोल नहीं कर पाया। आगे चल रहे ट्रॉले में बस जा घुसी। हादसे के समय अधिकतर यात्री नींद में थे। टक्कर होते ही बस में सवार यात्रियों की चीख-पुखार मच गई।

आसपास के रहवासी दौड़े। ढोढर पुलिस चौकी प्रभारी रघुवीर जोशी समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा। घायलों को तुरंत बस से निकालकर जावरा सरकारी अस्पताल भेजा हादसे में बस के आगे का कांच पूरा टूट गया। आगे का पूरा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

**क्रेन से बस को किया अलग**

हादसे के बाद रोड पर एक तरफ कुछ देर के लिए मार्ग बाधित हुआ। क्रेन के माध्यम से बस को ट्रॉले से निकाल एक तरफ किया। घटना के बाद बस ड्रायवर मौके से फरार हो गया। ढोढर पुलिस चौकी घटनाक्रम की जांच कर रही है।

जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय ने बताया ट्रॉला स्पीड ब्रेकर क्रॉस कर रहा था। पीछे से स्लीपर बस ड्रायवर बस की स्पीड कंट्रोल नहीं कर पाया। इससे बस ट्रॉले में जा घुसी। पांच घायलों को जावरा में भर्ती कराया है।

## न्यूज कालम



## 13 को होगा मंदिर अर्चक पुरोहित सम्मेलन, विहिप ने दिया निमंत्रण

**मंदसौर।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) मंदसौर विभाग द्वारा आगामी 13 अप्रैल को महू-नीमच रोड स्थित पीजी कॉलेज के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में भव्य मंदिर अर्चक पुरोहित सम्मेलनज का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विहिप के केंद्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समाज की एकजुटता, समरसता और सनातन धर्म के मान बिंदुओं की सुरक्षा पर वैचारिक मंथन करना है। आयोजन की निर्विघ्न सफलता हेतु शनिवार को आयोजन समिति के सदस्यों ने भगवान द्विमुखी चिंताहरण गणेश और श्री इच्छापूर्ण बालाजी महाराज को प्रथम निमंत्रण पत्र अर्पित कर आशीर्वाद लिया। विहिप के जिलाध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह मंडलोई, जिला मंत्री हेमन्त बुलचन्दानी, नगर अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा, मंदिर अर्चक पुरोहित संयोजक प्रियांश राजपुरोहित एवं नगर मंत्री गौरव शर्मा ने संयुक्त रूप से जिले के समस्त मंदिर अर्चकों, पुजारियों और पुरोहितों से इस सम्मेलन में सहभागी बनने की अपील की है। पदाधिकारियों के अनुसार, यह सम्मेलन धार्मिक नेतृत्व को एकजुट करने और धर्म रक्षा के संकल्प को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्न विजयजी एवं पवित्ररत्न विजयजी का चातुर्मास होगा

**मन्दसौर।** श्री सौधर्म बृहत्तपागच्छीय विस्तुतिक जैन श्वेताम्बर श्री संघ मंदसौर के लिए हर्ष का विषय है कि वर्ष 2026 का चातुर्मास मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्न विजय जी म.सा. एवं पवित्ररत्न विजयजी म.सा. की निश्रा में मंदसौर में संपन्न होगा। इसकी घोषणा श्री मोहनखेड़ा तीर्थ में गच्छाधिपति श्री नित्यसेन सूरीश्वरजी महाराज की पावन निश्रा में आयोजित चातुर्मास उद्घोषणा महापर्व के दौरान की गई। मंदसौर से गए प्रतिनिधि मंडल ने गच्छाधिपति से भाव भरी विनती की थी कि लंबे समय से मंदसौर में मुनिराज का चातुर्मास नहीं हुआ है। प्रतिनिधि मंडल की ओर से श्रेयांस हींगड़ ने नवलखा पार्श्वनाथ मंदिर और राजेंद्र विलास जीवागंज में निमार्णाधीन गुरु मंदिर की प्रतिष्ठा हेतु भी निवेदन किया। गच्छाधिपति ने प्रतिष्ठा कार्यों के लिए चातुर्मास के दौरान मुहूर्त प्रदान करने का आश्वासन देते हुए मुनिराजों के मंदसौर चातुर्मास की स्वीकृति प्रदान की। इस अवसर पर श्री संघ सचिव अशोक खाबिया, विजय सुराणा, मनोहर सोनगरा सहित नवयुवक, तरुण और महिला परिषद के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## भाजपा स्थापना दिवस पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का होगा सम्मान

**मंदसौर।** भाजपा द्वारा 47वें स्थापना दिवस (6 अप्रैल) को जिले भर में उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बताया कि इस वर्ष स्थापना दिवस पर सेवा और संगठन के मूल मंत्र के साथ विविध आयोजन किए जाएंगे। कार्यक्रमों की शुरूआत 5 अप्रैल से होगी, जिसके तहत सभी मंडलों और कार्यालयों में आकर्षक विद्युत सज्जा, रंगोली और दीपमालिका सजाई जाएगी। 6 अप्रैल को सुबह 7 बजे कार्यकर्ता अपने घरों पर ध्वजारोहण करेंगे और 9 बजे महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा। विशेष रूप से, 6 अप्रैल को जिला भाजपा के नवीन कार्यालय की भूमि पर वरिष्ठ कार्यकताओं का सम्मान समारोह आयोजित होगा और भोपाल से प्रसारित कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण देखा जाएगा। दोपहर में नमो उपवन में 47 पौधों का रोपण किया जाएगा और शाम को प्रत्येक बूथ पर 47 दीप प्रज्वलित कर चौपाल आयोजित होगी। श्री दीक्षित ने बताया कि 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो, बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा, जिसमें स्वच्छता अभियान और जनसंवाद के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। आयोजनों के सफल क्रियान्वयन हेतु विजय सुराना, विनय दुबेला, अर्जुन सोनी और रामसिंह चौहान की जिला स्तरीय टोली गठित की गई है।

## 41.28 ली. अवैध शराब परिवहन करती कार जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के शामगढ़ थाना पुलिस ने मुखबिर से सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ग्राम छायन से टकरावद जाने वाले मार्ग पर स्थित रिलैक्स पॉइंट ढाबे के समीप घेराबंदी कर मारुति सुजुकी डिजायर कार क्र. एमपी-14-जेडएम-7090 को रोका गया, जिसकी तलाशी लेने पर उसमें अवैध रूप से रखी गई अंग्रेजी शराब और बियर की कुल 4 पेटियां बरामद हुईं। जब्त की गई शराब में 2 पेटी किंगफिशर बियर और 2 पेटी रॉयल स्टैग व्हिस्की शामिल है, जिसकी कुल मात्रा 41.28 लीटर और बाजार मूल्य लगभग 23 हजार 760 रुपये आंका गया है। पुलिस ने मौके से आरोपी बबलू सिंह (29) पिता रणजीत सिंह सौंधिया राजपूत निवासी ग्राम छायन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध शराब सहित कार भी जब्त कर ली है। इस मामले में शामगढ़ पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

## दो सड़क हादसों में मेडिकल संचालक और बाइक सवार ने गँवाई जान

**मंदसौर।** जिले में शुक्रवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवा मेडिकल संचालक सहित दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पहला हादसा गुर्जरबर्डिया गांव के समीप हुआ, जहाँ ग्राम देवरी निवासी 23 वर्षीय पंकज पाटीदार एक शादी समारोह से लौटते समय अज्ञात वाहन की टक्कर का शिकार हो गए। शहर के गोल चौराहा क्षेत्र में मेडिकल दुकान चलाने वाले पंकज अपने पिता देवीलाल के इकलौते पुत्र थे, जिन्हें उन्होंने अपने बड़े भाई से गोद लिया था। टक्कर इतनी भीषण थी कि पंकज सड़क पर लहूलुहान पड़े रहे और अस्पताल पहुँचने से पूर्व ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है। वहीं दूसरी ओर, गरोठ-भानपुरा मार्ग पर हुए एक अन्य हादसे में शामगढ़ क्षेत्र के ग्राम ढाबला निवासी ५५ वर्षीय जगदीश पाटीदार की जान चली गई। जगदीश अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल जगदीश को तत्काल गरोठ के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



## प्रथम प्रयास में 13वीं रैंक हासिल, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 बने कवीश ठाकुर का अभिनंदन

**बड़नगर।** नगर के होनहार कवीश ठाकुर पिता योगेश ठाकुर, ने मध्यप्रदेश सिविल जज (जूनियर डिविजन) परीक्षा 2022 में प्रथम प्रयास में ही राज्य में 13वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र, समाज और जिले का नाम रोशन किया है। उनके व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 में चयन होने पर नगर में हर्ष का माहौल है। इस उपलब्धि पर गुरुवार को अभिभाषक संघ बड़नगर द्वारा सभा कक्ष में कवीश ठाकुर का सम्मान किया गया। इस दौरान उन्हें माला पहनाकर शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष करण रंजीत राठौड़, सचिव मयंक यादव, नरेंद्र स्वर्णकार, नवीन त्रिवेदी, विजय कटारिया, शाहिद बैग, राधेश्याम यादव, अजय झाला, अमित जोशी, अभिनव परवाल, संदीप सोलंकी,अंकित चौरसिया सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे नगर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। कवीश ठाकुर, न्यायालयीन रीडर योगेश ठाकुर के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कॉन्वेंट स्कूल से प्राप्त की तथा इसके बाद इंदौर से बीए एलएलबी एवं एलएलएम की उपाधि अर्जित की। कवीश ठाकुर की इस सफलता से न केवल उनका परिवार, बल्कि पूरा जाट समाज एवं नगरवासी गौरवान्वित हैं। क्षेत्रवासियों ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि उनकी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प यह साबित करते हैं कि कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता। जानकारी मीडिया प्रभारी दिलनवाज खान द्वारा दी गई।

## जैन पत्रकार परिषद् द्वारा विजय गोखरु जैन पत्रकार अवार्ड से सम्मानित



**बड़नगर।** जैन पत्रकार परिषद् द्वारा आयोजित पत्रकार संगम एवं पत्रकार अवार्ड समारोह गत दिवस उज्जैन में सम्पन्न हुआ । समारोह युवा आचार्य श्री विश्वरत्नसागर सूरीश्वर म.सा. की पावन निश्रा और सानिध्य में सम्पन्न हुआ । समारोह में प्रदेश के जैन पत्रकारों में 11 पत्रकारों को विशेष अवार्ड से सम्मानित किया गया, जिसमें बड़नगर के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाज में सकारात्मक एवं जिम्मेदार पत्रकारिता करने वाले प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष विजय गोखरु को शाल, रजत मुद्रा, प्रतीक चिन्ह भेंट कर अवार्ड से सम्मानित किया गया । आयोजन समिति में प्रमुख प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड़ ने बताया कि यह समारोह जैन पत्रकारों को एक मंच पर लाने तथा उनके कार्यों को पहचान देने के लिये और समाज में सकारात्मक पत्रकारिता को प्रोत्साहित करने का प्रयास है । समारोह को संबोधित करते हुए युवा आचार्य श्री विश्वरत्न सागर सूरीश्वर जी ने कहा कि इस तरह के आयोजन पत्रकारिता को आध्यात्म, धर्म, नैतिकता और सत्य के साथ जोड़े जाने का अभिनव प्रयास है । आपने पत्रकारिता की सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों पर भी विचार व्यक्त किये । समारोह में मीडिया के बढ़ते प्रभाव, फैक न्यूज की चुनौती आदि विषयों पर विचार विमर्श किया गया । श्री गोखरु को पत्रकार अवार्ड अहमदाबाद के बाबूलाल धनराज डोडिया गांधी अहमदाबाद अंजली गांधी जैन पत्रकार परिषद् के संयोजक दीपक दुग्गड़, नवरत्न परिवार के राष्ट्रीय सलाहकार राजेश डग, संजय नाहर ने आचार्यश्री के सानिध्य में प्रदान किया । संचालन अभय चौपड़ा, यशवंत सांखला ने किया । इस अवसर पर अवार्ड से सम्मानित प्रदेश के चयनित 11 पत्रकारों में विजय गोखरु बड़नगर के अलावा जवाहर डोसी (महिदपुर), राहुल जैन (नीमच), कपिल पारीख (मांडव), विनोद शाह (विदिशा), गौरव दुग्गड़ (चापड़ा), संदीप सृजन (उज्जैन), गणतंत्र मेहता (रतलाम), राजेंद्र सखलेचा (नलखेड़ा), सुजानमल (जावरा), अभय सुराणा (जावर) शामिल थे ।

## छात्राएं चुनौतियों को अवसर में बदले- विधायक दिनेश जैन बोस



**महिदपुर रोड।** छात्र-छात्रा चुनौतियों को अवसर में बदले यदि कोई विद्यार्थी चुनौतियों को अवसर बदलता है तो निश्चित रूप से सफ लता प्राप्त करता है कठिन परिश्रम सफलता की कुंजी है। छात्राओं को हमेशा ऊंचे सपने देखना चाहिये। उक्त विचार शासकीय कन्या हाई स्कूल में प्रदेश शासन के स्कूल चल हमें अभियान के अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्य क्रम में विधायक दिनेश जैन बोस ने व्यक्त किये। विधायक बोस ने भविष्य से भेंट कार्यक्रम में विद्यालय में अध्य नरत छात्राओं के लिये ?50000 की राशि पुस्त कालय के लिये देने की घोषणा की जिससे छात्राएं उनका उपयोग करके एक अच्छा मुकाम पा सके। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा के मंडल अध्यक्ष गुरचरण सिंह चौहान ने भी बच्चों को आगे बढ़ाने के लिये प्रेरित किया। समाजसेवी राजेश कांठेड़ ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को अपने सपने जहां वहां खाना खाते हैं,जहां वह सोते हैं वहां लिखना चाहिये जिससे कि वह दिन रात उन्हें दिखाई दे जिससे कि वह अपने सपनों को पूरा कर सके। श्री कांठेड़ ने बच्चों को प्रेरित करने के लिए कुछ कहा नियां भी सुनाई । थाना प्रभारी आर एस भाभौ र, रविंद्र सिंह बैस, रमेश चंद्र मीणा, विनोद मीणा, कुबेर सिंह चौहान, बलवंत सिंह आंजना आदि अतिथि उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य अनिल सेठिया, स्नेह लता शर्मा, गोपाल तंवर, पूनम राय, बापू लाल चंद्रवंशी, संकेश चौरड़िया आदि ने किया। कार्यक्रम का संचा लन शिक्षिका पूनम राय ने किया आभार बापूलाल चंद्रवंशी ने माना।

### एमएसपी पर खरीदी की मांग को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल प्रदर्शन

# नेशनल हाइवे किया जाम, पुलिस को वाटर कैनन और बल करना पड़ा प्रयोग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



किसानों की फ सल खरीदी को लेकर सियासत अब सडक पर उतर आई है। शुक्रवार सुबह 10 बजे जेठडा जोड पर युवा कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया, इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजन सड़क पर बैठ गए और नारेबाजी के साथ ही संबोधन भी शुरू हो गया। आंदोलन के समाप्त नहीं होने और नेशनल हाइवे 752सी आष्टा-शुजालपुर मार्ग पर लम्बे समय तक आवागमन बाधित होने के चलते पुलिस ने हालात काबू करने के लिए वाटर कैनन चलाए और बल का प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को हटाया। पुलिस ने 24 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए एसडीएम कोर्ट में पेश किया।

युवक कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष चिराग परमार के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार की मौजूदगी ने आंदोलन को और धार दी। कार्यकर्ताओं ने किसानों की गेहूं फसल की तुरंत खरीदी और मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करने की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की।

हालात उस समय बिगड गए जब प्रदर्शनकारी चर्चा के बाद भी नहीं माने और हाईवे को सुचारू नहीं किया तो पुलिस ने उन्हें हटाने के लिए पहले वाटर कैनन का सहारा लिया, इसके बाद हल्का बल भी प्रयोग किया गया। इस दौरान कई कार्यकर्ता चोटिल हुए, पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को मौके से हिरासत में लेकर आंदोलन स्थल से हटाया।

प्रदर्शन के बाद भडके नेताओं ने सरकार पर तीखा हमला बोला। अभिषेक परमार और चिराग परमार ने आरोप लगाया कि हम किसानों की जायज मांग उठा रहे हैं, लेकिन सरकार हमें दबाने के लिए लाठीचार्ज करवा रही है। यह लोकतंत्र का दमन है। मोहन सरकार की यह कार्रवाई उसकी विफलता और कायरता को दशार्ती है। नेताओं ने साफ चेतावनी दी कि यदि किसानों की फ सल एमएसपी पर जल्द नहीं खरीदी गई तो आंदोलन और उग्र होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। कांग्रेस नेत्री रचना जैन ने कहा कि सरकार कभी अपने वादे पर स्थिर रही ही नहीं, यदि कोई वादा करता है और समय सीमा में उस वादे को निभाता है तो विश्वास भी करें, हम विपक्ष में होने के नाते ही नहीं बल्कि किसानों के सम्मान में आंदोलन कर रहे है। इस प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनारायण परमार, गजेन्द्र सिसोदिया, रचना जैन, सागर परमार, अचल सिंह मेवाडा, भगवत सिंह परमार, डॉ. मुकेश सोनानिया, मनीष पंवार सहित बडी संख्या में कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**इन पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही**

जेठड़ा जोड़ पर हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने 24 लोगों को गिरफ्तार किया। थाना शुजालपुर मंडी से मिली जानकारी अनुसार चिराग सिंह परमार, अभिषेक कुमार, सागर सिंह परमार, अलकेश पाटीदार, तीर्थ प्रसाद सोनानिया, भगवान सिंह भिलाला, विष्णु शर्मा, दीपक शर्मा, कुमेर सिंह धनगर, मनीष परमार, आकाश राजपूत, धनराज परमार, संतोष पाटीदार, रोहित राजपूत, आशीष पाटीदार, अनोखीलाल सिसोदिया, गौरव परमार, अजय मोरटे, राहुल राजपूत, शोएब अंसारी, सतीश परमार, मंगल सिंह राजपूत, रईस खान, डॉ. राघवेंद्र सिंह परमार को पुलिस ने मौके से हिरासत में लेकरआवश्यक कार्रवाई की।

## नगर में हर्षोल्लास से मनाया हनुमान जयंती का पर्व, हवन के साथ मांगी सुख- समृद्धि

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बिछड़ौद



नगर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व बड़े हर्षोल्लाह पूर्वक मनाया। क्षेत्र के प्रमुख हनुमान मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर एक दिन पूर्व से ही विद्युत डेकोरेशन के साथ फूलों से आकर्षक सजावटें की गई है। वहीं उत्सव को लेकर प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा।

सर्वप्रथम बिछड़ौद स्थित श्री मारुतिनंदन हनुमान मंदिर, श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर, शिवालय स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर, सहित अन्य जगहों के प्रमुख हनुमान मंदिरों में मंदिर पुजारी द्वारा हनुमान जी की प्रतिमाओं का भव्य श्रृंगार आदि करते हुए छप्पन भोग लगाया लगाया गया। बाद में हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर हनुमानजी का दर्शन- पूजन करते हुए घर-परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात प्रमुख हनुमान मंदिरों में भजन-कीर्तन आदि के आयोजन भी निरंतर चलते रहे। देर शाम तक अनेकों जगह की भजन मंडलियों ने भजन-कीर्तन करते हुए प्रदेश में सुख-शांति की कामना की। साथ ही हनुमान मंदिरों में एक कुंडिय हवन करते हुए भी प्रदेशभर में सुख- शांति की कामना की। साथ ही प्रमुख हनुमान मंदिरों में महाआरती आयोजन के साथ- साथ महाप्रसाद और भंडारे आदि का भी आयोजन किया गया। इस दौरान प्रमुख हनुमान मंदिरों में हजारों श्रद्धालुजननों ने दर्शन- पूजन का लाभ लिया।

**ब्यावरा**

श्रीअंजनीलाल मंदिर धाम पर आकर्षक श्रृंगार किया गया. श्रीअंजनीलाल के समीप ही माता अंजना विराजमान हुई. विभिन्न प्रकार के फूलों के साथ आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की गई जो देखते ही बन रही थी. शाम को महाआरती के पश्चात सामुहिक रुप से सुंदर काण्ड पाठ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हुए।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी प्रारंभ करने हेतु कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा

**ब्यावरा।** मलावर मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गादीया ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार जाट की अगुवाई में प्रथमिक स. समिति प्रबंधक अशोक यादव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया जिसमें कांग्रेसजनो ने मांग की कि समय-सीमा से समर्थन मूल्य पर गेहूं की तुलाई चालू हो किसान के फसल 20-25 दिन से निकल कर तैयार है लेकिन सरकार तुलाई प्रारंभ नहीं कर रही है जिसे किसान बहुत परेशान करता है किसानों के कर्जा वसूली के लिए बैंक , साहूकार का देना है समय से नहीं चुकाया तो किसान को अतिरिक्त राशि और देना पड़ेगी ब्याज के रूप में, हमारे पड़ोसी राज्य राजस्थान में समर्थन मूल्य पर 2700 रु प्रति कुंटल है जबकी मध्य प्रदेश में काम है जिसको बढ़ाने की भी मांग की गई। इस अवसर पर मलावर मंडलम अध्यक्ष महेश गुर्जर ,वरिष्ठ नेता के पी बना, सुरेश सुमन जिला समन्वयक कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग, जनपद सदस्य विष्णु गुर्जर, पूर्व जनपद सदस्य मोहन यादव ,भगवान गोस्वामी ,युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश दांगी ,ईश्वर गुर्जर विधानसभा अध्यक्ष, पप्पू पुरी, मोहन गुप्ता, महेंद्र सिंह गुर्जर ,विष्णु सेन, रमेश गिर, राहुल चौहान, हनुमंत सिंह गुर्जर हीरालाल मेहर, रामकृष्ण मेहर, महेंद्र सिंह गुर्जर आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे है।

## नगर परिषद कार्यालय में आयोजित हुई बजट बैठक

**सुसनेर।** नगर परिषद कार्यालय में बजट बैठक आहुत की गई। बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष प्रदीप सोनी का परिषद के सदस्यो , जनप्रतिनिधियो द्वारा पुष्पमाला से स्वागत किया गया। नगर परिषद द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित आय 32 करोड 47 लाख 52 हजार अनुभामित व्यय 32 करोड 47 लाख 41 हजार कुल बचत 11 हजार रुपए का बजट प्रस्तुत हुआ जो परिषद द्वारा सर्वसहम्मति से स्वीकृत किया गया। साथ ही पाचं पुलिया दुकान निलामी उच्चतम राशि प्राप्त होने पर सर्वसम्मति से स्वीकृत की गई।नगर परिषद सीमा क्षेत्र के अंतर्गत प्राप्त भवन भूमि नामातरण के आवेदन विधि संम्वत होने से स्वीकृती प्रदान की गई। बैठक में नगर परिषदअध्यक्ष प्रदीप सोनी, उपाध्यक्ष ममता राकेश जैन ,पार्षद इबादउल्ला, नईम मेव, स्नेहा युगल किशोर परमार, कल्पना जितेन्द्र सावला, रेखा दिलीप जैन ,राकेश कानुडिया, लक्ष्मी राहुल सिौदिया, सासद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, विधायक प्रतिनिधि राणा चितरंजन सिंह उपस्थित रहे।

### नगर परिषद की सख्ती, सार्वजनिक स्थानों से हटे अवैध होर्डिंग्स

# आई लव सुसनेर पॉइंट से बढ़ेगी शहर की पहचान हाथी दरवाजा बनेगा आकर्षण का केंद्र

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



नगर में स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सार्वजनिक स्थानों पर अव्यवस्थित रूप से लगे बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई की गई। नगर परिषद की टीम ने हाथी दरवाजा और साई चौराहा सहित प्रमुख क्षेत्रों में पहुंचकर कई अवैध बैनर-पोस्टर हटाए, जिससे इन क्षेत्रों का स्वरूप पहले की अपेक्षा अधिक साफ-सुथरा नजर आने लगा।

नगर परिषद द्वारा की गई इस कार्रवाई का स्थानीय नागरिकों ने स्वागत किया है। लंबे समय से सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति के लगाए गए बैनर-पोस्टर न केवल शहर की सुंदरता को प्रभावित कर रहे थे, बल्कि यातायात व्यवस्था में भी बाधा उत्पन्न कर रहे थे। कई स्थानों पर ये होर्डिंग्स राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बनते थे और दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती थी। अधिकारियों का कहना है कि शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। नगर परिषद ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति के किसी भी प्रकार के बैनर या पोस्टर लगाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, अभियान के बावजूद नगर के कई हिस्सों में अब भी बिजली के खंभों पर होर्डिंग्स लगे हुए देखे जा सकते हैं। इन होर्डिंग्स को लेकर नागरिकों ने चिंता जताई है और मांग की है कि बिजली विभाग एवं नगर परिषद संयुक्त रूप से इन पर भी कार्रवाई करें। नागरिकों का कहना है कि बिजली के पोल पर लगे होर्डिंग्स न केवल नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि यह दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ाते हैं। नगरवासियों ने प्रशासन से अपेक्षा की है कि स्वच्छता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा शहर के प्रत्येक क्षेत्र में इसी प्रकार की कार्रवाई कर सुसनेर को पूर्णतः स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाया जाए।

नगर के डाक बंगला स्थित विश्राम गृह के पास व साई चौराहा पर जल्द ही आई लव सुसनेर सेल्फी पॉइंट बनाया जाएगा। जिससे शहर की पहचान को नया आयाम मिलेगा। यह पॉइंट अन्य शहरों की तर्ज पर आकर्षक डिजाइन में तैयार किया जाएगा, जहां लोग सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा कर सकेंगे। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी का मानना है कि इससे शहर का प्रचार-प्रसार बढ़ेगा और पर्यटकों को भी आकर्षित किया जा सकेगा। नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे शहर के सौंदर्यीकरण की दिशा में अच्छा कदम बताया है।

**हाथी दरवाजा पर उकेरे जाएंगे हाथी**

नगर के ऐतिहासिक हाथी दरवाजा के सौंदर्यीकरण की तैयारी शुरू होगी। नगर परिषद द्वारा यहां रंगाई-पुताई करवाई जाएगी जिसके बाद दीवारों पर आकर्षक चित्र बनाए जाएंगे। व हाथी बनाकर विशेष लेप लगाकर इसे और सुंदर रूप दिया जाएगा।



## नवनियुक्त एसडीएम का स्वागत

**आरोन।** कलेक्टर के आदेश पर सुश्री महिमा चौधरी को आरोन एसडीएम नियुक्त किया। इस नियुक्ति पर वीएलओ संघ के अध्यक्ष दिलवर खान द्वारा नवनियुक्त एसडीएम सुश्री महिमा चौधरी का स्वागत कर बधाई दी। इस अवसर पर समाजसेवी विकास शर्मा, रितिक भार्गव, कमल कुशवाह, गौरव शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## खरसौदकलां में गांजा तस्कर को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

**खरसौदकलां।** भाटपचलाना पुलिस को अवैध तरीके से मादक पदार्थ तस्करी के मामले में शुक्रवार को खरसौदकलां मे एक व्यक्ति को पकड़ने में सफलता मिली है। बदमाश के पास से तलाशी के दौरान 1 किलो 840 ग्राम गांजा मिला है। थाना प्रभारी सत्येंद्रसिंह चौधरी ने बताया की मुखबिर से सूचना मिली की खरसौदकलां बड़नगर रोड पर झाबरी पुलिया के पास एक व्यक्ति मादक पदार्थ सप्लाई करने के लिए निकला है ।पुलिस टीम ने तत्काल सूचना को मुख्य आधार बनाकर बताए हुलिए के मुताबिक पुलिया के पास खेड़े व्यक्ति को पकड़ा। पुछताछ में बदमाश ने मण्डी गेट खरसोदकला निवासी महेश पिता अमरसिंह भिलवाड़ा होना बताया।बाइक पर टंगे झोले में तलाशी के दौरान गांजा मिला।मादक पदार्थ का वजन 1किलो 840ग्राम पाया गया। जिसकी बाजार किमत 18000हजार है। पुलिस ने आरोपी के साथ बाइक को भी जब्ती मे ली है। जिसकी बाजार कीमत 50हजार है। आरोपी युवक महेश से मादक पदार्थ सप्लाई चैन के संबंधित पुछताछ की जा रही है। वर्तमान में युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है।

## महिदपुर में गेहूं ऊंचे में 3017 रुपए बिका

**महिदपुर।** कृषि उपज मंडी महिदपुर में शनिवार से गेहूं की आवक बढ़ने लगी है। वहीं किसानों को भाव भी ऊंचे में 3017 रुपए तक मिल रहे हैं। शनिवार को मंडी में लगभग 8000 बोरी की आवक रही जिसमें गेहूं ऊंचे में भाव 3017 एवं न्यूनतम 2050 रहे। सोयाबीन की 200 बोरी की आवक रही। वही भाव अधिकतम 5705 एवं न्यूनतम में 5150 रहे।

## पवन शर्मा बने भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष



**सारंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता पवन शर्मा को प्रदेश युवा मोर्चा में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें भाजपा युवा मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष पद नियुक्ति प्रदान की है। इनकी नियुक्ति पर नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, बाबू अहिरवार, राकेश पुष्पद, गोपाल पाल, विकास दीक्षित आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

**सारंगपुर।** शहर के कीडी रोड क्षेत्र में शुक्रवार को एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार समीर पिता जमील अंसारी 25 वर्ष ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन तुरंत युवक को फंदे से नीचे उतारकर सिविल अस्पताल सारंगपुर ले गए। जहां अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद समीर को मृत घोषित कर दिया। युवक की अचानक मौत से परिवार गहरे सदमे में है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## शाकिर मंसूरी बने अंजुमन कमेटी के सदर



**सारंगपुर।** पाडल्या अंजुमन कमेटी के चुनाव चयन में शाकिर मंसूरी अगवान (अमीर साहब) को सर्वसम्मति से अंजुमन कमेटी का सदर (अध्यक्ष) चुना गया। वही नायब सदर राजा भाई पठान, सेकेट्री अशफाक मंसूरी (चौहान) को मनाया गया। इस मौके पर कमेटी के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया और भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में कमेटी समाजिक और धार्मिक कार्यों को और बेहतर तरीके से आगे बढाएगी। नवनिर्वाचित सदर शाकिर मंसूरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे कमेटी के उद्देश्यों को प्राथमिकता देंगे और समाज की एकता, शिक्षा तथा विकास के लिए काम करेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सभी सदस्यों को साथ लेकर पारदर्शिता और सहयोग के साथ कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और सभी ने नई टीम को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर हाजी शफीक मोहम्मद, हाजी बाबू मंसूरी, हाजी फकीर मोहम्मद सेठ, हाजी मंगी पठान, हाजी हुसैन शाह, चांद खां नायता, अब्दुल जब्बार शीशगर, मुंशी पठान, सुबराती गौरी, रियाज मंसूरी, आमीन मंसूरी, शोकत मंसुरी, सुलेमान पठान, अरमान नायता, सरफराज, इल्यास मंसूरी, अरमान गौरी,साईद मंसूरी, हलीम मंसूरी, हाफिज पठान,अकरम मंसूरी, इंजमाम मंसूरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एक बार फिर सिनेमाघरों में आने वाली है अनुराग कश्यप की 'देव डी'



डायरेक्टर अनुराग कश्यप की क्लासिक फिल्म देव डी फिल्म एक बार सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। इस फिल्म में अभय देओल, कल्कि कोचलिन और माही गिल लीड रोल में नजर आए थे। फिल्म को अनुराग कश्यप को डायरेक्ट किया है। फिल्म वापस रिलीज होने के बाद से ही फैंस में एक्साइटमेंट होगी।

## कब रिलीज होगी फिल्म

साल 2009 में रिलीज हुई यह कल्ट क्लासिक फिल्म अब 24 अप्रैल को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। पीवीआर आईनोक्स ने इस री-रिलीज की घोषणा की है और इसे स्टार स्टूडियो18 के साथ मिलकर रिलीज किया जाएगा।

यह फिल्म मशहूर लेखक शरत चंद्र चट्टोपाध्याय के क्लासिक उपन्यास देवदास का एक मॉडर्न वर्जन है, जिसे आज के दौर के हिसाब से दिखाया गया था। फिल्म की कहानी पंजाब और दिल्ली की बैकग्राउंड में सेट है और इसमें अभय देओल, माही गिल और कल्कि कोचलिन ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं।

## फिल्म की कहानी के बारे में

कहानी एक ऐसे लड़के की है जो अपने बचपन के प्यार से बिछड़ने के बाद धीरे-धीरे शराब और नशे की लत में डूब जाता है। अपने अलग अंदाज, म्यूजिक और बोल्ड स्टोरीटेलिंग की वजह से ह्यदेव डीह्व ने रिलीज के समय काफी चर्चा बटोरी थी और आज भी इसे एक अलग तरह की फिल्म माना जाता है।

अब 16 साल बाद फिल्म को फिर से थिएटर में रिलीज किया जा रहा है, ताकि नई जनरेशन भी इस खास फिल्म को बड़े पर्दे पर अनुभव कर सके और पुराने फैंस एक बार फिर इसकी यादें ताजा कर सकें।

अदिवि शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप की अदाकारी से सजी अपकमिंग फिल्म 'डकैत' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर काफी दमदार है। जानिए इसमें क्या खास है?

# 'डकैत' में एक्शन अवतार में दिखीं मृणाल ठाकुर

## अलग अंदाज में दिखे अनुराग कश्यप, रिलीज हुआ 'डकैत' का ट्रेलर

'डकैत' पहले 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी



अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की अपकमिंग फिल्म 'डकैत' की रिलीज का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले दर्शक इसके ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे। उनका यह इंतजार पूरा हो हुआ। 'डकैत' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। आइए जानते हैं ट्रेलर में क्या खास है?

### ट्रेलर में क्या है?

फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि हरि (अदिवि शेष) और जूलिएट (मृणाल ठाकुर) एक-दूसरे से शादी करना चाहते हैं। शादी के बाद वह एक बच्चा चाहते हैं और अपना परिवार बसाना चाहते हैं। इस बीच जूलिएट के साथ कुछ गलत हो जाता है। इसके बाद उनकी जिंदगी एकदम बदल जाती है।

### मिशन पर निकलते हैं हरि-जूलिएट

इसके बाद हरि पुलिस हिरासत में नजर आते हैं। कुछ दिनों बाद जब वह पुलिस हिरासत से छूट जाते हैं तो उन्हें जूलिएट ऐसी हालत में मिलती है कि उसे पैसों की जरूरत होती है। इसके बाद दोनों एक मिशन पर निकलते हैं। हरि अपने साथ हुए गलत काम का बदला लेते हैं।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

'डकैत' पहले 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। हालांकि अब इसकी रिलीज डेट बदल दी गई है। अब यह फिल्म 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### 'डकैत' की स्टार कास्ट

हिंदी और तेलुगु में एक साथ फिल्माई गई फिल्म 'डकैत' की कहानी और पटकथा आदिवी शेष और शेनिल देव ने मिलकर लिखी है। इन दोनों ने ही फिल्म का निर्देशन भी किया है। आदिवी शेष-मृणाल ठाकुर के अलावा इस फिल्म में अनुराग कश्यप, प्रकाश राज और अतुल कुलकर्णी भी अहम भूमिकाएं निभाएंगे।



# 'रामायण' फिल्म के रनटाइम को लेकर रणबीर कपूर ने किया बड़ा खुलासा

## 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' सीरीज से की तुलना



नितेश तिवारी की अपकमिंग फिल्म 'रामायण' का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में भगवान राम के रूप में रणबीर कपूर को दिखाया गया है। हाल ही में रणबीर कपूर ने फिल्म को लेकर बड़े खुलासे किए। साथ ही उन्होंने फिल्म की रनटाइम को लेकर भी बड़े स्टेटमेंट दिए हैं।

### रनटाइम को लेकर क्या बोले रणबीर कपूर

हाल ही में रणबीर ने बताया कि यह फिल्म दो पार्ट्स में रिलीज होगी और दोनों को मिलाकर इसका कुल रनटाइम करीब 6 घंटे का होगा। यानी हर पार्ट लगभग 3 घंटे के आसपास हो सकता है। उन्होंने इस प्रोजेक्ट को बेहद भव्य बताते हुए कहा कि यह किसी भी मायने में 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' से कम नहीं है। फिल्म में शानदार विजुअल्स, दमदार एक्शन और गहरी भावनाएं देखने को मिलेंगी। रणबीर के मुताबिक, 'रामायण' सिर्फ एक एंटरटेनमेंट फिल्म नहीं होगी, बल्कि यह अच्छाई की बुराई पर जीत की कहानी के साथ-साथ रिश्तों और जीवन के मूल्यों को भी खूबसूरती से पेश करेगी।

खास बात यह भी है कि फिल्म के दूसरे पार्ट की शूटिंग काफी हद तक पूरी हो चुकी है। भारी-भरकम बजट के साथ बनाई जा रही यह फिल्म एक ग्रैंड सिनेमैटिक अनुभव देने के लिए तैयार है, जिसे मेकर्स इंटरनेशनल स्तर पर पेश करने की योजना बना रहे हैं।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

'रामायण' का पहला पार्ट 2026 में दिवाली के मौके पर और दूसरा पार्ट 2027 में दिवाली के मौके पर रिलीज हो सकता है। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम के रोल में, यश रावण के रोल में, साई पल्लवी सीता के रोल में, सनी देओल भगवान हनुमान के रोल में और रवि दुबे लक्ष्मण के रोल में नजर आएंगे।




पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हरा दिया। सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 209 रन बनाए। जवाब में पंजाब की टीम ने 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 210 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

# पंजाब का आईपीएल में दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज 2022 के बाद चेन्नई लगातार दो ओपनिंग मैच हारी

**चेन्नई।** पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पांच विकेट से हराकर लगातार आईपीएल 2026 का दूसरा मुकाबला जीत लिया। वहीं, सीएसके लगातार दूसरे मैच में हार गई। शुक्रवार को चेपॉक में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई ने आयुष म्हात्रे (73) और शिवम दुबे (45*) की दमदार पारियों की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 209 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 210 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।



### पंजाब की शानदार जीत

आईपीएल इतिहास में यह पंजाब किंग्स का दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज रहा। इससे पहले टीम ने पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 262 रनों का लक्ष्य आसानी से हासिल किया था। वहीं, चेन्नई 2022 के बाद लगातार दूसरा ओपनिंग मैच हारी है।

### श्रेयस अय्यर ने खेली कप्तानी पारी

210 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की तरफ से कप्तान श्रेयस अय्यर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, प्रियांश आर्या ने 39 रनों की आतिशी पारी खेली। पंजाब की शुरूआत दमदार रही। प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 4.2 ओवर में 61 रन जोड़े। प्रियांश ने सिर्फ 11 गेंदों का सामना करते हुए 354 के स्ट्राइक रेट से 39 रन बनाए। उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान तीन चौके और चार छक्के लगाए। वहीं, प्रभसिमरन ने 34 गेंदों में 43 रन बनाए। कूपर कोनोली ने 22 गेंदों में छह चौकों की मदद से 36 रन बनाए। हालांकि, नेहल वढेरा ने अपने प्रदर्शन से निराश किया और वह 10 रन बनाकर मैट हेनरी का शिकार बने।

कप्तान श्रेयस अय्यर एक छोर संभालकर खड़े रहे और उन्होंने इस सीजन का पहला अर्धशतक लगाया। अय्यर 29 गेंदों में 50 रन बनाकर आउट हुए। अपनी इस पारी में अय्यर ने 4 चौके और 3 छक्के लगाए। अय्यर के आउट होने के बाद शशांक सिंह और मार्कस स्टोइनिस ने पंजाब किंग्स को कोई और झटका नहीं लगने दिया। शशांक छह गेंदों में 14 और स्टोइनिस तीन गेंदों में नौ रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को जीत दिलाकर लौटे। गेंदबाजी में चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से मैट हेनरी और अंशुल कंबोज ने दो-दो विकेट निकाले।

### आयुष-शिवम की दमदार बल्लेबाजी

इससे पहले टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 209 रन बनाए। संजू सैमसन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और महज सात रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, इसके बाद ऋतुराज गायकवाड़ और आयुष म्हात्रे ने दूसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़े। ऋतुराज 22 गेंदों में 28 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, आयुष ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 43 गेंदों में 73 रनों की दमदार पारी खेली। कार्तिक शर्मा ने एक बार फिर निराश किया और वह एक रन ही बना सके।

हालांकि, सरफराज खान शानदार लय में दिखाई दिए और उन्होंने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 12 गेंदों में 32 रनों की आतिशी पारी खेली। वहीं, अंत के ओवरों में शिवम दुबे ने सिर्फ 27 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 45 रन बनाए। दुबे ने अपनी पारी के दौरान पांच चौके और एक छक्का लगाया। गेंदबाजी में पंजाब किंग्स की ओर से विजयकुमार वैशाक ने सर्वाधिक दो विकेट चटकाए।

# श्रेयस की बड़ी चूक! बीसीसीआई ने ठोका 24 लाख जुर्माना! पूरी टीम को मिली सजा

**चेन्नई।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर लगातार दूसरे मैच में गलती करते हुए पाए गए हैं और उनपर बीसीसीआई का चाबुक चला है। पंजाब की टीम ने भले ही शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपना मैच जीत लिया हो, लेकिन कप्तान श्रेयस समेत पूरी टीम पर बीसीसीआई ने जुर्माना लगाया है। श्रेयस को लगातार दूसरी बार स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया। इससे पहले मंगलवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ भी पंजाब के कप्तान पर स्लो ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा था।

### श्रेयस दूसरी बार स्लो ओवर रेट के दोषी

दरअसल, चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पंजाब ने चेन्नई को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत जरूर दर्ज की, लेकिन टीम के कप्तान श्रेयस एक बार फिर विवादों में घिर गए। चेन्नई की पारी के दौरान श्रेयस की कप्तानी में पंजाब किंग्स की टीम निर्धारित समय में अपने ओवर पूरे नहीं कर पाई। यह इस सीजन में उनका दूसरा स्लो ओवर-रेट का मामला था। लगातार दूसरी गलती के चलते इस बार सजा और सख्त हो गई।



### तीसरी बार गलती पर क्या होगी सजा?

नियमों के मुताबिक, श्रेयस और उनकी टीम पंजाब से अगर इस सीजन में तीसरी बार में स्लो ओवर रेट हुआ, तो कप्तान पर 30 लाख रुपए जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं, इम्पैक्ट प्लेयर समेत प्लेइंग इलेवन के अन्य खिलाड़ियों पर 12-12 लाख रुपए या मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा। कप्तान पर बैन का प्रावधान हटा दिया गया है।

### स्कैन के लिए पैट कमिंस ऑस्ट्रेलिया लौटे

**चेन्नई।** सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस आईपीएल 2026 के बीच टीम कैंप छोड़कर अपने देश ऑस्ट्रेलिया लौट गए हैं। वह पीठ का अंतिम स्कैन कराने गए हैं। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, यह स्कैन पहले से तय था और इसे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की निगरानी में किया जाएगा।

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### लड़कियों की मारपीट का वीडियो वायरल, युवती को युवकों के साथ मिलकर बेरहमी से पीटा



**इंदौर।** लड़कियों के बीच मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक गार्डन के अंदर और सड़क पर कुछ लड़कियां एक युवक के साथ मिलकर एक युवती के साथ मारपीट करती नजर आ रही हैं। यह वीडियो हीरानगर इलाके का बताया जा रहा है। विवाद की वजह छेड़छाड़ और आपत्तिजनक कमेंट है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ लड़कियां पीड़ित युवती को घेरकर उसे बेरहमी से पीट रही हैं। इस दौरान मौके पर मौजूद साथियों ने पूरी घटना का वीडियो भी बना लिया, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। मामले को लेकर टीआई सुशील पटेल ने बताया कि वीडियो उनके संज्ञान में आया है। फिलहाल इस संबंध में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस वीडियो की जांच कर रही है और यदि कोई पीड़ित सामने आता है या शिकायत मिलती है, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मारपीट करने वाले युवकों की भी वीडियो के आधार पर पहचान कराई जा रही है। बाणेश्वरी कुंड का इसी तरह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें कुछ युवकों द्वारा एक युवक और युवती की पिटाई की जा रही थी। यह मारपीट का वीडियो सोमवार का बताया गया था, जिसे बाद में वायरल किया गया। पुलिस ने वीडियो के आधार पर मारपीट करने वाले युवकों की पहचान कर ली है और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### कटाई कर फसल ले जा रहे किसान को जान से मारने की धमकी दी

**इंदौर।** खेत से गेहूं की कटाई कर तीन ट्रैक्टरों में भरकर फसल ले जा रहे किसान को उसके भाई और साथियों ने शुक्रवार को रोक लिया और विवाद करने लगे। आरोपियों ने उसे ट्रैक्टर नहीं ले जाने और जान से मारने की धमकी दी। मामले में किसान ने गांधी नगर थाने में केस दर्ज करवाया है। गांधी नगर पुलिस के मुताबिक आमोद पिता ओमप्रकाश साहू निवासी विष्णुपुरी कॉलोनी की शिकायत पर प्रमोद साहू, ऋषि साहू, सौरभ साहू, कपिल जाटव के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को घटना सुपरकॉरिडोर टीसीएस चौराहे के पास की बताई है। उन्होंने बताया कि खेत से गेहूं की फसल की कटाई कराई थी, जिसे वे तीन ट्रैक्टरों में भरकर इंदौर अनाज मंडी ले जा रहे थे तभी सुपर कॉरिडोर के पास भाई प्रमोद साहू और उसके साथ कपिल, ऋषि और उसका भाई सौरभ मिले और चारों ने मेरे गेहूं से भरे तीनों ट्रैक्टरों का रास्ता रोक लिया और गालीगलौज शुरू कर दी जब उन्हें मना किया तो विवाद हो गया। इसके बाद उन्होंने फरियादी को जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में फरियादी की शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है।

### भागीरथपुरा की महिला ने जीती जिंदगी की जंग, 72 दिन किया संघर्ष

**इंदौर।** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी ने 36 लोगों की जान ले ली। वहीं से एक 'चमत्कार' की कहानी सामने आई है। 67 वर्षीय पार्वती कोंडला ने न सिर्फ मौत को मात दी, बल्कि उस दुर्लभ जीबीएस (गिलियन-बैरे-सिंड्रोम) को भी हराया जिसने उनके शरीर को लकवाग्रस्त कर दिया था। 19.50 लाख का बिल, 72 दिनों का अस्पताल का संघर्ष और परिवार की अटूट श्रद्धा ने मिलकर यह नामुमकिन जीत हासिल की है। 28 दिसंबर को पार्वती पति भेरूलाल कोंडला को सामान्य उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। लगा कि मामूली इंफेक्शन है, लेकिन दूषित पानी में मौजूद कैम्पीलोबैक्टर जेजुनी बैक्टीरिया ने उनके नर्वस सिस्टम पर हमला कर दिया। उसी दिन उन्हें स्कीम 78 स्थित विवेक मेमोरियल अस्पताल में भर्ती किया। यहां उसकी हालत खराब होती गई और आईसीयू में रेफर करना पड़ा। जब हालत और खराब हुई तो 2 जनवरी को बॉम्बे हॉस्पिटल में रेफर किया। उन्हें जीबीएस सिंड्रोम हो गया था, जिसमें शरीर का इम्यून सिस्टम अपनी ही नसों को खत्म करने लगता है। देखते ही देखते शरीर का एक हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया और किडनियों ने काम करना बंद कर दिया। डॉक्टरों का कहना है कि जीबीएस सिंड्रोम के कारण लकवा भी हो सकता है। हालत बिगड़ने पर उन्हें शैल्बी से बॉम्बे हॉस्पिटल रैफर किया गया। डॉक्टरों ने कह दिया था कि बचने की उम्मीद सिर्फ 3-4% है। वे 16 दिन वेंटिलेटर और 22 दिन आईसीयू में रहीं। जब फेफड़ों ने साथ छोड़ दिया, तो डॉक्टरों ने गले में छेद (ट्रेकोस्टोमी) कर सांस लेने का रास्ता बनाया। 18 दिनों तक वे पूरी तरह बेहोश रहीं।

### चर्चित मर्डर केस में उद्योगपति हेमंत बरी, कोर्ट की टिप्पणी- सबूत नहीं

**इंदौर।** चर्चित ड्राइवर अपहरण-हत्या प्रकरण में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश भारतकुमार व्यास की कोर्ट ने उद्योगपति हेमंत नीमा, उनके पुत्र पीयूष नीमा समेत सभी 12 आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। अन्य आरोपियों में जगदीश, रितेश, राहुल, हरीश, सुरेंद्र सिंह, शेखर, लोकेश, मोहन, व्यापक और कुणाल शामिल हैं। बचाव पक्ष की ओर से सीनियर एडवोकेट अविनाश सिरपुरकर और उदयप्रताप सिंह ने पैरवी की। कोर्ट ने मामले में गवाहों के पक्षद्रोही (होस्टाइल) होने पर गंभीर टिप्पणी की है। अदालत ने एसपी इंदौर को निर्देश दिए हैं कि गवाहों के पलटने की वजह की जांच की जाए। कोर्ट ने एएसआई भागीरथ जाट, तहसीलदार रितेश जोशी, डॉ. संजय वाधवानी, डॉ. नीरज गुप्ता और डॉ. जिनेन्द्र कुमार सेठिया की भूमिका की भी जांच के आदेश दिए हैं। यह पता लगाया जाएगा कि गवाह स्वाभाविक रूप से मुकरे या किसी दबाव या लाभ के चलते उन्होंने न्याय प्रक्रिया में सहयोग नहीं किया। यह मामला 10 मार्च 2020 का है। महाराष्ट्र के धारफुले निवासी प्रमोद मतकर की हत्या कर शव सिमरोल क्षेत्र के भेरूघाट जंगल में फेंक दिया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई थी और शरीर पर मारपीट के निशान मिले थे। पुलिस जांच में सामने आया था कि प्रमोद मतकर पहले नीमा परिवार के यहां ड्राइवर था। आरोप था कि विवाद के बाद उसका अपहरण कर एक बंगले में ले जाकर क्रिकेट बैट से पीट-पीटकर हत्या की गई और शव जंगल में फेंक दिया गया। लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने साक्ष्यों को अपर्याप्त मानते हुए सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

### कई सीसीटीवी खंगालने के बाद पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य को पकड़ा

**इंदौर।** अन्नपूर्णा पुलिस ने अपने इलाके में हो रही चोरियों का खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य को पकड़ा है। आरोपी उत्तर प्रदेश से इंदौर आकर अपने साथियों के साथ चोरी की वारदात करता था। आरोपी से उसके साथियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। डीसीपी आनंद कल्याणदगी की टीम ने उत्तर प्रदेश के शाहनवाज खान को पकड़ा है। आरोपी ने अन्नपूर्णा इलाके में अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात की थी। पुलिस ने इस मामले में अभी तक दो चोरियों के बारे में उससे जानकारी ली है, जिनमें एक चोरी पान संचालक के यहां हुई थी। आरोपी ने अपने साथी के साथ यहां से करीब 25 तोला सोना चुराया था। हालांकि, पुलिस शाहनवाज से अभी पूछताछ कर रही है।

---

कांग्रेस ने 3 और 4 नंबर विधानसभा में टीम घोषित की, महिलाओं को भी मौका, नई टीम के साथ 13 अप्रैल को बड़ा प्रदर्शन

# इंदौर कांग्रेस में नियुक्तियां, 21 वार्डों में प्रभारी-अध्यक्ष बनाए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने के लिए शुक्रवार देर रात 3 नंबर और 4 नंबर विधानसभा के 21 वार्डों के प्रभारियों और वार्ड अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है।

जारी सूची में 4 नंबर विधानसभा के वार्डों में महिला प्रभारियों को भी मौका दिया गया है, जबकि 3 नंबर विधानसभा में महिला प्रभारी की घोषणा अभी बाकी है। इससे पहले तीन विधानसभाओं की सूची जारी हो चुकी थी।

नई सूची में 3 नंबर विधानसभा के 10 वार्ड और 4 नंबर विधानसभा के कई वार्ड शामिल हैं, जहां अध्यक्ष और प्रभारियों की



नियुक्ति की गई है। पार्टी नेताओं का कहना है कि जल्द ही बाकी वार्डों की सूची भी जारी की जाएगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने संकेत दिए हैं कि जल्द ही ब्लॉक कार्यकारिणी की सूची भी घोषित की जाएगी, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी।

### 13 अप्रैल को बिजली मुद्दे पर प्रदर्शन

इधर, बढ़ते बिजली बिल, अघोषित कटौती और खराब व्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस 13 अप्रैल को शहर के सभी 22 विद्युत जोन पर प्रदर्शन करेगी। इस प्रदर्शन में ब्लॉक, मंडलम और शहर स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे। शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे सहित वरिष्ठ नेता किसी एक स्थान पर शामिल होंगे। शहर कांग्रेस द्वारा घोषित कार्यकारिणी सदस्यों को मल्हार गार्डन में नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में सज्जन सिंह वर्मा भी मौजूद रहेंगे।

**इन वार्डों में हुई नियुक्तियां-** 3 नंबर विधानसभा के तहत वार्ड 55 से 64 तक प्रभारियों और अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इनमें निलेश वेद, अंशुल मांडलिक (वार्ड 55), अधिकेश जाधव, उल्लास निजामपुरकर (56), देवेंद्र जोशी, दिनेश धीमान (57), आशिक कुरैशी, सुरेंद्र गरुड़ (58), युवराज, अमजद खान (59), रेहान अंसारी, अब्दुल जब्बार (60), अमूल वर्मा, जयराज प्रधान (61), दिनेश सिलावट (अध्यक्ष), कृष्णकांत सोपजी (62), अंकित पंवार, ललित सेठिया (63) और रवि यादव, मोनेश जायसवाल (64) शामिल हैं। वहीं 4 नंबर विधानसभा के वार्ड 67 से 73 और 82 से 85 तक नियुक्तियां की गई हैं। इनमें मुकेश बड़के, शैलेष लोधी, सीमा यादव (67), नौशाद, हाजी जावेद शेख, सिमरन अयाज बेग (68), सुनील सोलंकी, मधुकर गुप्ता, राधा राजोरिया (69), विजय थलौरे, महेश ओटकर, रिचा शर्मा (70), जगदीपेन्द्र यादव, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, दीपा मिश्रा (71), प्रवीण पाटनी, नितिन जोशी, वतता मूंगे (72), गणेश हटकर, हमजा हमदानी, शाहीन फातिमा (73), संकेत अंभोरे, ईशान गुप्ता, सोनाली सोनार (82), संजय मालवीय, विकास जोशी, सरिता काला (83), प्रज्ञा शुक्ला, जीतू शिंदेल, आशा पंचोले (84) और नरेंद्र सिंह सोलंकी, बिल्टोश विश्वकर्मा, मिथिलेश पाल (85) को अध्यक्ष, प्रभारी और महिला प्रभारी बनाया गया है।

---

ऑनलाइन शॉपिंग एक बिजनेसमैन को भारी पड़ा, 899 रुपए का बॉडी मसाजर ऑर्डर करने के चक्कर में

# बदमाशों ने 5 लाख 41 हजार रुपए ठग लिए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

ऑनलाइन शॉपिंग एक बिजनेसमैन को भारी पड़ गई। 899 रुपए का बॉडी मसाजर ऑर्डर करने के चक्कर में बदमाशों ने उनसे 5 लाख 41 हजार रुपए ठग लिए। शिकायत के बाद पलासिया पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक पलासिया क्षेत्र के निवासी सार्थक (बिजनेसमैन) ने गूगल पर 899 रुपए का बॉडी मसाजर देखा और वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पेमेंट कर दिया। कुछ समय बाद उन्हें कॉल आया, जिसमें कहा गया कि ट्रांजेक्शन फेल हो गया है और दोबारा पेमेंट करना होगा। जैसे ही उन्होंने



दोबारा भुगतान किया, खाते से 20 हजार रुपए कट गए।

**खातों को किया ब्लॉक-** एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि पुलिस ने जिन बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर हुए, उन्हें ब्लॉक करा दिया है और उनकी डिटेल खंगाली जा रही है।

### प्रोसेस के नाम पर ठगी

इसके बाद ठगों ने अलग-अलग कारण बताकर 10-11 बार ट्रांजेक्शन करवाए। हर बार प्रोसेस या फेल ट्रांजेक्शन का बहाना बनाकर पैसे निकलवाए गए। इस तरह कुल 5.41 लाख रुपए खाते से निकाल लिए गए। लगातार पैसे कटने के बाद बिजनेसमैन को ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**गूगल सर्च से रहें सावधान-** पुलिस के अनुसार कई साइबर ठग एसईओ के जरिए अपने नंबर और फर्जी वेबसाइट्स को गूगल पर ऊपर दिखाते हैं। लोग उन्हीं पर भरोसा कर लेते हैं और ठगी का शिकार हो जाते हैं।

---

## कंजर डेरों पर पुलिस की बड़ी दबिश, 20 संदिग्ध वाहन जब्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

पुलिस ने वाहन चोरी और संदिग्ध गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए देवास जिले के धानी घाटी में कंजर डेरों पर दबिश दी है, इस संयुक्त कार्रवाई में बाणगंगा, हीरानगर और तुकोगंज थाने की टीम शामिल रही, पुलिस ने मौके से 20 संदिग्ध वाहन जब्त किए हैं, वहीं दो संदेहियों को गिरफ्तार भी किया गया है।

दरअसल, इंदौर के बाणगंगा, हीरानगर और तुकोगंज थानों की संयुक्त टीम ने देवास जिले की धानी घाटी स्थित कंजर डेरों पर सर्च ऑपरेशन चलाया, इस कार्रवाई में 40 से अधिक पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया, पूरी कार्रवाई हीरानगर एसीपी के नेतृत्व में अंजाम दी गई, दबिश के दौरान पुलिस ने मौके से 20 संदिग्ध वाहनों को जब्त किया, जिनके दस्तावेजों की जांच की जा रही है, वहीं दो संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है, पुलिस को आशंका है कि यह गिरोह वाहन चोरी जैसी वारदातों में शामिल हो सकता है, फिलहाल पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है और आसपास के इलाकों में भी सर्चिंग तेज कर दी गई है, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा और अगर इन वाहनों का संबंध चोरी से पाया गया, तो संबंधित मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

## एयरपोर्ट से रिकॉर्ड 44.57 लाख यात्रियों ने भरी उड़ान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में नया कीर्तिमान बना दिया है। इस दौरान 44 लाख 57 हजार 659 यात्रियों ने हवाई सफर किया, जबकि कुल 32 हजार 575 उड़ानों का संचालन हुआ। यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले इस बार करीब 4 लाख यात्रियों की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जहां पहले यह आंकड़ा करीब 40 लाख था, वहीं अब यह 44.57 लाख तक पहुंच गया है। एयरपोर्ट प्रबंधन को उम्मीद है कि नए वित्तीय वर्ष में यह आंकड़ा 50 लाख के पार जाएगा।

एयरपोर्ट डायरेक्टर सुनील मग्गीरवार के मुताबिक अब एयरपोर्ट फिर से 24 घंटे खुल गया है। इससे नई एयरलाइंस और रात की फ्लाइट्स शुरू होंगी, जिससे यात्री संख्या में और इजाफा होगा।

नवंबर 2024 से रनवे रीकार्पेटिंग के चलते एयरपोर्ट रात 10.30 बजे से सुबह 6.30 बजे तक बंद रहता था। यानी रोजाना सिर्फ 16 घंटे ही उड़ानों का संचालन हो रहा था, इसके बावजूद यात्रियों और उड़ानों का रिकॉर्ड बनना खास माना जा रहा है। एयरपोर्ट प्रवक्ता रामस्वरूप यादव ने बताया कि मार्च में 2,815 उड़ानों के जरिए 3.82 लाख यात्रियों ने सफर किया। फरवरी के मुकाबले 173 उड़ानें और करीब 11 हजार यात्री ज्यादा रहे।

---

फेसबुक पर फ्रेंड बनी स्कॉटलैण्ड की महिला

## गिफ्ट भेजने के नाम पर रिटायर्ड अफसर से 10.43 लाख ठगे, क्राइम ब्रांच ने ब्लॉक किये खाते

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एक सीनियर सिटीजन को फेसबुक पर 'विदेशी महिला' से दोस्ती भारी पड़ गई। विदेशी महिला बनकर बात करने वाले साइबर ठगों ने गिफ्ट भेजने का झांसा देकर उनसे 10 लाख 43 हजार रुपए ठग लिए। मामले में एरोड्रम पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक ओम विहार कॉलोनी निवासी 67 वर्षीय अशोक कुमार (रिटायर्ड अधिकारी) को फेसबुक पर डॉ. लिसा डेविस नाम से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। खुद को स्कॉटलैंड का बताने वाली महिला से बातचीत बढ़ी और दोस्ती गहरी हो गई। कुछ समय बाद महिला ने विदेश से गिफ्ट भेजने की बात कही। इसके बाद पीड़ित के पास दिल्ली एयरपोर्ट से कथित



कस्टम अधिकारियों के फर्जी कॉल आने लगे। ठगों ने बताया कि पार्सल में डॉलर हैं, जिन्हें कन्वर्ट कराने के लिए प्रोसेसिंग फीस देनी होगी। अलग-अलग कारण बताकर आरोपी लगातार पैसे मांगते रहे और इस तरह 10.43 लाख रुपए ठग लिए। जब लगातार पैसे मांगे जाने लगे तो पीड़ित को शक हुआ और उन्होंने अपने बेटे को जानकारी दी। इसके बाद एरोड्रम थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने जिन खातों में रकम ट्रांसफर हुई, उन्हें ब्लॉक करा दिया है और आरोपियों की पहचान की जा रही है। जल्द गिरफ्तारी की बात कही जा रही है।

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

STAFF REQUIRED
SUNRISE COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES
Ingoriya, Ujjain–Badnagar Road
Qualified teaching staff required for BA, B.Com & B.Sc courses.
POSITIONS AVAILABLE:
• Principal
• Assistant Professor
• Lecturer
ELIGIBILITY:
PG, NET/SET, Ph.D (Preferred)
CONTACT (DIRECTOR):
8827448385

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पै. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नही चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

www.dantavali.com
JAYSHREE PHARMACEUTICALS
दंतावली
गम मसाज पाउडर
सिगरेट, बीड़ी तंबाखू एवं गुटखा के कारण होने वाली
दांत एवं मुँह की समस्या
से राहत में सहायक
Dantavali GUM MASSAGE POWDER
100% NATURAL PRODUCT
इन समस्याओं से राहत में सहायक
दांतों के दाग-धब्बे
दांतों की सड़न
मुँह का पूरा न खुलना
मुँह के छाले
मुँह की दुर्गंध
दांतों की झनझनाहट
गर्म एवं तीखा खाने में तकलीफ
ठंडा एवं खट्टा खानें में तकलीफ
स्टॉकिस्ट/अधिकृत विक्रेता बनने के लिए संपर्क : 77010-10250
Owned By PAGE PRASHANT AGARWAL GROUP OF ENTERPRISES | Powered By | Associated Brand AKSHOBH VEDA

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन – उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com